कार्यकर्ता 1 : बहुत सम्भव है कि वे हाथापाई कर बैठें। उनके हाथों पिटना किसे मंजूर होगा? फिर पुलिसवाले भी बैठे तमाशा न देखेंगे। उन्हें और भी भड़काते रहेंगे। पुलिस की शह पा कर ये नशे के बंदे जो कुछ न कर डालें, वह थोड़ा !

कार्यकर्ता 3 : ईंट का जवाब पत्थर से दे नहीं सकते और इस समुदाय पर विनती का कोई असर नहीं !

कार्यकर्ता 4 : मेरे विचार में तो इन जातों में पंचायतों को फिर सँभालना चाहिए। इधर हमारी लापरवाही से उनकी पंचायतें निर्जीव हो गयी हैं। इसके सिवा मुझे तो और कोई उपाय नहीं सूझता।

सभापति : हाँ, यह एक उपाय है। मैं इसे नोट किये लेता हूँ, पर धरना देना जरूरी है।

आँख पर काले रंग का बड़ा सा चश्मा चढ़ाये, काँधे पर पर्स लटकाए और एक हाथ में छतरी लिए मिसेज सक्सेना प्रवेश करती हैं. कमरे में उनके प्रवेश करते ही सबकी नजरें उनके ऊपर ठहर जाती हैं। सभी उन्हें बैठने के लिए सीट ऑफर करते हैं। सबको अनदेखा करते हुए वो एक जगह जाकर बैठ जाती हैं।

कार्यकर्ता 5 : उनके घरों पर जा कर समझाया जाय, तो अच्छा असर होगा।

सभापति : (सिर खुजलाते हुए) यह भी अच्छा उपाय है मगर धरने को हम लोग त्याग नहीं सकते।

मिसेज सक्सेना : शराब की दूकानों पर औरतें धरना दे सकती हैं?

कार्यकर्ताओं के बीच खुसुर–फुसुर शुरू हो जाती है।

सभापति : (सबको शांत करने के उद्देश्य से मेज थपथपाते हुए।) महात्मा जी ने तो यह काम औरतों ही को सुपुर्द करने पर जोर दिया है पर...

मिसेज सक्सेना : ... तो फिर मुझे इस काम पर भेज दीजिए।

कार्यकर्ता 5 : (अपने बगल में बैठे कार्यकर्ता 3 से) बला की निडर औरत है।

कार्यकर्ता 3 : (ईर्ष्यालु भाव से) हम लोगों को काँटों में घसीटना चाहती हैं, और कुछ नहीं। वह बेचारी क्या पिकेटिंग करेंगी। दूकान के सामने खड़ा तक तो हुआ न जायेगा।

सभापति : मैं आपके साहस और उत्सर्ग की प्रशंसा करता हूँ, लेकिन मेरे विचार में अभी इस शहर की दशा ऐसी नहीं है कि देवियाँ पिकेटिंग कर सकें। आपको खबर नहीं, नशेबाज कितने मुँहफट होते हैं। विनय तो वह जानते ही नहीं !

मिसेज सक्सेना : तो क्या आपका विचार है कि कोई ऐसा जमाना भी आयेगा, जब शराबी लोग विनय और शील के पुतले बन जायेंगे? यह दशा तो हमेशा ही रहेगी। आखिर महात्मा जी ने कुछ समझ कर ही तो औरतों को यह काम सौंपा है। मैं नहीं कह सकती कि मुझे कहाँ तक सफलता होगी पर इस कर्तव्य को टालने से काम न चलेगा।

सभापति : मैं तो आपको इस काम के लिए घसीटना उचित नहीं समझता, आगे आपको अख्तियार है।

मिसेज सक्सेना : मैं आपके पास फरियाद ले कर न आऊँगी कि मुझे फलाँ आदमी ने मारा या गाली दी। इतना जानती हूँ कि अगर मैं सफल हो गयी, तो ऐसी स्त्रियों की कमी न रहेगी जो इस काम को सोलहों आने अपने हाथ में न ले लें।

अब तक एकदम गंभीर भाव से चुपचाप एक तरफ बैठा जयराम बोलने की गरज से उठता है।

जयराम : मैं सभापति जी से निवेदन करूँगा कि मिसेज सक्सेना को यह काम दे कर आप हिंसा का सामना कर रहे हैं। इससे यह कहीं अच्छा है कि आप मुझे यह काम सौंपें।

मिसेज सक्सेना : (थोड़े गुस्से के साथ) आपके हाथों हिंसा होने का डर और भी ज्यादा है। भूल गए जब एक कड़ा व्याख्यान देने के लिए आपको जेल हो गया था. तब आपके सिर पर गृहस्थी का भार नहीं था।

जयराम : आप मेरी खातिर इस गंदे काम में हाथ न डालें। मुझे एक सप्ताह का अवसर दीजिए। अगर इस बीच में कहीं दंगा हो जाये, तो आपको मुझे निकाल देने का अधिकार होगा।

मिसेज सक्सेना : इस काम के लिए जिस धैर्य की आवश्यक्ता है वह आपमें नहीं है। आपने जेल में दारोगा को अपशब्द कहने पर चाँटा लगाया था और तब आपकी सजा तीन महीने और बढ़ गयी थी। मैं घमंड नहीं करती पर आपके सिर गृहस्थी का भार है।

जयराम : आप मेरे पिछले रेकार्ड पर फैसला कर रही हैं। आप भूल जाती हैं कि आदमी की अवस्था के साथ उसकी उद्दंडता घटती जाती है।

सभापति : मैं चाहता हूँ, महाशय जयराम इस काम को अपने हाथों में लें।

जयराम : मैं सच्चे हृदय से आपको धन्यवाद देता हूँ।

मिसेज सक्सेना : महाशय, जयराम, आपने मेरे साथ बड़ा अन्याय किया है और मैं इसे कभी क्षमा न करूँगी। आप लोगों ने इस बात का आज नया परिचय दे दिया कि पुरुषों के अधीन स्त्रियाँ अपने देश की सेवा भी नहीं कर सकतीं।

दृश्य परिवर्तन

ताड़ी–शराब बेचने की जगह नशेबाज दो–दो, तीन–तीन के गुट में बैठे नशा करे रहे हैं।

एक शराबी : भैया, जिंदगानी का भरोसा नहीं। हाँ, कोई भरोसा नहीं। मेरी बात मान लो, जिंदगानी का कोई भरोसा नहीं। बस यही खाना–खिलाना याद रह जायेगा। धन–दौलत, जगह–जमीन सब धरी रह जायेगी!

इतने में एक दूसरी जगह दो ताड़ी वाले आपस में बहस करने लग जाते है–

पहला : हम–तुम रिआया हैं भाई ! हमारी मजाल है कि सरकार के सामने सिर उठा सकें?अपने घर में बैठकर बादशाह को गालियाँ दे लो लेकिन मैदान में आना कठिन है।

दूसरा : कहाँ की बात करते हो भैया, सरकार तो बड़ी चीज है, लाल पगड़ी देख कर तो घर भाग जाते हो।''छोटा आदमी भर–पेट खाके बैठता है, तो समझता है, अब बादशाह हमीं हैं। लेकिन अपनी हैसियत को भूलना न चाहिए।

इतने में इन दोनों के बीच एक तीसरा शराबी आ टपकता है–

तीसरा : बहुत पक्की बात कहते हो खाँ साहब। अपनी असलियत पर डटे रहो। जो राजा है, वह राजा है, जो परजा है, वह परजा है। भला परजा कहीं राजा हो सकता है?

इसी बीच जयराम झंडा लिए कुछ कार्यकर्ताओं के साथ प्रवेश करता है।

जयराम : राम राम भाइयो, राम राम !

पाँच–छह खद्दरधारी मनुष्यों को देख कर सभी लोग उनकी ओर शंका और कुतूहल से ताकने लगते हैं। दूकानदार चुपके से अपने एक नौकर के कान में कुछ कहता है और नौकर दूकान से उतर कर चला जाता है।

जयराम : भाइयो, महात्मा गांधी का हुक्म है कि आप लोग ताड़ी–शराब न पियें। जो रुपये आप यहाँ उड़ा देते हैं, वह अगर अपने बाल–बच्चों को खिलाने–पिलाने में खर्च करें, तो कितनी अच्छी बात हो। जरा देर के नशे के लिए आप अपने बाल–बच्चों को भूखों मारते हैं। गंदे घरों में रहते हैं, महाजन की गालियाँ खाते हैं। सोचिए, इस रुपये से आप अपने प्यारे बच्चों को कितने आराम से रख सकते हैं !

बूढ़ा शराबी : भैया, है तो बुरी चीज, घर तबाह करके छोड़ देती है। मुदा इतनी उमिर पीते कट गयी, तो अब मरते दम क्या छोड़ें?

दूसरा शराबी : पक्की बात कहते हो चौधरी ! जब इतनी उमिर पीते कट गयी, तो अब मरते दम क्या छोड़ें?

जयराम : वाह चौधरी, यही तो उमिर है छोड़ने की। जवानी तो दीवानी होती है, उस वक्त सब कुछ मुआफ है।

एक अन्य शराबी : अगर पीना बुरा है, तो अँगरेज क्यों पीते हैं?

जयराम : यह तुमने बहुत अच्छा सवाल पूछा भाई। अँगरेजों के बाप–दादा अभी डेढ़–दो सौ साल पहले लुटेरे थे। हमारे–तुम्हारे बाप–दादा ऋषि–मुनि थे। लुटेरों की संतान पिये, तो पीने दो। उनके पास न कोई धर्म है, न नीति लेकिन ऋषियों की संतान उनकी नकल क्यों करे। हम और तुम उन महात्माओं की संतान हैं, जिन्होंने दुनिया को सिखाया, जिन्होंने दुनिया को आदमी बनाया। हम अपना धर्म छोड़ बैठे, उसी का फल है कि आज हम गुलाम हैं। लेकिन अब हमने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का फैसला कर लिया है और...

इसी बीच थानेदार और कुछ कांस्टेबल का प्रवेश–

थानेदार : यह लोग तुमको धमका रहे हैं?

चौधरी : (खड़े होकर) नहीं हुजूर, यह तो हमें समझा रहे हैं। कैसे प्रेम से समझा रहे हैं कि वाह !

थानेदार : (जयराम से)अगर यहाँ फिसाद हो जाये, तो आप जिम्मेदार होंगे?

जयराम : मैं उस वक्त तक जिम्मेदार हूँ, जब तक आप न रहें।

थानेदार : आपका मतलब है कि मैं फिसाद कराने आया हूँ?

जयराम : मैं यह नहीं कहता, लेकिन आप आये हैं, तो अँगरेजी साम्राज्य की अतुल शक्ति का परिचय जरूर ही दीजिएगा। जनता में उत्तेजना फैलेगी। तब आप पिल पड़ेंगे और दस–बीस आदमियों को मार गिरायेंगे। वही सब जगह होता है और यहाँ भी होगा।

थानेदार : (ओंठ चबाकर) मैं आपसे कहता हूँ, यहाँ से चले जाइए, वरना मुझे जाबते की कार्रवाई करनी पड़ेगी।

जयराम : और मैं आपसे कहता हूँ कि आप मुझे अपना काम करने दीजिए। मेरे बहुत–से भाई यहाँ जमा हैं और मुझे उनसे बातचीत करने का उतना ही हक है जितना आपको।

थानेदार दुकान के पास जाता है और कुर्सी पर पैर रखते हुए दुकानदार से : ये लोग तो माननेवाले नहीं हैं !

दुकानदार : हुजूर, मेरी तो बधिया बैठ जायेगी।

थानेदार : दो–चार गुंडे बुला कर भगा क्यों नहीं देते? मैं कुछ न बोलूँगा। हाँ, जरा एक बोतल अच्छी–सी भेज देना। कल न जाने क्या भेज दिया, कुछ मजा ही नहीं आया।

थानेदार चला जाता है.

चौधरी : (अपने साथी से)देखा कल्लू, थानेदार कितना बिगड़ रहा था? सरकार चाहती है कि हम लोग खूब शराब पीयें और कोई हमें समझाने न पाये। शराब का पैसा भी तो सरकार ही में जाता है?

कल्लू : (दार्शनिक भाव से) हर एक बहाने से पैसा खींचते हैं सब !

चौधरी : तो फिर क्या सलाह है? है तो बुरी चीज।

कल्लू : बहुत बुरी चीज है भैया, महात्मा जी का हुक्म है, तो छोड़ ही देना चाहिए।

चौधरी : अच्छा तो यह लो, आज से अगर पिये तो दोगला। (यह कहते हुए चौधरी बोतल जयराम के पैरों में रख देता है.)

जयराम खुश होता है और जोर–जोर से तालियाँ बजाने लगता है. उसी वक्त दोनों ताड़ी पीनेवाले भी 'महात्मा जी की जय' बोलते हुए अपनी हाँड़ी जयराम के नजदीक रख देते हैं। एक स्वयंसेवक लपक कर फूलों की माला लाता है और चारों आदमियों के गले में डाल देता है।

मंच के दुसरे कोने में बैठे कुछ नशेबाज चारों आदमियों की तरफ उस दुर्बल भक्ति से ताक रहे थे। चौधरी जैसे घाघ पियक्कड़ को बोतल छोड़ते देख कर वे आश्चर्यचकित हो जाते हैं। एक मरियल दाढ़ीवाला आकर चौधरी की पीठ ठोंकता है।

चौधरी : (उसे पीछे ढकेलते हुए)पीठ क्या ठोंकते हो जी, जाकर अपनी बोतल पटक दो।

दाढ़ीवाला : आज और पी लेने दो चौधरी ! अल्लाह जानता है, कल से इधर भूल कर भी न आऊँगा।

चौधरी : जितनी बची हो, उसके पैसे हमसे ले लो। घर जा कर बच्चों को मिठाई खिला देना।

दाढ़ीवाला : (आवेश में आकर बोतल जयराम के पैरों में रख देती है।) लो, तुम भी क्या कहोगे? अब तो हुए खुश।

चौधरी : अब तो न पीयोगे कभी?

दाढ़ीवाला : अगर तुम न पीयोगे, तो मैं भी न पीऊँगा। जिस दिन तुमने पी, उसी दिन फिर शुरू कर दी।

(जयराम कोने में निर्लज्जता से बैठे अन्य नशेबाजों के पास समझाने के उद्देश्य से जाता है.)

जयराम : भाइयो, आपके पाँच भाइयों ने अभी आपके सामने अपनी–अपनी बोतल पटक दी। क्या आप उन लोगों को बाजी जीत ले जाने देंगे?

(जयराम को जवाब देने के लिए एक खानसामा उठता है.)

खानसामा : हम पीते हैं तुमसे मतलब? तुमसे भीख माँगने तो नहीं जाते?

जयराम : अगर मैं अपने घर में आग लगाऊँ तो उसे देख कर क्या आप मेरा हाथ न पकड़ लेंगे? मुझे तो इसमें रत्ती भर संदेह नहीं है कि आप मेरा हाथ ही न पकड़ लेंगे बल्कि मुझे वहाँ से जबरदस्ती खींच ले जायेंगे।

चौधरी : (खानसामे से)अब इसी बात पर बोतल पटक दो।

खानसामा : बोतल क्यों पटक दूँ, पैसे नहीं दिये हैं?

चौधरी : (जयराम से) इन्हें छोड़िए बाबू जी, यह लोग इस तरह माननेवाले असामी नहीं हैं। आप इनके सामने जान भी दे दें तो भी शराब न छोड़ेंगे। हाँ, पुलिस की एक घुड़की पा जायें तो फिर कभी इधर भूल कर भी न आयें।

खानसामा : (चौधरी से) तुमसे क्या मतलब है जी, क्यों बीच में कूदे पड़ते हो? मैं तो बाबू जी से बात कर रहा हूँ। तुम कौन होते हो बीच में बोलनेवाले? मैं तुम्हारी तरह नहीं हूँ कि बोतल पटक कर वाह–वाह कराऊँ। कल फिर मुँह में कालिख लगाऊँ, घर पर मँगवा कर पीऊँ? जब यहाँ छोड़ेंगे, तो सच्चे दिल से छोड़ेंगे। फिर कोई लाख रुपये भी दे तो आँख उठा कर न देखें।

जयराम : मुझे आप लोगों से ऐसी ही आशा है।

चौधरी : (खानसामें से कटाक्ष करते हुए)–क्या समझते हो, मैं कल फिर पीने आऊँगा?

खानसामा : (थोड़ी उद्दंडता के साथ)हाँ–हाँ, कहता हूँ तुम आओगे और बद कर आओगे। कहो, पक्के कागज पर लिख दूँ।

चौधरी : अच्छा भाई, तुम बड़े धरमात्मा हो, मैं पापी सही। तुम छोड़ोगे तो जिंदगी भर के लिए छोड़ोगे, मैं आज छोड़ कर कल फिर पीने लगूँगा, यही सही। मेरी एक बात गाँठ बाँध लो। तुम उस बखत छोड़ोगे, जब जिंदगी तुम्हारा साथ छोड़ देगी। इसके पहले तुम नहीं छोड़ सकते।

खानसामा : तुम मेरे दिल का हाल क्या जानते हो?

चौधरी : जानता हूँ, तुम्हारे जैसे सैकड़ों आदमी को भुगत चुका हूँ।

खानसामा : तो तुमने ऐसे–वैसे बेशर्मों को देखा होगा। हयादार आदमियों को न देखा होगा।

(यह कहते हुए वह भी अपनी बोतल पास में रखे हुए अन्य बोतलों के पास जमीन पर रख देता है–)

खानसामा : अब अगर तुम इस दूकान पर देखना, तो मुँह में कालिख लगा देना।

(चारों तरफ तालियाँ बजने लगती हैं।)

(इस घटना को होते देख ठीकेदार दूकान के नीचे उतर आता है।)

ठीकेदार : तुम लोग अपनी–अपनी दूकान पर क्यों नहीं जाते जी? मैं तो किसी की दूकान पर नहीं जाता?

(कार्यताओं में से एक जवाब देता है.)

कार्यकर्ता : खड़े हैं, तो तुमसे मतलब? सड़क तुम्हारी नहीं है? तुम गरीबों को लूटे जाओ। किसी के बाल–बच्चे भूखों मरें तुम्हारा क्या बिगड़ता है। (दूसरे शराबियों से) क्या यारो, अब भी पीते जाओगे ! जानते हो, यह किसका हुक्म है? अरे कुछ भी तो शर्म करो.

जयराम : (वहां खड़े भीड़ से) आप लोग यहाँ भीड़ न लगायें और न किसी को भला–बुरा कहें!

एक तरफ बहस का सिलसिला शुरू हो जाता है। दूसरी तरफ अभी भी कुछ आदमी बे–गम बैठे हुए कुल्हड़ पर कुल्हड़ चढ़ा रहे है। इतने में मंच पर एक मनचले आदमी का प्रवेश होता है। जिसे देखकर ही पता चलता है कि वह नशे में धुत है. वह बहस कर रहे भीड़ के पास पहुँचता है और बात समझने का असफल प्रयास करता है। उसकी नजर जयराम के पैरों के पास जमीन पर रखे शराब की बोतलों और कुल्हड़ पर पड़ती है। वह सबको अनदेखा करते हुए सीधे जयराम के पास पहुँचता है और शराब की एक बोतल उठाता है. बोतल उठाते ही सबका ध्यान उसके ऊपर चला जाता है। वह शराब पीने की कोशिश करता है। जिसपर कुछ शराबी उससे बोतल छिनने लगते हैं। नोंकझोंक बढ़ने लगती है जिससे अन्य शराबी भी जुड़ जाते है और उसे मारने लगते हैं। उसे बचाने की चेष्टा से जयराम उसकी तरफ लपकता है। इस बीच वह शराबी तो बचकर बाहर निकल जाता है लेकिन जयराम अंदर फंस जाता है और उस शराबी की जगह वही पिटा जाता है। इसी बीच उसके सिर पर कोई डंडे से वार कर देता है। डंडे का वार पड़ते ही भीड़ छट जाती है और मंच पर बेहोश पड़ा जयराम रह जाता है।

फेड आउट

दृश्य परिवर्तन

फेड इन

जयराम का घर. उसके सिर पर पट्टी लगी है और वह बिस्तर पर लेटा है। विंग से दरवाजे के खटखटाने की आवाज आती है। जयराम की स्त्री विंग के पास जाती है और मिसेज सक्सेना को साथ लिए आती है। जयराम लेटे–लेटे अपनी स्त्री को आवाज लगता है–

जयराम : (स्त्री से) कौन आया है चम्मू!

चम्मू : (मिसेज सक्सेना को साथ लिए आती है और जयराम के सामने लगे खाट पर बैठाते हुए कहती है) आपसे मिलने ये आयी हैं

मिसेज सक्सेना को देखकर जयराम उठ बैठता है

मिसेज सक्सेना : आपको बड़ी चोट आयी। इसका सारा दोष मुझ पर है।

जयराम : चोट तो ऐसी ज्यादा न थी, इन लोगों ने बरबस पट्टी–सट्टी बाँध कर जख्मी बना दिया।

मिसेज सक्सेना : मुझे आपको न जाने देना चाहिए था।

जयराम : आपका वहाँ जाना उचित न था। मैं आपसे अब भी यही अनुरोध करूँगा कि उस तरफ न जाइएगा।

मिसेज सक्सेना : वाह ! मुझे आज से वहाँ पिकेट करने की आज्ञा मिल गयी है।

जयराम : आप मेरी इतनी विनय मान जाइएगा। शोहदों के लिए आवाज कसना बिलकुल मामूली बात है।

मिसेज सक्सेना : मैं आवाजों की परवाह नहीं करती !

जयराम : तो फिर मैं भी आपके साथ चलूँगा।

मिसेज सक्सेना : आप इस हालत में?

जयराम : मैं बिलकुल अच्छा हूँ, सच !

मिसेज सक्सेना : यह नहीं हो सकता। जब तक डाक्टर यह न कह देगा कि अब आप वहाँ जाने के योग्य हैं, आपको न जाने दूँगी। किसी तरह नहीं।

जयराम : तो मैं भी आपको न जाने दूँगा।

मिसेज सक्सेना : आप भी अन्य पुरुषों ही की भाँति स्वार्थ के पुतले हैं। सदा यश खुद लूटना चाहते हैं, औरतों को कोई मौका नहीं देना चाहते। कम से कम यह तो देख लीजिए कि मैं भी कुछ कर सकती हूँ या नहीं।

जयराम : जैसी आपकी इच्छा।

फेड आउट

कहीं दूर से किसी जुलुस का शोर सुनाई देता है। पार्श्व में 'वन्दे मातरम' का गाना बजता है. जो दूर से पास आने का आभास देता है।

फेड इन

जयराम आँखें बंद किये चारपाई पर पड़ा है। शोर सुन कर चौंक जाता है और अपनी स्त्री से पूछता है–

जयराम : यह कैसा शोर है?

चम्मू मंच के आगे आती है और खिड़की से बाहर देखने का अभिनय करती है।

चम्मू : वह औरत, जो कल आयी थी झंडा लिये कई आदमियों के साथ जा रही है। इसे शर्म भी नहीं आती।

(गाने का अवाज और बढ़ता जाता है जैसे जुलुस बिलकुल पास आ गया हो और फिर धीमा होने लगता है जैसे दूर जा रहा हो।)

जयराम : (विचारों में डूबा एकाएक छड़ी के सहारे उठ खड़ा होता है। लंगड़ाते हुए बाहर जाने के लिए आगे बढ़ता है।) मैं भी वहीं जाता हूँ।

चम्मू : (उसका हाथ पकड़ते हुए) अभी कल मार खा कर आये हो, आज फिर जाने की सूझी!

जयराम : (हाथ छुड़ाते हुए) तुम उसे मार कहती हो, मैं उसे उपहार समझता हूँ।

चम्मू : (उसका रास्ता रोकते हुए) कहती हूँ, तुम्हारा जी अच्छा नहीं है, मत जाओ, क्यों मेरी जान के ग्राहक हुए हो? उसकी देह में हीरे नहीं जड़े हैं, जो वहाँ कोई नोच लेगा।

जयराम : (मिन्नत करता है) मेरी तबीयत बिलकुल अच्छी है चम्मू ! अगर कुछ कसर है तो वह भी मिट जायेगी। भला सोचो, यह कैसे मुमकिन है कि एक देवी उन शोहदों के बीच में पिकेटिंग करने जाय और मैं बैठा रहूँ। मेरा वहाँ रहना जरूरी है। अगर कोई बात आ पड़ी, तो कम से कम मैं लोगों को समझा तो सकूँगा।

चम्मू : क्यों नहीं कहते कि कोई और ही चीज खींचे लिये जाती है!

जयराम : यह बात तुम्हारे दिल से नहीं, कंठ से निकल रही है। (छड़ी के सहारे लंगड़ाते हुए निकल जाता है। विंग के पास जाकर रुकता है) शहर में तीन लाख से कुछ ही कम आदमी हैं, कमेटी में भी तीस मेम्बर हैं, मगर सब के सब जी चुरा रहे हैं। लोगों को अच्छा बहाना मिल गया कि शराबखानों पर धरना देने के लिए स्त्रियों ही की ज़रूरत है? आखिर क्यों स्त्रियों ही को इस काम के लिए उपयुक्त समझा जाता है? इसीलिए कि मरदों के सिर भूत सवार हो जाता है और जहाँ नम्रता से काम लेना चाहिए, वहाँ लोग उग्रता से काम लेने लगते हैं। वे देवियाँ क्या इसी योग्य हैं कि शोहदों के फिकरे सुनें और उनकी कुदृष्टि का निशाना बनें? कम से कम मैं यह नहीं देख सकता।

फेड आउट

दृश्य परिवर्तन

फेड इन

जयराम मंच के एक भाग में एक छोटी सी दूकान के आगे स्टूल पर बैठा है। दुकानदार उसे लेमनेड का एक गिलास देते हुए कहता है–

दुकानदार : बाबू जी, कलवाले चारों बदमाश आज फिर आये हुए हैं। आपने न बचाया होता तो आज शराब या ताड़ी की जगह हल्दी–गुड़ पीते होते।

जयराम : (गिलास लेते हुए) तुम लोग बीच में न कूद पड़ते, तो मैंने उन सबों को ठीक कर लिया होता।

दुकानदार : (प्रतिवाद करते हुए) नहीं बाबू जी, वह सब छँटे हुए गुंडे हैं। मैं तो उन्हें अपनी दूकान के सामने खड़ा भी नहीं होने देता। चारों तीन–तीन साल काट आये हैं।

एक स्वयंसेवक भागते हुए उसके पास आता है और हांफते हुए उससे कुछ कहने का प्रयास करता है.

जयराम : (स्वयंसेवक से) कहो, वहाँ क्या हो रहा है?

स्वयंसेवक : (जैसे कुछ अनर्थ हो गया हो) कुछ नहीं, देवी जी आदमियों को समझा रही हैं।

जयराम : बस इतना ही ! इतना तो मैं जानता ही था।

स्वयंसेवक : देवियों का ऐसे शोहदों के सामने जाना अच्छा नहीं।

जयराम : (अधीर होकर)साफ–साफ क्यों नहीं कहते, क्या बात है?

स्वयंसेवक : सब के सब उनसे दिल्लगी कर रहे हैं। देवियों का यहाँ आना अच्छा नहीं।

जयराम बिना कुछ पूछे, बिना कुछ बोले गुस्से में अपना डंडा उठाकर एक विंग में घुस जाता है।

फेड आउट

फेड इन

जयराम दूसरे विंग से निकलता है और गुस्से से लाल–पिला शराबखाने के सामने जा पहुँचता है तथा मिसेज सक्सेना का हाथ पकड़ कर पीछे हटाता हुआ शराबियों से कहता है–

जयराम : अगर तुम लोगों ने देवियों के साथ जरा भी गुस्ताखी की, तो तुम्हारे हक में अच्छा न होगा। कल मैंने तुम लोगों की जान बचायी थी आज इसी डंडे से तुम्हारी खोपड़ी तोड़ कर रख दूँगा।

मिसेज सक्सेना : (आगे बढ़कर) आप यहाँ क्यों आये? मैंने तो आपसे कहा था, अपनी जगह से न हिलिएगा। मैंने तो आपसे मदद न माँगी थी?

जयराम : (झेंपते हुए) मैं इस नीयत से यहाँ नहीं आया था। एक ज़रूरत से इधर आ निकला था। यहाँ जमाव देख कर आ गया। मेरे खयाल में आप अब यहाँ से चलें। मैं आज कांग्रेस कमेटी में यह सवाल पेश करूँगा कि इस काम के लिए पुरुषों को भेजें।

मिसेज सक्सेना : आपके विचार में दुनिया के सारे काम मरदों के लिए हैं।

जयराम : मेरा यह मतलब न था।

मिसेज सक्सेना : तो आप जा कर आराम से लेटें और मुझे अपना काम करने दें।

(जयराम वहीं सिर झुकाये खड़ा रहता है।)

मिसेज सक्सेना : अब आप क्यों खड़े हैं?

जयराम : मैं भी यहीं एक किनारे खड़ा रहूँगा।

मिसेज सक्सेना : जी नहीं, आप जायें।

जयराम धीरे–धीरे लदी हुई गाड़ी की भाँति अपने छड़ी के सहारे उसी विंग में वापस चला जाता है।

फेड आउट

फेड इन

दूसरे विंग से निकलता है और उसी लेमनेड की दूकान पर बैठ जाता है। उसके हाथ में एक गिलास शर्बत है। वह विचारों में डूबा हुआ है। कुछ ही देर में एक स्वयंसेवक डरा हुआ–सा आ कर खड़ा हो जाता है। जयराम उदासीन बनने की चेष्टा करते हुए पूछता है–

जयराम : वहाँ क्या हो रहा है जी?

स्वयंसेवक : मैं कुछ नहीं जानता बाबू जी, मुझसे कुछ न पूछिए।

जयराम : फिर कोई छेड़छाड़ हुई?

स्वयंसेवक : जी नहीं, कोई छेड़छाड़ नहीं हुई। एक आदमी ने देवी जी को धक्का दे दिया, वे गिर पड़ीं।

जयराम : उनके साथ के स्वयंसेवक क्या कर रहे हैं?

स्वयंसेवक : खड़े हैं, देवीजी उन्हें बोलने ही नहीं देतीं।

जयराम : तो क्या बड़े जोर से धक्का दिया?

स्वयंसेवक : जी हाँ, गिर पड़ीं। घुटनों में चोट आ गयी। वे आदमी साथ पी रहे थे। जब एक बोतल उड़ गयी, तो उनमें से एक आदमी दूसरी बोतल लेने चला। देवी जी ने रास्ता रोक लिया। बस, उसने धक्का दे दिया। वही जो काला–काला मोटा सा आदमी है! कल वाले चारों आदमियों की शरारत है।

जयराम उन्माद की दशा में वहाँ से उठता है और उसी विंग में घुस जाता है।

फेड आउट

फेड इन

जयराम दूसरे विंग से निकलता है। मिसेज सक्सेना सिर पकड़े जमीन पर बैठी हुई हैं और वह काला मोटा आदमी दूकान के सामने खड़ा है। जयराम उसे देखते ही लपक कर उसकी गर्दन पकड़ लेता है। सहसा मिसेज सक्सेना आकर उसका हाथ पकड़ लेती हैं और भवें सिकोड़ कर कहती हैं–

मिसेज सक्सेना : छोड़ दो इसकी गर्दन! क्या इसकी जान ले लोगे?

जयराम : (और जोर से दबाते हुए) हाँ, ले लूँगा। ऐसे दुष्ट की यही सजा है।

मिसेज सक्सेना : आपको यहाँ आने का कोई अधिकार नहीं है।

एक स्वयंसेवक : ऐसा दबाओ बाबू जी, कि साला ठंडा हो जाये। इसने देवी जी को ऐसा ढकेला की बेचारी गिर पड़ीं। हमें तो बोलने का हुक्म नहीं है, नहीं तो हड्डी तोड़ कर रख देते।

जयराम शराबी की गर्दन छोड़ देता है। वह किसी बाज के चंगुल से छूटी हुई चिड़िया की तरह सहमा हुआ खड़ा हो जाता है। उसे एक धक्का देते हुए जयराम मिसेज सक्सेना से कहता है–

जयराम : आप यहाँ से चलतीं क्यों नहीं? आप जायें, मैं बैठता हूँ। अगर एक छटाँक शराब बिक जाय, तो मेरा कान पकड़ लीजियेगा।

मिसेज सक्सेना : आप कांग्रेस नहीं हैं कि मैं आपका हुक्म मानूँ। अगर आप यहाँ से न जायेंगे, तो मैं सत्याग्रह करूँगी। (एकाएक कठोर होकर)

मिसेज सक्सेना : जब तक कांग्रेस ने इस काम का भार मुझ पर रखा है, आपको मेरे बीच में बोलने का कोई हक नहीं है। आप मेरा अपमान कर रहे हैं। कांग्रेस कमेटी के सामने आपको इसका जवाब देना होगा।

जयराम तिलमिला उठता है। बिना कोई जवाब दिये जल्दी–जल्दी उसी विंग में घुस जाता है.

फेड आउट

फेड इन

जयराम दुसरे विंग से निकलता है। वह विचारों में मग्न धीरे–धीरे आगे बढ़ता है और फिर एक सिरे पर आकर रुक जाता है। मंच के दूसरे भाग में मिसेज सक्सेना शराबी को शराब की दुकान पर जाने से रोकने का प्रयास करती हैं। वह बार–बार मिसेज सक्सेना को हटाने का प्रयास करता है। एक धक्के में वह गिर पड़ती हैं और उनके सिर में चोट लग जाता है.(ये सब तुलनात्मक रूप से कम प्रकाश में, माइम में होता है।) सहसा पीछे से वही स्वयंसेवक दौड़ता आता है। जयराम उत्सुकता से पूछता है–

जयराम : क्या हुआ? क्यों भागे जा रहे हो?

स्वयंसेवक : बड़ा गजब हो गया बाबू जी ! आपके आने के बाद वह काला शराबी बोतल ले कर दूकान से चला, तो देवी जी दरवाजे पर बैठ गयीं। वह बार–बार देवी जी को हटा कर निकलना चाहता था पर वह फिर आ कर बैठ जातीं। धक्कम–धक्के में उनके कुछ कपड़े फट गये हैं और कुछ चोट भी...

अभी बात पूरी भी नहीं हो पाई कि जयराम शराबखाने की तरफ दौड़ पड़ता है। वह उसी विंग में घुस जाता है।

फेड आउट

फेड इन

जयराम दूसरे विंग से निकलता है। शराबखाने के सामने चारों स्वयंसेवक लेटे हुए हैं और मिसेज सक्सेना एक किनारे सिर झुकाये खड़ी हैं। जयराम डरते–डरते उनके चेहरे पर निगाह डालता है। उसे आँचल पर रक्त की बूँदें दिखायी देती है और वह बेसुध हो चारों शराबियों पर टूट पड़ता है। पूरे जोर के साथ लकड़ी चलाने लगता है।

मिसेज सक्सेना बीच बचाव करने हेतु बीच में आ खड़ी होती हैं। वह जोर–जोर से लकड़ी चला रहा है। अचानक ही मिसेज सक्सेना जमीन पर गिर पड़ती हैं तब उसे होश आता है और वह उन्हें देख लकड़ी फेक देता है।

चारों स्वयंसेवक दौड़ कर मिसेज सक्सेना को संभालते हैं उनमें से कुछ उन्हें पंखा झलना शुरू करते हैं। दूकानदार ठंडा पानी ले कर दौड़ता है।

उसी वक्त यह सब देखकर वह मोटा शराबी बोतल जमीन पर पटक देता है।

एक शराबी : (दुकानदार से) तुम्हारा रोजगार अब लोगों की जान ले कर रहेगा। अभी तो यह दूसरा ही दिन है।

दुकानदार : कल से मेरा इस्तीफा है। अब स्वदेशी कपड़े का रोजगार करूँगा, जिसमें जस भी है और उपकार भी।

शराबी : घाटा तो बहुत रहेगा।

दूकानदार : घाटा–नफा तो जिंदगानी के साथ है।

समाप्त

पीले स्कूटर वाला आदमी

पात्र :

लाल

पिता

पीताम्बर

नील

बूढ़ा आदमी

लाल अपनी डेस्क पर टाइपराइटर पर बैठे हुए कुछ टाईप कर रहा है... तभी वह कुछ सोचकर लिखना बंद करता है... हमें संगीत सुनाई देता है... और एक लड़की 'नील..' उसके पीछे से नाचती हुई बाहर आती है... लाल उसे नाचता हुआ देखता है और लिखना भूल जाता है... तभी उसे पीछे से पीताम्बर आता दिखता है.. और वह सीधा लाल की आंखों में देखता है.. लाल उसे देखता रह जाता है... नील नाच रही होती है...।

ब्लैक आऊट।

जब लाइट आती है तो पीताम्बर लाल की जगह बैठा है और लाल नील के साथ नाच रहा है होता है...।

ब्लैक आउट

लाइट आती है तो हम देखते है कि पीताम्बर लिखना शुरु करता है। नील जा चुकी है, लाल अकेला नाच रहा है। वह नाचते–नाचते पीताम्बर को देखता है... पीताम्बर लिखना बंद करके लाल की तरफ देखता है...। लाल शर्मिंदा हो जाता है और धीरे से पलंग पर लेट जाता है।... सो जाता है।

ब्लैक आऊट...

जैसे ही लाइट आती है, हमें डोर–बेल सुनाई देती है। लाल के पिताजी अन्दर आते हैं। वे अपनी पेटी नीचे रखते हैं और लाल के सर पर हाथ फेरते हैं, लाल चौंक कर उठ जाता है।

लाल : आप !

पिता : मैंने कहा था मैं साढ़े सात बजे आऊँगा।

लाल : (पैर पड़ता है) मैं सो रहा था।

पिता : कैसी तबीयत है तुम्हारी ?

लाल : ठीक है।

पिता : फिर जोंडिस हो गया ?

लाल : फिर मतलब ? बचपन में होता था, अब हुआ है और अब तो लगभग ठीक भी हो गया है।

पिता : मैंने तुम्हें मना किया था।

लाल : अरे मैने स्कूटर नही बेचा, बस सौदा तय कर रहा था। पर वो घटिया स्कूटर कोई खरीदना ही नहीं चाहता।

पिता : स्कूटर बेचने के बारे में तुमने सोचा ही क्यों ?

लाल : क्यों? सोचने से पीलिया हो जाता है क्या ?

पिता : तुम्हें हो सकता है।

लाल : पता है। (दोनों दर्शकों से)

जब मैं छोटा था, मुझे पीलिया हो गया था।

पिता : दो बार !

लाल : हाँ हाँ दो बार। खूब झाड़–फूँक कराई गई।

पिता : मेरे पिताजी इसको लेकर गाँव–गाँव भटके थे।

लाल : गाँव–गाँव, सिर्फ दो गाँव भटके नहीं थे, गए थे। तब एक बाबा ने ताबीज पहनाया और कहा कि इक्कीस दिन में इसका पीलिया उतर जाएगा और.....

पिता : और इसकी कोई भी चीज जो इसे सबसे ज्यादा पसन्द हो उसे पीले रंग की होना चाहिए। अगर नही है तो उसे पीला करा दो, तो हम इसे गोद में लेकर पूरे घर में भटके और पूछा कि बताओ तुम्हारी सबसे पसंदीदा चीज कौन–सी है।

लाल : मेरी मति भ्रष्ट हो गई थी, मैंने अपनी उँगली सीधे स्कूटर पर रख दी।

पिता : और मेरे स्कूटर को पीला कराया गया।

लाल : और पीलिया के डर के चक्कर में आज तक उसे साथ लेकर घूम रहा हूँ, मुझे पीलिया का डर नहीं है... इनका वहम है। हर लेटर में पूछते है, वो स्कूटर ठीक है ना, सर्विसिंग कराई, तीन महीने हो गए.....

पिता : तुम्हारा हेलमेट किस रंग का है?

(कुछ शांति...)

पिता : (लाल से) मेरा लेटर मिला तुम्हें ?

लाल : हाँ कुछ दिन पहले मिला था !

पिता : पढ़ा ?

लाल : स्कूटर सर्विसिंग पर दे दिया है ।

पिता : स्कूटर की सविसिंग के लिए लेटर नही लिखा था। मैं कल आ रहा हूँ तुमसे मिलने।

लाल : पता है। आपने लेटर में ऊपर ही लिखा है। 7:30 AM आ रहा हूँ।

पिता : इसलिए क्योंकि मुझे पता है कि तुम मेरा लेटर कभी खोलकर पढ़ते नहीं। पैसों की जरुरत है ?

लाल : नहीं।

पिता : काम कैसा चल रहा है ?

लाल : काम नहीं कर रहा हूँ। दो महीने से छुट्टी ले रखी है।

पिता : जो हो गया उसे भूल जाओ।

लाल : कोशिश कर रहा हूँ। पर आज–कल ये फाँस बहुत दर्द करती है।

पिता : किससे बदला ले रहे हो, मुझसे कि अपने आपसे।

लाल : मैं कहानी लिख रहा हूँ।

पिता : जिस कहानी का तुम्हें अन्त नहीं पता उसे क्यों लिखना चाहते हो ?

लाल : मेरे पास बहुत सारे सवाल हैं।

पिता : क्या पूछना चाहते हो?

लाल : आपने इंदिरा गांधी के मरने की खबर दादाजी को क्यों नहीं दी?

पिता : तुम इसका जवाब जानते हो...।

लाल : हाँ..... मैं जानता हूँ, पर मुझे ये नहीं पता कि वो सही है या गलत।

पिता : तुम क्यों इस कहानी के पीछे पड़े हो ? तुम कुछ दूसरा नही लिख सकते ?

लाल : मैं लिख रहा हूँ। एक बूढ़े की कहानी लिख रहा हूँ, वो बूढ़ा मेरे घर के सामने की बिल्डिंग की सातवीं मंजिल की बालकनी पर दिन भर बैठा रहता है। मैं उसकी कहानी भी लिख रहा हूँ पर .....

पिता : पर क्या ?

लाल : मेरी कहानी का हर पात्र पीला स्कूटर क्यों चलाता है ?

पिता : तुम पीले स्कूटर को भूल क्यों नहीं जाते हो ?

लाल : मैं तो उसे अपनी जिन्दगी से निकाल देना चाहता हूँ।

पिता : ऐसा मत करना।

लाल : क्यों, आपको डर है पीलिया से मेरी मौत हो जाएगी ?

पिता : हाँ।

लाल : ऐसे कोई नही मरता।

पिता : तुम्हारे दादाजी ने सख्त मना किया था।

लाल : ठीक है, मैं इसे जिन्दगी भर अपने पास रखूँगा, पर एक शर्त है। मुझे कहानी का अन्त बता दीजिए।

पिता : तुम डरे हुए हो, तुम अन्त जानना ही नहीं चाहते।

लाल : मै जानना चाहता हूँ।

पिता : देखो कई चीजें जिन्दगी में गणित के सवाल की तरह होती है, जिन्हें अगर आपको हल करना हो तो आपको 'माना कि....' से शुरुआत करनी पड़ती है। तुम्हारी दिक्कत ये है कि तुम्हें इसका अन्त मानना पड़ेगा। माना कि अन्त ये है, इसलिए कहानी ये है।

लाल : ठीक है कम से कम इतना तो बता दीजिए कि आपने इन्दिरा गांधी के मरने की खबर दादाजी को क्यों नहीं दी ?

पिता : देखो वो तो मैं खुद तुमसे .....(जाने लगता है)

लाल : कहाँ जा रहे हैं आप ?

पिता : बाथरुम (लाल सो जाता है) मेरे पास एक कुदाली है जिससे मैं सफेद भविष्य के पहाड़ को काटता जा रहा हूँ और उसकी मिट्टी पीछे ढकेल रहा हूँ। पीछे अतीत का बड़ा–सा पहाड़ इकठ्ठा होता जा रहा है। हर बार अपना कुदाल चलाने पर भी ढेर सारा सफेद भविष्य सामने है और पीछे हर कुदाल के वार का ढेर सारा अतीत। अतीत के पहाड़ पर घॉस उग आई है वो हरा–भरा हो गया है। सारी घटनाएँ जो जीते वक़्त कड़वी लगती थीं वो अतीत के पहाड़ पर जाकर घना पेड़ बन गई है, जो अब छाया देता है। कई कहानियाँ अतीत में बिना अन्त लिये आती हैं। अन्त भी उस कहानी के साथ ही घटता है... लेकिन आप ऐन उस वक्त पर वहाँ मौजूद नहीं होते या आप बहुत छोटे होते हैं, या वो अन्त कहीं बहुत डरावना न हो इस शंका में आप उसे जानना ही नहीं चाहते। ऐसी कहानियाँ बड़ा–सा पत्थर बनकर अतीत के पहाड़ पर जम जाती हैं, जिसे आप पूरी जिन्दगी ढोते रहते हैं।

(पिता चले जाते हैं। ब्लैक आउट होता है और फिर लाइट आती है शाम का समय है। लाल रात भर सोया, दिन भर सोया, बीच में 7:30AM को उसकी आँख खुली थी, जिसका जिक्र बाद में पीताम्बर भी करता है और वो फिर सो जाता है लाल अजीब सी बेचैनी महसूस करता है। वो पिताजी का अन्तिम लेटर उठाकर देखता है जो अभी तक खुला नहीं है, बाकी कई लेटर खुले हुए इधर–उधर बिखरे पड़े हैं। लाल भीतर चाय बनाने जाता है। चाय लेकर बाल्कनी में आकर खड़ा हो जाता है। पीताम्बर लिखना बन्द करता है।)

पीताम्बर : रात होने के ठीक पहले मेरी आँख खुल गई.....तो देखा पिछली रात से पूरे दिन तक मैं सोता रहा .....इस बीच मेरी आँख खुली थी.....सुबह 7:30 बजे .....फिर सो गया, अब सर भारी हो रहा था, सब कुछ बड़ा अजीब–सा लग रहा था। खुद को कोसने लगा, क्या कर रहा हूँ? क्या हो रहा है मेरे साथ? वैसे भी पिछले दो महीने से मैं कुछ कर नहीं रहा था। पर, एक पूरा दिन वो भी पिछली रात के साथ सोते हुए बिता देना। मैं सोच रहा था वो सभी एक दिन में कितना आगे बढ़ गए होंगे जो परसों तक मेरे साथ थे। उठकर पानी पिया, कुछ समझ में नही आया तो चाय चढ़ाने रख दी। अब मैं पूरी रात कैसे बिताऊँगा ? नींद का आना वैसे भी रात के साथ आपके सम्बन्ध पर निर्भर करता है ... खैर मैंने चाय छानी और बाल्कनी में आकर खड़ा हो गया, पूरा शहर मेरी बाल्कनी से नही दिखता था। (बूढ़ा आदमी बाल्कनी से इशारा करता है और फिर चला जाता है।) बस सामने की दो ऊँची बिल्डिंग और उनके बीच से मुझे शहर की चौड़ी सड़क हाईवे दिखती थी। मुझे इस बाल्कनी से इतनी–सी दुनिया देखने की आदत पड़ गई थी, सो जब भी देखता था घण्टों वहीं खड़ा रह जाता था। वो इतनी–सी दुनिया मुझे पूरी तरह सम्मोहित कर लेती थी... हर बार। असल में ये बिल्डिंग, ये चौड़ी सड़क, सामने के घर, ये सब मेरे घर के अन्दर का ही हिस्सा थे... बाहर बोलकर मैं इन्हें बाहर करने की कोशिश जरुर करता था पर मैं खड़ा रहा। काफी देर, चाय आधी पी चुका था, आधी ठण्डी हो चुकी थी–फिर भी पिए जा रहा था। पिताजी के लगभग सारे खतों का जवाब मैं लिख चुका था, सिवाय उनके अन्तिम

लेटर के। (डोर बेल बजती है..) तभी बेल सुनाई दी, डोरबेल। मैं मुड़ा नहीं, (डोर बेल फिर बजती है..) वो फिर सुनाई दी। मुझे हँसी आने लगी, वो फिर आ गए। ये वो ही हैं, असल में मेरे घर में डोरबेल थी ही नहीं।

(लाल जाता है, पीताम्बर उसे दरवाजा खोलने से रोकता है। उसके सामने जाकर खड़ा हो जाता है। बाहर से आवाज आती है।)

नील : दरवाजा खोलो।

पीताम्बर : नहीं .....

नील : क्या हुआ ? आज भी कुछ ठान लिया है। दरवाजा खोलो।

लाल : आज..... मैं सोच रहा था कि तुम आज.....

नील : मत सोचो, तुम्हारे पास कोई बहाना नहीं है। दरवाजा खोलो।

लाल : जिद मत करो।

(पीताम्बर लाल के सामने से हट जाता है)

नील : मैं जिद नही कर रही हूँ और अगर तुम देर करोगे तो मैं चली जाऊँगी पर कोई और आएगा जिसे तुम्हें सहना पड़ेगा। बोलो जाऊँ या तुम्हें बचाऊँ ?

लाल : (दरवाजा खोलता है, वो अन्दर आ जाती है, दर्शकों से) पता नही क्या हुआ, पर मैंने दरवाजा खोल दिया। अगर आपको पता हो कि दूसरी तरफ कौन है तो दरवाजा खोलना आसान हो जाता है। तो आसान काम मैंने कर दिया। वो अन्दर आ चुकी है।

(लाल उसके सामने जाकर बैठ जाता है.. पीताम्बर को यह बिल्कुल ठीक नहीं लगता है।)

नील : कपड़े उतारुँ ?

लाल : नही।

नील : अधिकतर तो तुम कपड़े उतरवाते ही हो इसलिए पूछ लिया।

लाल : नहीं आज नही ।

नील : क्यों, आज क्यों नही ? सोमवार को तुम्हारा उपवास होता है क्या ?

(नील उसके सामने से उठती है और पलंग पर लेट जाती है।)

लाल : (दर्शकों से) लोग झूठ बोलते हैं कि समय अपनी रफ्तार से चलता है। ना..... असल में समय बहुत बुरी तरह थमता है और बहुत तेज चलता है। समय के अपने खाली घेरे होते हैं, इन घेरों का अपना अलग समय और अपनी अलग रफ्तार होती है।

नील : तुम अपने समय से नाराज हो ।

लाल : तुम कितनी देर यहाँ रुकोगी ?

नील : तुम बताओ।

लाल : क्यों तुम कुछ तय करके नही आई हो ?

नील : आई थी।

लाल : फिर ?

नील : तुम्हारे ऊपर है।

लाल : क्या ?

नील : तुम्हें पता है।

लाल : देखो तुम मुझे डराती हो।

नील : बचाती भी तो हूँ।

लाल : मैं बचना नही चाहता।

नील : वो तो मैं पहले ही कह रही थी कि बचो मत।

लाल : तुम जाना चाहती हो।

नील : मैं तो आना भी नहीं चाहती थी।

लाल : देखो आज मैंने तुम्हें नही बुलाया है।

नील : क्या ? जरा फिर से कहना।

लाल : मुझे कुछ देर के लिए अकेला छोड़ोगी ?

नील : तुम अकेले ही हो।

लाल : कितना अच्छा लगता है तुम्हें ये बोलना।

नील : ये छोड़ो, इसका जवाब दो, एक नदी में छोटी–सी नाव पे एक भैंस खड़ी है, वो नाव डूबनेवाली है। मतलब अगर उस नाव में एक कंकड़ भी डालो तो वो डूब जाएगी। तभी भैंस गोबर कर देती है, बताओ नाव डूबेगी कि नहीं ?

लाल : मेरे ख्याल से नाव .....तुम कुछ देर चुप रहोगी ।

नील : फँस गए ना।

लाल : मैं फँस चुका हूँ...मुझे लिखना है।

नील : तुम्हें किसी की जरुरत है।

लाल : तुम्हारी नहीं इतना जानता हूँ।

नील : जब जरुरत हो तो बुलाना मत मै खुद आऊँगी। इससे तुम्हें इतनी तो संतुष्टि मिलेगी कि तुमने नहीं बुलाया है।

लाल : (नील चली जाती है) देर तक सोते रहने से 'क्यों' जैसे कई सवाल उठे हैं, इन सारे सवालों का मेरे पास एक ही जवाब है। सो जाता हूँ।

पीताम्बर : तुम सो नही सकते ।

लाल : क्यों ?

पीताम्बर : तुम्हें कहानी लिखना है।

लाल : तुम कौन हो ?

पीताम्बर : देखो तुम ये नही जानना चाहते जो तुम पूछ रहे हो।

लाल : हाँ.....तो मैं क्या चाहता हूँ ?

पीताम्बर : तुम्हारे पास बहुत सारे सवाल हैं ?

लाल : हाँ, मरे पास बहुत सारे सवाल हैं। मैं पूछना चाहता हूँ कि तुम रोज कहाँ जाते हो ?

पीताम्बर : तुम रोज मुझे क्यों देखते हो ?

लाल : तब मेरा चाय पीने का वक़्त होता है और मैं तुम्हें रोज अपनी बाल्कनी से जाता हुआ देखता हूँ।

पीताम्बर : मैं भी तुम्हें कई दिनों से मुझे देखते हुए देख रहा हूँ।

लाल : तुम हाईवे पर रुककर मुझे क्यों देखते हो ?

पीताम्बर : तुम बाल्कनी में खड़े होकर मुझे क्यों देखते हो ?

(चुप्पी) तुम्हें अपने बाप से प्रॉब्लम है ना ?

लाल : क्यों ?

पीताम्बर : क्योंकि वो तुम्हारी माँ के साथ सोता था।

लाल : (चुप्पी दर्शकों से) सभी अपने–अपने तरीके से रात के साथ सोते हैं, हर आदमी का रात के अँधरे के साथ अपना सम्बन्ध होता है। यह सम्बन्ध अगर अच्छा है, तो आपको नींद आ जाती है और अगर ये सम्बन्ध खराब है तो आपके जीवन के छोटे–छोटे अँधेरे, रात के अँधेरे में घुस आते हैं और आपको सोने नहीं देते ।

पीताम्बर : तुम मुझसे कुछ पूछना चाहते हो ना ?

लाल : हाँ मेरे पास बहुत सारे सवाल हैं मैं पूछना चाहता हूँ कि तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो ?

पीताम्बर : मैं भीड़ में खो जाने से डरता हूँ। मैं हमेशा भीड़ का हिस्सा बनने से डरता हूँ। इसलिए मैंने बहुत सारे चुटकुले, जोक्स याद कर लिये हैं। हमेशा लगातार सबके सामने सुनाता रहता हूँ...लाल,पीली,नीली,हरी शर्ट पहनता हूँ, रोज शेव करता हूँ, जब भी घबराता हूँ, बाथरुम चला जाता हूँ। दो अलग–अलग किस्म के अखबार रोज घर से याद करके निकलता हूँ ज्यादा चीजें पता नही होती पर किसी भी विषय पर लगभग एक घण्टे बोल सकता हूँ और हाँ.... मै पीला स्कूटर चलाता हूँ।

लाल : चुप क्यों हो गए ....बोलो।

पीताम्बर : क्यों दूसरों की कहानी में अपना सुख ढूँढ़ रहे हो ?

लाल : नहीं....मै सुनना चाहता हूँ।

पीताम्बर : किसके बारे मे ?

लाल : तुम जानते हो।

पीताम्बर : कहानी शुरु करें ?

लाल : हाँ (डोरबेल बजती है) अरे मुझे पिताजी को लेने स्टेशन जाना था, मैं भूल ही गया।

(पिताजी अन्दर आते हैं। दोनों पैर छूते हैं।)

पिताजी : खुश रहो अगर रह सको तो।

लाल : मैं आने ही वाला था आपको स्टेशन पर लेने।

पिताजी : उसकी कोई जरुरत नहीं है .....कैसा लग रहा हूँ मैं?

लाल : अच्छे।

पिताजी : तुम्हारा मुँह क्यों लटका हुआ है ? (खुद से) बहुत गैस बन रही है।

लाल : कहाँ जा रहे हैं ?

पिताजी : बाथरुम, क्यों तुम्हें प्रॉब्लम है ? (अन्दर से) ये क्या हाल बना रखा है बाथरुम का (चुप्पी)

पीताम्बर : तुम्हें अपने बाप से प्रॉब्लम है ना ?

लाल : चुप रहो ।

पीताम्बर : क्योंकि वो तुम्हारी माँ को छोड़कर चले गए थे। फिर भी बार–बार उनसे मिलने आते थे क्यों ? शायद उनके साथ सोने ....तुम्हें पैसे देकर चॉकलेट लेने भेजते थे। माँ उनके लगातार आने के डर से चल बसी। तुमसे मिलने की जिद्द क्यों करते हैं .... तुमसे क्यों मिलना चाहते हैं ?

(पिताजी भीतर से वापिस आते हैं... दोनों सचेत हो जाते हैं... पिताजी धीरे से अपनी पैंट की जेब में हाथ डालते हैं... और कुछ चॉक्लेटस निकालते हैं)

पिताजी : चॉकलेट खाओगे ?

लाल : आप यहाँ कितने दिन रुकेंगे ?

पिताजी : तुम कहो तो मैं अभी जा सकता हूँ।

लाल : चाय पीएँगें ?

पिताजी : तुमने लिखना क्यों छोड़ दिया ? क्या कर रहे हो आजकल ?

लाल : कुछ नहीं।

पिताजी : सुना है तुमने कोई जॉब ज्वाइन कर लिया है ?

लाल : कर लिया था। पिछले दो महीने से छुट्टी ले रखी है।

पिताजी : क्यों मेरे मरने का शोक मना रहे हो। लिखना क्यो छोड़ दिया ?

लाल : मैं लिखने की कोशिश कर रहा हूँ।

पिताजी : किसकी कहानी लिख रहे हो?

लाल : एक बूढ़े की। वो बूढ़ा .....

(डोरबेल बजती है। लाल दरवाजे की ओर मुड़ता है।)

पिताजी : क्या हुआ ? मेरा आखिरी लेटर अब तक क्यों नहीं खोला ? (बूढ़े आदमी का प्रवेश और प्रस्थान) मुझसे बात नहीं करना चाहते। जब बात करने की इच्छा हो तो बुला लेना। मैं इन्तजार करुँगा।

(पिताजी का प्रस्थान..)

लाल : आओ ...अन्दर आ जाओ

बूढ़ा आदमी : मुझसे कोई गलती हो गई क्या ?

लाल : नहीं कोई गलती नहीं।

बूढ़ा आदमी : आज तुमने मेरी तरफ एक बार भी नहीं देखा।

लाल : मैं अभी तुम्हारे बारे में ही सोच रहा था।

बूढ़ा आदमी : मुझे तुमसे कुछ बात करनी थी। मैं बाल्कनी से तुम्हें इशारा भी कर रहा था। सातवीं मंजिल से चलकर आ रहा हूँ। मेरी लिफ्ट भी काम नहीं कर रही है।

लाल : क्या बात है बोलो .....?

बूढ़ा आदमी : मुझे तुम्हारी चिन्ता हो रही है, मुझे लगता है, तुम्हें भी वही लगता है जो मुझे लगता है पता है मुझे क्या लगता है?, मुझे लगता है कि... कल का दिन सांत्वना है आज के दिन के बीतने की। आज तो बीत गया, जैसे कैसे बीत ही जाएगा ना!!! फिर लगने लगता है कि कल एक जादू की पुड़िया में बंद है, पुड़िया खुलेगी, सूरज उगेगा और सब कुछ वही होगा जो सालों से मैं बाल्कनी में बैठे–बैठे सोच रहा हूँ.... पता है आजकल मैं एक बूढ़ी चील को देखता हूँ, वो बहुत बूढ़ी हो चुकी है। वह बस एक पेड़ के ठूठ पर बैठी रहती है, बहुत से जवान कौवे उसे चोंच मारकर भागते हैं। उस चील की एक समस्या है या शायद जवान कौवों का डर, पर उसने अब ऊपर आसमान में उड़ना छोड़ दिया है। उसके पर झड़ते हैं। मैं उसके झड़े हुए परों को आजकल इकट्ठा कर रहा हूँ.....रोज.... पर वो ऊपर उडेगी ना। मैं उसे एक बार आसमान में ऐसे गोल गोल ऊपर उड़ते हुए देखना चाहता हूँ।

(लाल ना में सिर हिलाता है.... बूढ़ा आदमी नाराज हो जाता है... और गुस्से में चला जाता है।)

लाल : ये एक दिन सातवीं मंजिल से कूदकर अपनी जान देगा।

पीताम्बर : तुम इसे बचा सकते हो।

लाल : नहीं.... क्योंकि चील अब इतना ऊपर नही उड़ सकती।

पीताम्बर : चाहो तो बचा सकते हो। बस कहानी का अन्त बदल दो। जाने दो....तुम बहुत थक गए हो।

लाल : मैं थका नही हूँ .....मैं बस सोना चाहता हूँ।

पीताम्बर : नही तुम मुझसे कुछ पूछना चाहते हो।

लाल : हाँ, मेरे पास बहुत सारे सवाल हैं.. मैं पूछना चाहता हूँ कि... इंन्दिरा गांधी के मरने की खबर दादा जी को क्यों नही दी गई ?

पीताम्बर : ये बहुत बड़ा सवाल है – कुछ दूसरा पूछो ?

लाल : तुमने लिखना क्यों छोड़ दिया ?

पीताम्बर : अब मै नही लिख सकता, क्योंकि मुझे हर कहानी में हर पात्र में अपना बाप दिखाई देता है। मेरी हर कहानी मेरी माँ की कहानी होती है। मेरी कहानी का हर आदमी मेरी माँ को डरा रहा होता है और कहानी का अन्त होने से पहले मेरा बाप हँसता है और मुझसे एक ही वाक्य बोलता है।

लाल : ये लो बेटा.. दस रुपए.. जाओ चॉकलेट ले आओ फिर हम स्कूटर पर घूमने जाएँगे।

पीताम्बर : .....और कहानी वहीं रुक जाती है।

लाल : नहीं, पर अब मुझे दूसरे लोग दिखने लगे हैं। मैं उस बूढ़े आदमी की कहानी लिख सकता हूँ। (दोनों खड़े हो जाते हैं... पीताम्बर अपनी छोटी सी नोट बुक निकाल लेता है.. दोनों कहानी गढ़ने का सिलसिला शुरु करते हैं.. मानों कहानी लिख रहे हों..।) मैंने हमेशा इसे बाल्कनी में धूप सेंकते हुए देखा है।

पीताम्बर : धूप हो या ना हो ये हमेशा धूप सेंकता रहता है।

लाल : इसने अपने जीवन में सिर्फ चार ठोस चीजें की है।

पीताम्बर : पहली अपनी बेटी की शादी।

लाल : जो घर वापिस आ गई .....पति ने छोड़ दिया।

पीताम्बर : टी.वी. और फ्रिज खरीदा।

लाल : फ्रिज में आजकल बर्फ नहीं जमती है। टी0वी0 बहुत पुराना है इसलिए सिर्फ आठ चौनल ही देखे जा सकते है।

पीताम्बर : तीसरा इसने –

लाल : इसने.. इसने... इसने.... मेरा सिर भारी हो रहा है।

(डोर बेल बजती है)

पीताम्बर : तीसरी और चौथी ठोस चीज क्या है ?

लाल : मुझे पता है पर....

पीताम्बर : तुम बिल्कुल ठीक जा रहे हो बूढ़े के बारे में सोचो।

लाल : मैं बचना चाहता हूँ।

(नील इस वाक्य को सुनते ही तेजी से भीतर चली आती है....)

नील : देखो तुमने खुद कहा बचना चाहता हूँ, बोलो बचाऊँ ?

लाल : (पीताम्बर से...)उस बूढ़े के पास पीला स्कूटर है, मेरे पास तीसरी ठोस चीज ये है।

पीताम्बर : (पीताम्बर अपनी नोटबुक गुस्से में वापिस अपनी जेब में रख लेता है।) तुम फिर अपने बाप को बीच में घसीट लाए।

नील : बचाऊँ ?

पीताम्बर : (वह फिर कहानी लिखवाने की कोशिश करता है..।) तुम्हें कहानी लिखनी है। इसे छोड़ो बूढ़े के बारे में सोचो।

नील : मेरी तरफ देखो, कपड़े उतारुँ ?

पीताम्बर : चौथी ठोस चीज क्या है ?

नील : मेरी जरुरत है या मैं जाऊँ ?

लाल : (उसका हाथ अपने हाथ में लेता है.. पीताम्बर उसे रोकने की कोशिश करता है पर लाल उसे झिड़क देता है। लेकिन झिड़कते ही लाल को अपनी गलती का एहसाह होता है।) रुको – ये गलत है .... जब तक मैं अपनी कहानी नहीं लिखूँगा मैं किसी और की कहानी नहीं लिख सकता–मुझे अपनी कहानी लिखना है ....

नील : तो बूढ़े का क्या होगा? ....मेरा क्या होगा...? मैं चली...

लाल : सुनों .....मुझसे बात करो ....

नील : नही मैं बात नही कर सकती ...तुम्हें तो मेरी जरुरत नहीं है ...।

लाल : मुझे तुम्हारी जरुरत है ....मुझसे बात करो .....।

नील : ठीक है – एक दिन सफेद घोड़े पे सवार होकर एक राजकुमार आया तबड़क, तबड़क, तबड़क, तबड़क। उसे मुझसे प्यार हो गया तबड़क, तबड़क, तबड़क, तबड़क.. फिर हमारी शादी हो गई तबड़क, तबड़क, तबड़क, तबड़क, ढेर सारे बच्चे हो गए, तबड़क, तबड़क, तबड़क.....

पीताम्बर : और फिर वो तुम्हें छोड़कर चला गया तबड़क, तबड़क, तबड़क, तबड़क, हमें तुम्हारी कहानी नहीं सुननी है।

नील : अच्छा ठीक है उसी के बारे में बात करुँगी जो तुम सुनना चाहते हो..

(वह पीताम्बर के बगल में जाकर खड़ी हो जाती है... और दोनों एक कहानी की शुरुआत करते हैं।)

पीताम्बर : मैं पूरी जिन्दगी चेहरों के पीछे भागा हूँ।

नील : मैं पूरी जिन्दगी चेहरों के पीछे भागी हूँ।

पीताम्बर : असल में मैंने चौकोर साँस लेना शुरु कर दिया था।

नील : इन चौकोर साँसों के अपने अँधेरे कोने हैं– जिनमें बहुत से चेहरे छिपे बैठे हैं– ये एक तरह का चौकोर कुँआ जैसा है जिसमें अगर मैं आवाज लगाती हूँ तो मुझे अपनी नहीं किसी दूसरे की आवाज गूँजती हुई सुनाई देती है... मैं उस आवाज के पीछे भागती हूँ– वो आवाज चेहरा बन जाता है और मै उससे कहती हूँ .. ..कपड़े उतारुँ....

पीताम्बर : तुमने फिर अपनी कहानी शुरु कर दी ?

नील : क्यों जब तुमको हर कहानी में अपना बाप दिखाई देता है तो मै तुम्हारी कहानी में अपनी एक लाइन नहीं जोड़ सकती हूँ।

पीताम्बर : कम–से–कम कपड़े उतारुँ जैसा घटिया शब्द तो मत जोड़ो ....

नील : क्यों जब तुम कहते हो, कपड़े उतारो तो तुम्हें तो बड़ा मजा आता है। ये सब छोड़ो .....इसका जवाब दो.....एक नदी में .....छोटी सी नाव में एक भैंस खड़ी है ....वो नाव डूबने वाली है .....मतलब अगर उस नाव में एक कंकड भी डाल दोगे न तो वो डूब जाएगी.....तभी भैंस गोबर कर देती है ....बताओ नाव डूबेगी कि नहीं .....

पीताम्बर : नाव डूबेगी.....उत्तर है नाव डूबेगी।

नील : गलत । उत्तर है नाव नहीं डूबेगी क्योंकि गोबर तो भैंस के पेट में ही था अब नाव में है इसलिए नाव नही डूबेगी।

पीताम्बर : नाव डूबेगी – बचपन में भी मेरे लिए नाव डूबती थी और अभी भी मेरे लिए नाव डूबेगी।

(दोनों बाहर निकल जाते हैं)

लाल : बहुत पहले मेरी उँगली में एक फाँस गड़ गई थी– वो काफी भीतर तक घुस गई थी–बहुत दर्द हो रहा था खून निकलने लगा था जब मैंने उस फाँस को बाहर खींचा तो वो टूट गई– आधी फाँस भीतर ही रह गई–उस वक्त मैं दर्द सहन नही कर पा रहा था–मैं डर के मारे डॉक्टर के पास भी नही गया – करीब एक हफ्ते तक वो दर्द रहा फिर कम होने लगा... अब उस दर्द का कम होना मैं बर्दाश्त नही कर पा रहा था–मुझे अजीब लगने लगा!!! अब मुझे इसके साथ रहने की आदत पड़ गई थी– करीब दो हफ्ते बाद जब वो दर्द लगभग खत्म होने लगा तो उस भीतर घुसी हुई फाँस को मैंने और भीतर कर दिया– फिर खून निकला, फिर दर्द होने लगा। (वह उठता है, और बूढ़े के पास जाता है।) अभी तक ये फाँस मेरी उँगली में जमी हुई है। आप इसे देख सकते है।

बूढ़ा आदमी : (बूढ़ा अपनी बाल्कनी समेत लाल के घर में चला आता है। वो अपनी ही बाल्कनी में बैठा हुआ है और लाल बाल्कनी के नीचे खड़े होकर उससे बात कर रहा है। पीताम्बर लाल की बाल्कनी में जाकर खड़ा हो जाता है।) हाँ मैं इसे देख सकता हूँ ये अभी तक तुम्हारे पास है।

लाल : हाँ।

बूढ़ा आदमी : क्या चाहते हो ?

लाल : पता नहीं।

बूढ़ा आदमी : तुम्हें पता है –

लाल : दर्द कम हो रहा है .....

बूढ़ा आदमी : तुम्हें दूसरी फाँस की जरुरत है–

लाल : अभी नहीं .....(वो फाँस को वापिस भीतर की तरफ दबाता है।)आ.....ऽऽ

(पिता का प्रवेश)

लाल : (पैर पड़ता है) कैसे हैं आप पापा ?

पिता : बहुत बड़ा हो गया है तू।

लाल : पापा मैं आपके जैसा बनना चाहता हूँ.....

पिता : अरे बेटा मेरे जैसा बनने के लिए बहुत कसरत, वर्जिश करनी पड़ेगी– मैं जब मिलिट्री में था तो बॉक्सिंग करता था....एक दिन रिंग में मैंने अपने सीनियर का कान काट लिया–वो रोता हुआ गया था–बाद में उसने मेरा कोर्ट मार्शल कर दिया.....पर मैं रोया नहीं....उस वक़्त भी मैं मुस्कुराता रहा, तेरा बाप कभी नहीं रोया...

पीताम्बर : आप कभी नही रोये पापा ?

(पीताम्बर, बूढ़े आदमी को पापा कहकर सम्बोधित कर रहा है। यहाँ लाल अपने बाप से बात कर रहा है। ठीक इसी समय बूढ़ा आदमी भी लाल का बाप हो जाता है।)

लाल : मेरे पापा कभी नहीं रोये.....पापा आप रेम्बो को भी बॉक्सिंग में हरा सकते हैं.....

पिता : बेटा बॉडी से कुछ नहीं होता –जिगर होना चाहिए..... जिगर..

पीताम्बर : पापा आप रोते हैं .....

पिता : बहुत दिन से तेरे साथ बॉक्सिंग नहीं लड़ी.....चल...उठ...मार–मार

(दोनों बाक्सिंग खेलना शुरु करते हैं।)

पीताम्बर : जब आपके छोटे भाई की मौत की खबर आपको मिली थी तो आपने अपने आपको बाथरुम में क्यों बन्द कर लिया था ?

लाल : चुप।

पीताम्बर : आप बाथरुम में क्या कर रहे थे।

(बाक्सिंग करते करते पिताजी थक जाते हैं।)

पिता : बस–बस तुम अपनी सेहत का थोड़ा ध्यान रखो बहुत जल्दी थक जाते हो।

पीताम्बर : मैं हमेशा थक जाता था–मैं बहुत जल्दी थक जाता था।

पिता : चल एक ताश की बाजी हो जाए।

पीताम्बर : बहुत छोटे में मुझे चश्मा लग गया था। पापा ने पाँच बार मेरी आँखों का चेकअप करवाया। उन्हें विश्वास ही नहीं हुआ कि उनके बेटे को भी कभी चश्मा लग सकता है। मैं अपनी आँखों का चेकअप करवा–करवाकर थक गया। मैं हमेशा थक जाता था। मैं बहुत जल्दी थक जाता था।

पिता : फिर हार गया। अब रोना मत, चल एक और बाजी खेलते हैं।

पीताम्बर : एक बार स्कूल में मेरे दोस्त से मेरी लड़ाई हो गई। हम दोनों ने एक दूसरे को चाँटा भी नहीं मारा बस मुँह से ढिशुम ढिशुम की आवाज निकालते रहे, वो बच्चों जैसी लड़ाई होती हैं ना जिसमें चाँटे घूसे नहीं पड़ते, बस कपड़े गंदे हो जाते हैं। मेरी पैंट घुटनों पर से फट गई। घर पर पापा ने देख लिया, पूछने लगे किसने मारा ? मैंने कहा–लड़ाई हुई पर मारा किसी–ने–किसी को भी नहीं। उन्हें लगा मैं कुछ छुपा रहा हूँ। वो उसी वक़्त मेरे दोस्त के घर पर गए और

उसके पापा को सड़क पर खड़े होकर गालियाँ दीं और जब मेरा दोस्त माफी माँगने आया तो उसे एक चाँटा मार दिया। स्कूल में काफी समय तक मेरे दोस्त मुझे चिढ़ाते रहे... 'ऐ इसे छूना मत, नही तो बदला लेने इसका बाप घर तक आ जाता है।' ये सुनते–सुनते मैं थक गया था। मैं हमेशा थक जाता था। मैं बहुत जल्दी थक जाता था।

पिता : तू फिर हार गया।

लाल : मुझे ताश खेलना नहीं आता है।

पिता : क्यों ?

लाल : क्योंकि आपने कभी मेरे साथ ताश नहीं खेला है।

पिता : क्योंकि तुझे चश्मा लग गया था ना इसलिए।

लाल : आपने मेरे दोस्त को चाँटा क्यों मारा था। (पिता जाने लगता है) इन्दिरा गांधी के मरने की खबर दादाजी को क्यों नहीं दी गई।

पिता : इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है।

लाल : आप कहाँ जा रहे हैं ?

पिता : बाथरुम। (प्रस्थान)

पीताम्बर : अजीब–सा बुखार आजकल मैं महसूस करता हूँ। ये बुखार बढ़ता नहीं है, घटता नहीं है, बस रहता है वहीं आपके भीतर।

लाल : देर तक सोते रहने से क्यों जैसे कई सवाल उठे। इन सवालों का जवाब मेरे पास नहीं है, क्योंकि मेरी कहानियाँ आधी रह जाती हैं पूरी नहीं हो पाती.....मेरी कहानियाँ....(तभी लाल को कहानी सूझती है... पीताम्बर खुश हो जाता है वह जल्दी से अपनी नोट बुक निकालता है।) मेरी कहानी .....मेरे दादाजी काले थे, मेरे पिता गोरे और मैं बहुत गोरा.....शुरु करो.....

पीताम्बर : (टाइप करते हुए) मेरे दादाजी काले थे, मेरे पिताजी गोरे और मैं बहुत गोरा।

बूढ़ा आदमी : मेरे पिताजी बहुत काले थे – वो कहते थे कि वो रात में पैदा हुए है इसीलिए काले हैं....उन्हें पूरा यकीन था कि यदि वे दिन में पैदा हुए होते तो गोरे होते.. ..मेरी तरह–मेरी माँ काली थी, मेरे पिताजी बहुत काले थे– और मै गोरा था... .पर मेरे पिताजी खुश रहते थे क्योंकि उनको ये कारण ही बहुत सही लगता था कि मेरा बेटा सुबह पैदा हुआ है इसलिए रात अपना रंग उस पर नहीं छोड़ पाई–वो बच गया, मेरा बेटा बच गया, देर रात को वह हमेशा उठकर एक बार मेरी तरफ देख लेते थे.....उन्हें रात में मैं बहुत सुन्दर दिखता था–ये वो मुझे सुबह बताते थे...'कल रात को बहुत सुन्दर लिख रहा था।'

लाल : मैं आपको स्टेशन लेने आने ही वाला था।

(बाप प्रवेश कर चुका होता है....दोनों पैर पड़ते हैं)

पिता : उसकी क्या जरुरत है–क्या मुझे तुम्हारा घर नहीं पता है ?

लाल : किसे ढूँढ रहे हैं ?

बूढ़ा आदमी : मुझे दोपहर का आसमान बहुत अच्छा लगता है–दोपहर का आसमान बहुत शान्त होता है–उसमें छोटे धब्बे सी एक चील मँडराती रहती है, मुझे पता ही नहीं चलता था कि मैंने कब चील को देखना शुरु किया और कब आसमान को देखना छोड़ा...अब चील नहीं उड़ती है...उसके पर झड़ते हैं.....चील के पर झड़ना अजीब लगता है ना....? जैसे कोई शेर बूढ़ा हो रहा हो और आपने उसके झड़ते हुए दाँत देख लिये... हा.. हा.. हा....।

लाल : किसे ढूँढ़ रहे है?

पिता : तुम्हारी माँ....तुम्हारी माँ की तस्वीर नहीं लगाई तुमने ?

लाल : नहीं लगाई।

पिता : बेटा अब मैं अकेला नही रह सकता....मुझे किसी की जरुरत है.... तुम शादी कर लो.... माफ करना....तुम एक छोटी–सी दुकान क्यों नहीं खोल लेते.....अरे आजकल STD-PCO बहुत चलते हैं...और उसके साथ अगर Xerox डाल लो तो पैसा ही पैसा..... तुम अपना लिखते रहना, मैं दुकान सँभालूँगा।

लाल : ये कहानी मुझे अभी पूरी करनी है।

पीताम्बर : फिर क्या हुआ ?

पिता : अपनी माँ के नाम पर रखना STD-PCO और Xerox का नाम .... सावित्री बाई STD-PCO & Xerox अच्छा है ना–

बूढ़ा आदमी : फिर मेरी शादी हुई–सावित्री नाम था लड़की का –मेरे पिताजी ने सिर्फ इसलिए उससे मेरी शादी की....क्योंकि वो रात में पैदा हुई थी फिर भी गोरी थी–पिताजी को लगा कितनी भाग्यशाली है, रात में पैदा होकर भी गोरी हैं– बाद में हमें एक लड़का पैदा हुआ .....जिसे पैदा होते ही जॉन्डिस हो गया... पीलिया। (बूढ़ा आदमी लाल की तरफ इशारा करता है।)

पिता : घटनाएँ सालों में बँटी होती है .....साल भी हमें घटनाओं के रुप में ही याद रहते हैं....जिस साल की कोई घटना नहीं, समझो वो साल हमने जिया ही नहीं...और कई घटनाएँ इतनी बड़ी होती है कि जीवन लगती है जिसे हम अलग–अलग तरीके से पूरी जिन्दगी जीते रहते हैं।

बूढ़ा आदमी : ये तब की बात है जब हमारे यहाँ नया–नया टीवी आया था– बहुत कम लोगों के यहाँ टी वी हुआ करता था। उस वक्त सावित्री मुझे भूल चुकी थी– उसे टीवी से प्यार हो गया था .....तब तक मेरे पिताजी बूढ़े हो चुके थे, उन्हें अलग कमरे में शिफ्ट भी कर दिया गया था। तब सिर्फ दूरदर्शन हुआ करता था और सैटर्डे–संडे को फिल्म दिखाई जाती थी।

लाल : मुझे फिल्म देखने में कोई दिलचस्पी नहीं थी.....पर मेरे दादाजी– वो फिल्मों के पीछे पागल थे– उनके लिए टीवी चमत्कार था– वो फिल्म देखते हुए हँसते थे, रोते थे....वो फिल्म देखते नही थे– वो फिल्म देखना जीते थे। दादाजी की आवाज चली गई थी– वो दिन भर में केवल दो–तीन शब्द ही बोल पाते थे.... .जैसे पानी–खाना और बोलते ही हाँफने लगते थे–इसलिए वो इन शब्दों का इस्तेमाल बहुत नाप–तौलकर करते थे। मैं फिल्म नहीं देखता था, मैं तो बस दादाजी को फिल्म देखते हुए देखता था।

पिता : सैटर्डे–संडे को हमारे यहाँ बहुत भीड़ होती थी, सावित्री के दोस्त आते थे– खासकर संडे को तो मेरा अपने ही घर में घुसना मुश्किल हो जाता था। सावित्री को मेरे पिताजी का फिल्म देखना बिल्कुल पसन्द नहीं था.... क्योंकि उनके पूरे शरीर से बदबू आती थी पेशाब की..... । सावित्री....पर उसने गलत किया.....!!!

लाल : क्या....क्या गलत किया था माँ ने ?

पिता : पूरी दुनिया में इतनी कहानियाँ बिखरी पड़ी हैं, तुम कुछ भी लिख सकते हो... फिर क्यों अपने आपको तकलीफ दे रहे हो ?

लाल : क्योंकि मैं एक ही तकलीफ को बार–बार नही जीना चाहता हूँ।

(लाल बाप के सामने चिल्ला देता है.. बाप घबरा जाता है.. ।)

पिता : मैं जब सपने देखा करता था तो मैं कभी उन सपनों को भुला नहीं पाया जिन्हें मैं देखना चाहता था। मेरे सपने बस आते थे और मै उन्हें देख लेता था। मैं अपने सपने में अपने बेटे को कुछ बनाना चाहता था पर वो बना नहीं, वो मेरे सपनों जैसा ही निकला। वो जैसा था वैसा ही मेरे सपने में आ जाता था।

लाल : क्या गलत किया माँ ने ?

पिता : देखा .....

(पिता का प्रस्थान)

लाल : सावित्री ने क्या गलत किया ?

पीताम्बर : ये तो तुम्हें पता है .... है ना?

लाल : हाँ...ये तो मुझे पता है– तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो?

पीताम्बर : पता नहीं.... शायद मैं STD-PCO खोलना चाहता था, नहीं खोल पाया इसलिए पीला स्कूटर चलाता हूँ। वैसे भी इस देश में आदमी कौन से रंग का स्कूटर चला सकता है.....? पहले तो स्कूटर चलाते ही वो मिडिल क्लास का हो जाता है . ...वो हरे रंग का स्कूटर नही चला सकता, वो भगवे कलर का स्कूटर नही चला सकता, वो लाल रंग का स्कूटर नही चला सकता। तो वो कैसे बता सकता है कि मैं किसी का नही हूँ, किसी की तरफ नहीं हूँ.....पीला रंग बचा हुआ है इसलिए मैं पीला स्कूटर चलाता हूँ और मै किसी की तरफ नही हूँ।

पीताम्बर : बताओं सावित्री ने क्या गलत किया ?

लाल : सावित्री ने दादाजी का संडे को टीवी वाले कमरे में आना बन्द करवा दिया..... .(संगीत)

(पीताम्बर उस संगीत पर टाइपराइटर पर जाकर बैठ जाता है.. और टाईप करना शुरु कर देता है।)

बूढ़ा आदमी : पिताजी का संडे को फिल्म देखना बन्द हो गया था.... बन्द करवा दिया गया..... सावित्री के दोस्त आते थे ना.....मैंने सावित्री को कहा, पिताजी को फिल्म देखना बहुत अच्छा लगता है....वो पूरे हफ्ते इन दो दिनों का इन्तजार करते हैं और शनिवार–इतवार को तो उनसे शाम का समय नहीं कटता है....वो खाना–पीना

सब भूल जाते हैं–पर वो नहीं मानी–संडे को उनका आना बन्द करवा दिया गया। पर टीवी की आवाज उनके कमरे तक आती थी।

पीताम्बर : हाँ टीवी की आवाज उनके कमरे तक आती थी।

लाल : मुझे उस वक्त फिल्म देखने का शौक बिलकुल नहीं था, मुझे तो बस दादाजी को फिल्म देखते हुए देखना अच्छा लगता था। अब मैं संडे को दादाजी के कमरे के इर्द–गिर्द मँडराता रहता था, अन्दर जाने की हिम्मत नही होती थी– अगर दादाजी ने मुझसे कह दिया कि मुझे टीवी वाले कमरे में ले चलो तो मैं क्या करुँगा..... माँ ने सख्त मना किया था... वैसे मुझे माँ का भी उतना डर नहीं था पर असल में दादाजी दिन भर में कुछ ही शब्द बोल पाते थे और मैं उनके पूरे एक वाक्य को जाया होते हुए नही देख सकता था।

पीताम्बर : एक संडे को मुझसे नही रहा गया...मैंने सोचा वहाँ फिल्म चल रही है तो दादाजी इस वक़्त क्या रहे होंगे। सो मैं एक स्टूल ले आया, ऊपर चढ़ा और खिड़की का पर्दा हटाकर देखा... तो देखता क्या हूँ कि दादाजी अपने पलंग पर लेटे हुए है. ..उनकी आँखें माथे की तरफ चढ़ी हुई हैं और वो टीवी वाले कमरे की तरफ देखने की कोशिश कर रहे हैं....और चेहरे पर वैसे ही भाव बदल रहे हैं जैसे वो फिल्म देखते हुए बदलते थे ।

वो हँस रहे थे–वो रो रहे थे....वो चुप थे–वो अब फिल्म देखना सुन रहे थे।

बूढ़ा आदमी : थककर बैठ जाने से पहले नींद आ जाती थी.....पर अब बैठे–बैठे थकना तो होता है पर नींद नहीं आती है। नींद आने के लिए हमारी उम्र में बड़े पैंतरे करने पड़ते हैं.....ये रात से आपके सम्बन्ध पर भी निर्भर करता है...बचपन में मेरे पिताजी मुझसे कहते थे सो जाओ पर हम सोते नही थे–फिर कहते थे....आँखे बन्द करो और एक सपना देखो–जैसे ही सपना खत्म हो जाए, मुझे तुरन्त सुना देना–मेरे अच्छे सपने की तलाश वहीं से शुरु हो जाती थी। जैसे ही सपना मिलता–एक आवाज आती...उठो बेटा घूमने चलते है...सुबह हो गई...और सुबह हो जाती थी...रोज सुबह घूमते समय मैं पिताजी को अपना टूटा–फूटा सपना सुनाता था– पर आजकल रात, पूरी रात चलती है....सपने हैं जो थकी हुई उबासी की तरह आते है और वहीं उस वक्त खत्म हो जाते हैं....मेरे पिताजी को भी नींद नहीं आती थी. ..अब सोचता हूँ कि वो दिन भर एक कमरे में अकेले क्या करते होंगे....कमरा, जिसमें सुबह और रात का पता खिड़की से आती हुई रोशनी के आने और जाने से लगता था––एक बल्ब था नीरस–सा....जिसे जला दो तो समझो रात होने वाली है और बुझा दो तो समझो सुबह....पर वो मुस्कुरा देते थे–बल्ब जलाने का काम मेरा था। जब भी उनके कमरे में बल्ब जलाने जाता था तो पिताजी मुझे देखकर मुस्कुरा देते थे।

पीताम्बर : वह मुस्कुरा देते थे?

लाल : हाँ वह मुस्कुरा देते थे।

पीताम्बर : हाँ वो मुस्कुरा देते थे....बल्ब बुझाने का काम मेरा था। जब भी मैं दादाजी के कमरे में बल्ब बुझाने जाता था–तो वो हमेशा मुझे देखकर सचेत हो जाते थे....जैसे उस कमरे में और भी बहुत से लोग हैं.....जिनसे वो मेरे आने के ठीक पहले तक बातें कर रहे थे....मैं पूरे कमरे में देखता कि वो कौन लोग हैं जिन्हें दादाजी छुपाना

चाहते हैं–अजीब–सी मुस्कुराहट उनके चेहरे पर छा जाती थी, जैसे कि वो रँगें हाथों पकड़े गए हों....मैं डर के मारे बल्ब बुझाकर भाग जाता था...अरे तुम कहाँ चल दिए ?

लाल : चाय चढ़ाने।

पीताम्बर : इसका क्या होगा ?

लाल : पता नहीं।

पीताम्बर : ये कहानी पूरी नहीं करोगे ?

लाल : करुँगा।

पीताम्बर : कब ?

लाल : अभी....अभी चाय ब्रेक।

पीताम्बर : रुको।

लाल : क्या मैं एक चाय नही पी सकता।

पीताम्बर : चाय पीते वक्त क्या सोचोगे ?

लाल : अरे ये मैं कैसे बता सकता हूँ।

पीताम्बर : तुम यहीं तय करते जाओ कि चाय पीते वक्त क्या सोचोगे।

लाल : तय कर लिया।

पीताम्बर : क्या ?

लाल : तुम्हें क्यों बताऊँ (लाल भीतर चला जाता है)।

(अब अगले तीन सीन लाल भीतर चाय बनाते हुए सोच रहा है– जो बाहर हो रहे हैं। तीसरे सीन में लाल खुद बाप के साथ आ जाता है।)

(पीताम्बर पिताजी का एक लेटर लेकर बूढ़े आदमी की बाल्कनी में जाकर खड़ा हो जाता है।)

बूढ़ा आदमी : पीलिया पीला स्कूटर चलाने से खत्म हो जाता है। पर विश्वास करना पड़ता है। पीलिया के कारण मुझे पीले रंग से नफरत है।

पीताम्बर : कोई आदमी पीला स्कूटर कैसे चला सकता है। इस बात पर मुझे हँसी आती है। पर मेरे पिताजी के पास इसके कई कारण थे और वो अपने सारे बचकाने कारण मुझे लिखकर बताते थे जिसका नतीजा यह हुआ कि बाद में मैंने उनका लिखा हुआ पढ़ना बन्द कर दिया।

बूढ़ा आदमी : छोटे सवालों के छोटे जवाब हो सकते हैं। पर कुछ सवाल इतने बड़े हैं कि उनके जवाब नहीं होते। वो आपके साथ रहने लगते हैं।

पीताम्बर : मैं जब भी पिताजी के लिखे कारण को पढ़ता तो उनसे एक ही बात कहा करता था कि वो मुझे मेरे सपनों जैसे लगते हैं .....टूटे–फूटे, अधूरे, बचकाने।

बूढ़ा आदमी : मैंने अपने अधिकतर लिखे खतों में अपने बेटे से अपने बचकाने सपनों का ही जिक्र किया है। पर अन्त हमेशा एक ही लाइन से किया है।

पीताम्बर : (खत का अन्त पढ़ते हुए)मैं तुमसे मिलना चाहता हूँ कब आऊँ ?

बूढ़ा आदमी : जवाब कभी नही मिला क्योंकि वो मेरे खत खोलकर कभी पढ़ता ही नहीं था। इसलिए मैंने एक खत के ऊपर ही लिख दिया ''7:30AM आ रहा हूँ''

(ब्लैक आउट)

(पीताम्बर लाल की बाल्कनी में खड़ा है.. नील बाल्कनी में आती है और उसके सामने खड़ी होकर उससे पूछती है।)

नील : अन्दर आऊँ ? या नही आऊँ ?

पीताम्बर : तुम अन्दर आ चुकी हो।

नील : तुम बहुत थक गए हो, इतना मत सोचो ।

पीताम्बर : तुम्हारे सामने बेचारा बनने में कितना सुख मिलता है।

नील : बेचारी मैं।

पीताम्बर : तुम मुझे कभी माफ नही करोगी ना ?

नील : तुम चाहते हो कि मैं तुम्हें कभी माफ नहीं करुँ।

पीताम्बर : हाँ मैं चाहता हूँ... मैं चाहता हूँ कि तुम यहाँ कभी ना आओ।

नील : क्यों मुझमें एक फाँस ढूँढ़ रहे हो ?

पीताम्बर : नहीं।

नील : तुम जब भी मुझसे प्यार करते हो मुझे लगता है कि तुम मुझसे बदला ले रहे हो।

पीताम्बर : किस बात का ?

नील : वो चीजें जो तुम्हारे पास नहीं हैं, उनका। या वो चीजें जो सिर्फ तुम्हारे ही पास है।

पीताम्बर : जो बातें मैं तुमसे कहता हूँ तुम्हारे जाने के बाद उनसे कहीं ज्यादा उन बातों की कतरनें मेरे घर में बिखरी रहती हैं जो मैं तुमसे नही कह पाता हूँ।

नील : क्या कहना चाहते हो ?

पीताम्बर : पता नहीं। (किचेन से कुछ गिरने की आवाज आती है) कहानी पूरी करनी है।

नील : क्या कहती है तुम्हारी कहानी। आज पूरी हो जाएगी ?

पीताम्बर : आज पूरी करनी है। वो पिताजी के सारे लेटर्स खोल के पढ़ चुका हूँ सिवाए अन्तिम लेटर के। अगर वो खुल गया तो कहानी यहीं रुक जाएगी।

(डोरबेल)

(लाल और उसके पिता दरवाज़े से अन्दर आते हैं। लाल के कपड़े अलग हैं वह इस समय तीसरे सीन में हैं जो वह भीतर चाय बनाते हुए सोच रहा है।)

लाल : आइए, आइए पिताजी सँभल के हाँ, यहाँ बैठ जाइए।

पिता : कैसे हो बेटा? यहाँ सब ठीक है ना.....मुझे कई दिनों से बुरे सपने आ रहे थे– लगा तुम्हारा एक्सीडेन्ट हो गया है....तुम फिर से बीमार पड़ गए हो....तुम्हें जॉन्डिस हो गया है .....

लाल : नही....

पिता : मेरी तबीयत ठीक नहीं है ....फिर भी मैं आ गया....सोचा कुछ दिन तुम्हारे साथ रह लूँगा तो सब ठीक हो जाएगा....वैसे मैंने अपने सारे लेटर्स के अन्त में तुमसे पूछा है कि मैं तुम्हें मिलने आऊँ–पर तुमने जवाब नहीं दिया....मैं यहाँ ज्यादा दिन नही रुकूँगा, मुझे पता है तुम्हें मेरा यहाँ आना पसन्द नहीं.....

पीताम्बर : नहीं ऐसी बात नहीं है....पापा...मैं...मैं...कुछ बोलो ना....

लाल : पानी पियेंगे ?

पिता : जो पूछना चाह रहे हो....पूछ लो....

लाल : आप बल्ब जलाने जाते थे ना...तो आपने इंदिरा गांधी के मरने की खबर दादाजी को क्यों नहीं दी.....?

पिता : इसमें तुम्हारी गलती नहीं है.....

नील : उन्होंने कह दिया, इसमें तुम्हारा कोई कसूर नहीं है...चुप रहो।

लाल : मेरी गलती की मुझे चिन्ता नहीं, पर आप.....

नील : देखो ये मत पूछना.....

लाल : आप माँ को छोड़कर क्यों चले गए थे...? बाद में माँ से बार–बार मिलने क्यों आते थे....?

नील : उनकी तबीयत ठीक नहीं है और तुम .....

पिता : पता है जब मैं और मेरे पिताजी रोज घूमने जाया करते थे ना तो मैं उन्हें अपने सपने के बारे में बताया करता था....हर रोज...। उस वक़्त मेरे पिताजी के रंग की एक काली चील हमारे सिर के ऊपर मँडराया करती थी– पिताजी कहते थे–जब मैं ना रहूँ तो तुम अपने सपने इस चील को सुना देना और मान लेना कि मैं सुन रहा हूँ.....मैंने मान लिया–आज तक मैं यही मानता आ रहा हूँ, तुम्हें भी अन्त मानना पड़ेगा।

नील : देखो तुम मान सकते हो.....मान लो अन्त....और कहानी खत्म करो।

पिता : आजकल सपने नहीं आते....रात पूरी रात चलती है.....सोते रहना बड़ी कला है जो एक उम्र के बाद कम होती जाती है....सुबह घूमने भी नहीं जाता हूँ....क्योंकि चील बूढ़ी हो चुकी है.....वो ऊपर आसमान में नही उड़ती....उसके पर झड़ते हैं.....वो मेरे घर के सामने–एक पेड़ के ठूँठ पर बैठी रहती है.....मैं रोज सुबह घर से निकलकर उस पेड़ के नीचे जाके थोड़ी देर बैठ जाता हूँ–मेरे पास कोई सपना नहीं होता लेकिन चील सपना सुन रही होती है–वो मान लेती कि मैं सपना सुना रहा हूँ.....और मैं मान लेता हूँ कि वो सपना सुन रही है..

लाल : पर आपने मेरी बात का जवाब नहीं दिया?

नील : वो जवाब दे चुके हैं।

पिता : इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है।

पीताम्बर : ये तो मैं अपने आपको कब से समझा रहा हूँ....पर उस डर का क्या करुँ....जिसे एक बुखार की तरह मैं अपने भीतर पाल रहा हूँ....जो बढ़ता नही है, घटता भी नहीं है, बस रहता है वहीं आपके भीतर।

लाल : ये डर है शब्दों का .....अनकहे शब्दों का....जो कोई आपसे कहना चाह रहा था पर आप उसे अनसुना करते रहे। हर सुबह जब मैं दादाजी के कमरे में बल्ब बुझाने जाता था...तो वो कुछ शब्द मुझसे कहते थे–शब्द जिन्हें मैं समझता तो था पर सुनना नहीं चाहता था। मैं डर के मारे उनके सामने चिल्ला देता था–क्या...क्या... पानी चाहिए...?.क्या....?चाय....चाय चाहिए? भूख लगी है...? अच्छा मैं बाद में आता हूँ और उनके कमरे से बाहर निकल आता था।

पीताम्बर : पर वो शब्द...वो अधूरे शब्द पूरे दिन मेरे कानों में गूँजते रहते थे। बाद–बाद में वो डर इतना बढ़ गया कि मैंने उनके कमरे में जाना ही बन्द कर दिया– चुपके से बल्ब बुझाने जाता था और वहाँ से भाग जाता था।

पिता : तुम पीला स्कूटर मत बेचना उसे अपने पास ही रखना।

लाल : आपने दादाजी को इंदिरा गांधी के मरने की खबर क्यों नही दी?

पिता : तुम अपने सपने....अपनी कहानियाँ स्कूटर को सुनाया करना और मान लेना मैं सुन रहा हूँ।

बूढ़ा आदमी : (निर्मल वर्मा ने कहीं लिखा है) 'एक उम्र के बाद माँ–बाप अपने बच्चों की बढ़ती उम्र की छाया तले छोटे होते जाते हैं।' मेरे पिताजी सचमुच बच्चे हो गए थे। वो फिल्म देखने के पीछे पागल थे...वो बच्चों जैसी जिद करने लगते थे। खाना–पीना छोड़ देते थे। शनिवार को फिल्म देखते थे, लेकिन मैनें उन्हें संडे को फिल्म नही देखने के लिए जैसे–तैसे मना लिया था....मुझे लगा मैं उनसे उनके जीवन की आधी साँसें माँग रहा हूँ। उन्हें बहुत दुःख पहुँचा था...मैं सावित्री से बहुत नाराज हुआ करीब एक हफ्ते घर भी नहीं आया.....खैर....अन्त में वो नहीं मानी।

लाल : मुझे माफ कर देना पापा.....

पिता : नहीं–इसमें तुम्हारी कोई गलती नहीं है...बेटा मुझे.....अन्दर....

लाल : चलिए मैं ले चलता हूँ...कहाँ जाना है.....

पिता : बाथरुम।

(लाल पिताजी को लेकर अन्दर आता है, ब्लैक आउट होता है। जब लाइट आती है तो पीताम्बर टाइप कर रहा होता है और हम देखते हैं, एक बाल्कनी में बूढ़ा आदमी और एक बाल्कनी में पिता नाच रहे होते हैं... ये उनके पात्रों के लिखे जाने का उत्सव जैसा है। लाल चाय का कप लेकर अन्दर आता है, बाप और बूढ़े आदमी पर से लाईट जाती है.. और कहानी आगे बढ़ती है।)

पीताम्बर : चाय ब्रेक ओवर ?

लाल : हाँ....चाय ब्रेक ओवर।

पीताम्बर : फिर क्या हुआ ?

लाल : फिर इंदिरा गांधी की मृत्यु हो गई।

पीताम्बर : फिर एक दिन खबर आई कि इंदिरा गांधी की मृत्यु हो गई है..... 31 अक्टूबर, बुधवार....पूरे देश में शोक मनया गया। टी0वी0 पर भी फिल्में दिखाई जानी बन्द हो गई....पिताजी ने माँ से कहा–इंन्दिरा गांधी के मरने की खबर दादाजी को दे देना और माँ ने.....

लाल : और माँ ने वो काम मुझे सौंप दिया.... बेटा अपने दादाजी को बता देना कि इंदिरा गांधी की मृत्यु हो गई है...इसलिए टी0वी0पर फिल्में नहीं आ रही हैं।

पीताम्बर : मैं कई दिनों तक दादाजी के कमरे के इर्द–गिर्द मँडराता रहा....उसमें एक सैटर्डे संडे भी निकल गया पर अन्दर जाने की हिम्मत नहीं हुई।

लाल : फिर एक दिन मैं दादाजी के कमरे में गया...घुसते ही लगा जैसे वो मेरा इन्तजार कर रहे थे। मैं उनके पास गया तो उन्होनें मेरा हाथ पकड़ लिया.....कसकर पता नहीं इतनी ताकत उनमें कहाँ से आ गई थी। मुझे अपने पास खींचा और कहा ''मेरे कान खराब हो गए हैं, मुझे कुछ सुनाई नहीं दे रहा है'' वो एक साँस में इतनी लम्बी लाइन कैसे बोल गए–वो हाँफने लगे, उन्हें मेरे भाग जाने का शायद डर था, इसलिए उनके हाथ की पकड़ तेज होती जा रही थी.....उन्होने मुझे और पास खींच लिया...शायद वो और कुछ कहना चाह रहे थे–पर उनका चेहरा डरावना होता जा रहा था। मैं डर गया जल्दी में मैने कहना चाहा कि–''इन्दिरा गांधी की मृत्यु हो गई है इसलिए टी0वी0 पर फिल्में नहीं.....'' पर मेरे मुँह से एक शब्द भी नही निकला। मैंने देखा उनकी आँखें पीली होती जा रही हैं.... चेहरा काला–पीली आँखें.....वो एकदम चील जैसे दिखने लगे थे–मैं डर गया...मैंने अपना हाथ छुड़ाया और कमरे से बाहर निकल आया।

बूढ़ा आदमी : इतवार को मुझे अभी भी याद है...जब मैं उनके कमरे में बल्ब जलाने गया था, तो देखा उनकी आँखें उनके माथे तक चढ़ी हुई हैं। वो टी0वी0 वाले कमरे की तरफ देखने की कोशिश कर रहे हैं। मुझे अजीब लगा, क्योंकि वो पहली बार मुझे देखकर मुस्कुराए भी नहीं.....पास पहुँचा तो देखा उनका शरीर पूरी तरह अकड़ा हुआ है.....इच्छा तो हुई कि सावित्री को घसीटकर लाऊँ और ये दृश्य दिखाऊँ...पर मैं उनके पास जाकर बैठ गया ... उनसे माफी माँगी.....उनकी पलकों पर हाथ फेरा और उनकी आँखें बन्द हो गई।

(बूढा आदमी उठकर जाने लगता है।)

लाल : कहाँ जा रहे हैं आप ?

बूढ़ा आदमी : बाथरुम।

पीताम्बर : लगातार पिताजी का बाथरुम आना मैं देखता रहा.....वो बहुत परेशान थे–मेरी इच्छा हुई पिताजी से कहूँ कि मेरे कारण ही दादाजी की मृत्यु हो गई...मैं ही उन्हें इन्दिरा गांधी की मृत्यु के बारे में नही बता पाया....पर...मेरी हिम्मत ही नहीं हुई...

मुझे मार खाने का डर नहीं था। मुझे पिताजी की चिन्ता थी, वो दादाजी की मौत के कारण पूरी तरह से टूट चुके थे–मैंने सोचा समय आने पर बता दूँगा। सही समय आने पर बता दूंगा.....

लाल : मैं सही वक़्त का इन्तजार ही करता रहा....दादाजी की मृत्यु के तीसरे दिन पिताजी घर छोड़कर चले गए थे....वो जाते वक्त अपना सारा सामान भी ले गये थे। सारा समान, मतलब एक झोला और एक पेटी। पीला स्कूटर छोड़ गए थे.... उस वक्त भी उन्हें मेरे जॉन्डिस की चिन्ता थी।

पीताम्बर : पिताजी के आए सभी लेटर्स को मैंने कभी खोला नहीं, पर पिछले दो महीने से उन्हें खोलता हूँ, पढ़ता हूँ, जवाब लिखता हूँ। उनका अन्तिम लेटर दो महीने पहले आया था...ये मैंने अभी तक नहीं खोला है....कल 7:30AM आ रहा हूँ.... ऊपर ही लिखा है....। इस लेटर के बाद ना वो आए, न उनका कोई लेटर,.... किसी के मरने का आपको उतना दुःख नहीं होता है, जितना इस बात का कि उसके साथ–साथ वो सम्बन्ध भी जल गया, जो सिर्फ आप दोनों जी रहे थे.... एक साथ.....। फिर लगने लगता है जैसे आपके साथ धोखा हुआ है.. आप दोनों का एक संबंध का एक पुल था जिसपर आप दोनों चला करते थे.. एकसाथ। अचानक वो अपना हिस्सा काट कर चला गया....अब आप अधूरे पुल के छोर पर खड़े हैं....जहाँ से आपको उसके जीवन का किनारा तो दिख रहा है पर उस किनारे के रहस्यों को आप कभी नहीं जान पाएँगे.....वो दिन–ब–दिन आपसे दूर होता जाएगा.....

लाल : कहानी तो दादाजी की मौत पर खत्म हो चुकी है.....अब ये जो भी हैं उस कहानी की कतरनें है–जो इस कहानी में ही हैं.... पर इनकी कहानी को अब कोई जरुरत नहीं है।

पीताम्बर : 7:30AM पिताजी आने वाले हैं।

लाल : हाँ।

पीताम्बर : एक बात पूँछू ?

लाल : पूछो !

पीताम्बर : तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो ? हा–हा–हा.....

(चला जाता है ....पिता का प्रवेश)

पिता : तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो ?

लाल : मान लेने के लिए मेरे पास ज़्यादा कुछ नहीं है....एक पीला स्कूटर है, जिसे पिताजी के खतों के जवाब पढ़कर सुनाता हूँ और मान लेता हूँ कि पिताजी सुन रहे हैं, इसलिए पीला स्कूटर चलाता हूँ।

पिता : तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो ?

लाल : अब मुझे पीलिया का भी डर है इसलिए मैं पीला स्कूटर चलाता हूँ।

पिता : तुम पीला स्कूटर क्यों चलाते हो ?

लाल : मैं असल में... अपने आपसे बदला ले रहा हूँ...ये पीला स्कूटर नहीं है ये असल

में मेरी उँगली में फसी हुई एक फाँस है...जिसे मैं आपने साथ लिये घूमता हूँ। इसलिए पीला स्कूटर चलाता हूँ।

पिता : अपराध बोध अगर पीठ पर लादे घूमते रहोगे तो जीवन जीना मुश्किल हो जाएगा।

लाल : आप....आप कब आए ?

पिता : 7:30AM मैंने कहा था आऊँगा।

लाल : कब तक आप आते रहेंगे ?

पिता : जब तक तुम मेरा अन्तिम लेटर खोलकर पढ़ोगे नही.....

लाल : मेरे पास बहुत सारे सवाल थे–जिनका उत्तर सिर्फ आप जानते थे। इन सवालों के साथ, आपसे मिलने से भी मैं डरता था– इसलिए मैं पूछ नहीं पाया ...पर कोई है जो इन सवालों के उत्तर जानता है...ये विश्वास ही अपने आपमें इतना बड़ा था कि इन प्रश्नों के साथ् मैं आराम से जी रहा था। पर आपकी मृत्यु के साथ ही ये विश्वास भी मर गया और ये कल्पना ही अपने आप में इतनी डरावनी लगने लगी कि अब पूरी जिन्दगी आपको अकेले ही इन प्रश्नों के बोझ तले जीना पड़ेगा। अब कोई भी नहीं है जो इन प्रश्नों के उत्तर जानता है...पर अब मैंने मान लिया है कि आपने मेरे सारे सवालों के उत्तर अपने इस अन्तिम खत में लिख दिए हैं। इस खत को मैं पूरी जिन्दगी अपने पास रखूँगा पर खोलूँगा नही....मैंने मान लिया है।

पिता : मैंने कहा था अन्त तुम्हें मानना पड़ेगा...अच्छा है तुमने मान लिया। अब मैं नही आऊँगा। मैं जाता हूँ।

लाल : पापा... मेरी एक इच्छा है, मैं एक बार आपकी गोद में सर रखकर सोना चाहता हूँ, सो सकता हूँ ? और जब तक मैं सो ना जाऊँ आप कुछ बोलते रहना ....

पिता : क्या बोलता रहूँ ?

लाल : वही जो मैं सुनना चाहता हूँ।

पिता : सो जाओ.... सभी अपने–अपने तरीके से रात के साथ सोते हैं। हर आदमी का रात के अँधरे के साथ अपना सम्बन्ध होता है। ये सम्बन्ध अगर अच्छा है तो आपको नींद आ जाती है और अगर सम्बन्ध खराब है जो आपके जीवन के छोटे–छोटे अँधेरे, रात के अँधेरे में घुस आते है जो आपको सोने नही देते और आप दूसरों को....

समाप्त

गौ ग्रहण

समूह : सारे जहाँ से अच्छा .....हम बुलबुले हैं इसके ...

सूत्रधार : गाना क्यों रोक दिया ? (दोबारा गाना शुरू)

समूह : सारे जहाँ से अच्छा, हिंदुस्तान हमारा...हम निक्कमे हैं इसके, ये हाल है हमारा

सूत्रधार : ये क्यों? ऐसे क्यों बोल रहे हो?

समूह : हाँ सर, हम सच बोल रहे हैं, हम निक्कमे हैं, बिलकुल निकम्मे।

सूत्रधार : ये गलत बात है, अपने आप को कोसना पाप है।

एक्टर : तो आप निक्कमे है।

सूत्रधार : दूसरों को गाली देना और भी बड़ा पाप है।

एक्टर : हम अपने आप को गाली नहीं दे सकते, दूसरों को नहीं दे सकते, तो हम कैसे जियें?

सूत्रधार : किसी को गाली देने की ज़रूरत ही क्या है ?

एक्टर : मेरी बहन की शादी तो हमारे लिए बोझ बन गयी।

एक्टर २ : और मेरी बहन तो विधवा बनकर घर वापिस आ गयी है।

एक्टर ३ : मेरी भाभी ने आत्महत्या कर ली है।

एक्टर ४ : और इतना सब हो रहा है फिर भी हम सारे जहाँ से अच्छा गायें?

सूत्रधार : बहुत बुरा हो रहा है ,पर तुमने कुछ किया नहीं?

एक्टर : क्या करें ? सूली चढ़ जायें? दूल्हा खरीदने के लिए एक लाख रूपये चाहिए।

एक्टर २ : मेरे जीजा जी ने इतना उधार लिया कि खुद ही निकल लिए।

एक्टर ३ : मेरा भाई शराबी है, इसलिए भाभी ने खुदकुशी कर ली।

सूत्रधार : फिर भी तुमने कुछ नहीं किया ?

एक्टर : तो क्या करेंगे ? भजन ? तो भैया शुरू हो जाओ (राम भजो राम)

एक्टर २ : इस देश में औरत की यही दशा है, ये देश कभी आगे नहीं बढेगा।

सूत्रधार : सुनो! कहीं तुम्हारा नाम शकुनी, शिखंडी, वगैरा वगैरा तो नहीं है?

एक्टर १ : नहीं मेरा नाम बुध है।

एक्टर २ : मैं शनि।

एक्टर ३ : गुरु।

एक्टर ३ : शुक्र।

एक्टर ४ : राहू

एक्टर ५ : केतु।

एक्टर ६ : मैं मंगल।

सूत्रधार : सुनो! बुध, गुरु, शुक्र, शनि, राहू, केतु। ये बातें तुम्हारे पल्ले नहीं पड़ेगी, क्यूंकि तुम अभी लौंडे हो।

एक्टर : तो बड़े लौंडे आप ही बता दो।

सूत्रधार : बताऊंगा, दिखाऊंगा, नाटक करके दिखाऊंगा।

एक्टर : गुरुजी का नाम क्या होगा?

सूत्रधार : सूत्रधार ! और कभी कभी पात्रधार।

एक्टर : और नाटक का नाम ?

सूत्रधार : नाटक का नाम होगा गौ ग्रहण।

समूह : गौ ग्रहण, गौ ग्रहण, गौ ग्रहण, गौ ग्रहण

दृश्य – जंगल

सूत्रधार : कहाँ जा रही हो गौ–माता ?

गाय : जंगल जा रही हूँ चारे के लिए।

सूत्रधार : सावधान जंगल में जंगली जानवर होते हैं।

गाय : मुझे आदत है, मैं जा के आती हूँ।

(मंगला/गाय पर एक बाघ हमला करता है)

गाय : भगवान के लिए मुझे छोड़ दो।

बाघ : इतनी मेहनत की है छोड़ने के लिए।

गाय : मुझे मार कर तुम को क्या मिलेगा?

बाघ : मांस।

गाय : मैं तुम्हारे पाँव पड़ती हूँ।

बाघ : मैं तुम्हारा गला पकड़ता हूँ। गरम खून होता है।

गाय : अभी मुझे छोड़ दो, मैं अपने बच्चों से मिल के, उनसे विदा लेकर वापिस आ जाउंगी।

बाघ : मैं तुम्हें बिल्ली नजर आता हूँ, खून पियूँगा।

गाय : मैं कसम खाती हूँ, मैं जरूर वापिस आउंगी।

सूत्रधार : जब ये इतना कह रही है, तो छोड़ क्यों नहीं देते ?

बाघ : ऐ तू कौन है?

सूत्रधार : मैं, जो कोई भी हूँ ,उसे छोड़ दो, अगर वो नहीं आई तो तुम मुझे खा लेना।

बाघ : चुप ! ले देके इंसान ही रह गया है विश्वास करने के लिए? जानवर ही सही, तू जा।

गाय : बापू बचा लिया तुमने।

सूत्रधार : इस तरह से गौ माता घर पहुंची और अपने बछड़े को दूध पिलाया और रोते हुए जंगल की ओर बढ़ने लगी।

समूह : कहाँ जा रही हो गौ माता?

गाय : मालिक मैंने बाघ को वचन दिया है।

मालिक : बाघ, बिल्ली से मुझे कोई मतलब नहीं, मुझे दूध चाहिए।

सूत्रधार : मगर मालिक की बात को न सुनते हुए गौ माता चल पड़ी। इससे मालिक ने क्रोधित हो कर उस पर वार कर दिया और उस वार से गौ माता के प्राण निकल गए। इस तरह मरने वाली गौ माता ने अगले जन्म स्त्री के रूप, में जन्म लिया (humming)

सूत्रधार : आखिर ये औरत क्या है?

एक्टर १ : माँ, बहन, बेटी।

एक्टर २ : प्रेम करो तो प्रेमिका।

एक्टर ३ : शादी करोगे तो भूतनी।

एक्टर ५ : घर वाला छोड़ दे तो बाजार में।

एक्टर ६ : पति मर जाये तो विधवा।

सूत्रधार : बकवास बंद करो, औरत का मतलब आदर्श शक्ति है, इसीलिए पूर्वजों ने कहा था– करणेषु दासी।

एक्टर १ : सुबह से लेकर शाम तक बैल की तरह काम करने वाली।

सूत्रधार : कार्येषु मन्त्री।

एक्टर २ : मंत्री की तरह सलाह देने वाली, फैसला तो मर्द ही करेगा।

सूत्रधार : भोज्येषु माता।

एक्टर ३ : घर आते ही माँ की तरह खाना खिलाना चाहिए।

सूत्रधार : शयनेषु रम्भा।

एक्टर ४ : चाहे कैसी भी रहे, पर शाम को रसी ली होनी चाहिए।

सूत्रधार : रूपेश लक्ष्मी।

एक्टर ५ : दिखने में पैसों की थैली लगनी चाहिए।

सूत्रधार : क्षमया धरित्री।

एक्टर ६ : पुरुष चाहे कितनी भी गलती करे, क्षमा करना चाहिए।

सूत्रधार : शत्कार्म मुक्ताकुल्धर्मी पत्नी।

एक्टर ७ : अगर ये सब करेगी तो जीते जी स्वर्ग जाएगी।

समूह : नहीं गयी तो हम भेज देंगे। (मंगला को धक्का देकर घेरे से बाहर निकाल देते हैं।)

सूत्रधार : बकवास बंद करो इस तरह की सोच ने ही औरत को कमजोर किया है। स्त्री यानि प्रकृति, प्रकृति से ही सारी श्रृष्टि का निर्माण हुआ है, मैं, तुम, हम सभी का आधार स्त्री है, इसीलिए कहा गया है– मातृ देवो भवः (humming)

दृश्य परिवर्तन

सूत्रधार : क्या हो गया ? (समूह में सभी रोते हैं।)

एक्टर : मैं जल भी जाऊं तो कोई फर्क नहीं पड़ता।

सूत्रधार : क्यों ? कोई दुर्घटना हुई ?

एक्टर : पूरा सत्यानाश हो गया।

सूत्रधार : आखिर हुआ क्या ? ये तो बताओ

समूह : लड़की पैदा हो गयी रे भगवान ...(पूरा समूह रोने लगता है)

सूत्रधार : चुप हो जाओ शुक्रवार के दिन लड़की पैदा होती है तो शुभ माना जाता है। तुम्हें तो खुश होना चाहिए।

एक्टर : लड़की को पालना नरक से कम नही होता।

एक्टर : बिंदी, काजल, आइना, रिबन, फूल, चूड़ियाँ, पायल, लहंगा, सूट–सलवार, दहेज, उपहार, डेलिवेरी, ऑपरेशन, इन सबका खर्चा उठा कर, घर में मरने के लिए के लिए बोलो तो बोलती है ...

समूह : कालेज जाऊंगी।

दृश्य – घर

पिता : बेटी तुम कालेज जाना चाहती हो ?

मंगला : हाँ पिताजी।

भाई : अगर कोई तुमको छेड़ेगा तो हमारी कितनी बेइज्जत्ति होगी ?

पिता : देखो बेटी अगर तुम BA तक पढ़ लेती हो तो मुझे MA पढ़ा लड़का ढूँढना पड़ेगा, ठीक है तुम MA भी पढ़ लेती हो तो मुझे PHD लाना पड़ेगा, अगर तुम PHD कर लेती हो तो मुझे किसे लाना होगा ?

भाई : prime minister प्रधानमंत्री लाना पड़ेगा, अब तुम पढ़ के क्या करोगी ? नौकरी करोगी या राज करोगी?

मंगला : हम नौकरियां भी कर रही हैं और राज भी कर रही हैं। देश भी चला रहीं हैं।

तुम्हारी तरह कालेज बंक करके मॉर्निंग शो नहीं जाती हूँ और एक ही क्लास में ३–३ साल नहीं पढ़ती. पिताजी अगर आप पैसों के लिए सोच रहे हैं तो मेरी शादी का जो भी खर्चा होगा, उसे पढाई के लिए उधार दे दीजिये , आपकी बेटी होने के नाते मैं उसे हर महीने चुका दूँगी

माँ : कितनी सयानी हो गयी है मेरी बेटी।

पिता : हाँ हाँ, बोलेगी बोलेगी, बोलेगी क्यों नहीं आखिर तेरी ही तो बेटी है। ठीक है कालेज जाओगी या भाड़ में जाओगी तुम्हारी मर्जी।

भाई : मगर मेकअप करके नहीं जाओगी।

पिता : यहाँ झुका हुआ सर कालेज में ही उठेगा।

भाई : लव लैटर वगैरा नहीं लेना।

पिता : लड़कों से बात नहीं करोगी।

भाई : बॉय फ्रेंड के साथ ...

मंगला : बस करो मुझे कालेज भेज रहे हो या तबेले में।

पिता : मुह बंद रख, भाई से जबान लड़ाती है

मंगला : क्यों? ये सारे ताने सिर्फ मेरे लिए हैं उसके लिए नहीं?

पिता : वो लड़का है और तू लड़की।

भाई : हाँ लड़कियों को पढ़ने की ज़रूरत ही क्या है?

मंगला : ज़रूरत क्या है? पढ़ाई की देवी सरस्वती, वो भी तो औरत हैं.

दृश्य – बस

एक्टर 1 : अरे गुरु, बेचारी लड़की बस में पिस रही है.

एक्टर 2 : तो कोई मदद क्यों नहीं करता ?

एक्टर 3 : आइसक्रीम जैसी लग रही है।

एक्टर 4 : ऐ लड़की है वो, बेचारी कब से खडी है कोई सीट क्यों नहीं देता ?

एक्टर 5 : आओ बेबी मेरे दिल के उपर बैठ जाओ।

एक्टर 6 : भवति प्रेमन देहि ...थोडा प्यार तो कर लो।

एक्टर 7 : तो मुझे प्यार कर लो।

एक्टर 8 : मैं आपसे प्रेम कर रहा हूँ आप भी मुझ से प्रेम कीजिये ना।

एक्टर 1 : माँ ...ओ... मेरी माँ ...३ साल हो गए ...मुझे किसी ने प्यार नहीं किया थोडा प्रेम कर लो।

मंगला : ओके, ओके, ओके ....तो आप सभी मुझ से प्यार करते हैं।

सभी एक साथ : ऑफकोर्स।

मंगला : तो मैं स्वयंवर की घोषणा करती हूँ, ये मेरा रुमाल जिसे मैं दूँगी वही मुझसे शादी करेगा

एक्टर 2: शादी! ..शादी मतलब विवाह ..विवाह मतलब हमारा बाप तो मर जायेगा.

एक्टर 3: शादी वो भी बिना दहेज के, मेरी माँ तो कुएं में जा गिरेगी.

एक्टर 4: देखिये में आपसे प्रेम करता हूँ, वहां तक तो ठीक है, मगर शादी दिस इज थ्री मच।

एक्टर 5: देखिये मैं आज की पीढ़ी की तरह डरपोक नहीं हूँ, मैं अभी आप से यहीं इसी वक्त शादी कर सकता हूँ, मगर प्राब्लम ये है कि मेरी शादी एकबार हो चुकी है।

मंगला : यू ब्लडी (अपना सैंडल निकालती है)

सूत्रधार : शाबाश बेटी तुमने बहुत ही अच्छा काम किया। प्रेम करने के लिए दिल काफी नहीं हैं हिम्मत भी चाहिए। प्रेम तो मर्द ही कर सकता है। इनसे क्या होगा। पढाई तो हो गयी आगे का क्या इरादा है।

मंगला : मैं नौकरी करना चाहती हूँ।

सूत्रधार : ठीक कहती हो तुम्हें आर्थिक स्वतंत्रता भी चाहिए, छोटी–छोटी चीजों के लिए पति या पिता के सामने हाथ जोड़ने की स्थिति नहीं होनी चाहिए। ठीक है बेटी, जीती रहो मेरी शुभ कामनाएं तुम्हारे साथ हैं।

दृश्य – विज्ञापन

मॉडल 1: रीता कुत्तों के बिस्कुट का समय है सुबह 8 बजे, आपके कुत्तों की वफादारी और हिम्मत बढ़ाने के लिए रीता बिस्कुट का ही इस्तमाल करें गृहणियों के लिए गुड न्यूज अगर आपके कुत्ते नहीं है तो ये अपने पति को खिलाइए वफादारी से रहेंगे।

मॉडल 2: एक मशहूर प्राइवेट कंपनी में काम करने के लिए चहिये – सुन्दर, आकर्षक हसमुख सेक्रेट्री, मेहनती लड़कियां जिन्हें नाचगाने का ज्ञान हो उन्हें विशेष प्राथमिकता दी जाएगी खुले विचार वालो के लिए तनख्वाह की कोई दिक्कत नहीं इच्छुक उम्मीदवार कल सुबह, क्षमा कीजिये कल रात दस बजे इंटरव्यू के लिए आ सकते है।

दृश्य – ऑफिस

सेक्रेट्री : गुडमॉर्निंग सर, इंटरव्यू के लिए अब तक 3333 एप्लिकेशन्स आ चुके हैं, एक कैंडिडेट तो आ भी गई है।

बॉस: (इशारे में सिर हिलाता है)

सेक्रेट्री : ठीक है बुलाता हूँ. (मंगला से) समझो तुम्हारा तो उद्धार हो जायेगा

मंगला : गुड इवनिंग सर।

बॉस : (जिबरिश में कुछ बोलता है और सिर से कुछ इशारा करता है।)

सेक्रेट्री : डरने की कोई बात नहीं, यही हमारे MD साहब है दिखने में भालू जैसे लगते है लेकिन इनका दिल शहद का छत्ता है।

बॉस : (उसी तरह बोलता है।)

सेक्रेट्री : नाम ?

मंगला : मंगला।

बॉस : (उसी तरह बोलता है और मंगला के नजदीक जाकर उसे चारों तरफ से घूरता है।)

मंगला : ऐसे क्या देख रहे हैं ?

सेक्रेट्री : फिजिकल फिटनेस वो है या नहीं वो देख रहे है।

मंगला : वो तो आखिर में ...

सेक्रेट्री : अरे नहीं, यहाँ तो पहले ही देखा जाता है।

बॉस : (पुनः उसी तरह बोलता है।)

सेक्रेट्री : उम्र क्या है ?

मंगला : 18

बॉस : (पुनः उसी तरह बोलता है।)

सेक्रेट्री : अरे अरे अरे ...तुमने दो साल बेकार कर दिए, इसलिए देख रहे हैं, खैर कोई बात नहीं ... स्पीड कितनी है।

मंगला : फिफ्टी वर्ड्स पर मिनट।

बॉस : (उसी तरह बोलता है।)

सेक्रेट्री : हमारे MD साहब खुश हैं।

बॉस : (उसी तरह बोलता है।)

सेक्रेट्री : सर कह रहे है तुम्हे ऑफिस आने की जरुरत नहीं है, ये ही तुम्हारे घर चले जाया करेंगे।

मंगला : देखिए, मेरी तरह आपकी भी बेटी होगी, इंटरव्यू के लिए जब वो भी आयेगी तो उनके साथ भी बिलकुल ऐसे ही होगा। आपको शर्म आनी चाहिए।

सेक्रेट्री : देखो बेटी ये तो हमारी ड्यूटी है, पापी पेट का सवाल है।

मंगला : पेट भरने के लिए इमान को मारने की जरुरत नहीं है।

सेक्रेट्री : मुझे मालूम है बेटी, लेकिन मेरा काम यहाँ एक ब्रोकर का है।

मंगला : ऐसी बत्तर जिन्दगी से तो मरना ही ठीक है।

सेक्रेट्री : मैं कुछ नहीं बोल सकता बेटी।

बॉस : (उसी तरह इशारे में)

सेक्रेट्री : देखो बेटी वो आ रहा है, तुम यहाँ से दूर भाग जाओ।

मंगला का प्रस्थान। सेक्रेट्री अपने बॉस को मार देता है।

सूत्रधार : एक लड़की की इज्जत कितनी सस्ती हो गयी है। नौकरी चाहिए, फिल्मों में रोल चाहिए, या किसी मंत्री से काम हो आखिर दो वक्त की रोटी के लिए औरतों को अपनी इज्जत दांव पर लगानी ही पड़ती है... वो देखो एक लड़की आधी रात में अकेली जा रही है, देखते है क्या होता है।

दृश्य – गली

नशे में गाना गाते हुए

शराबी 1 : (गाँधी जी की मूर्ति के सामने) वही नाक, और वही ऐनक, वही डंडा, लगता है मैंने कहीं इसे देखा है।

शराबी २: हाँ मुझे भी एसैच लग रहा है।

शराबी 1: कौन है ये? हाँ याद आ गया, मुन्ना भाई फिल्म नहीं देखी तुने, उसमे एक एक्टर है ये, वो यही है।

शराबी २: अरे मुझे भी वोइच लग रहा है।

शराबी 1: अरे नहीं.. सोचने दे... [सोचते हुए] इसने हमें कुछ लाके दिया था ...हाँ मुझे थोड़ी चढ़ गयी है, ये गाँधी जी हैं।

शराबी २: अरे मुझे भी वोइच लग रहा है।

शराबी 1: अरे काका ....गवर्मेंट को एक काम करना चहिये, पाँच रूपये किलो चावल दे रही है न, पाँच रूपये में दो लीटर दाल मिलनी चाहिए।

शराबी २: अरे मुझे भी ऐसेच लग रहा है।

शराबी 1: अरे गाँधी जी कहाँ चले गए, फिर से कोई जेल में तो नहीं डाल दिया।

शराबी २: मुझे भी ऐसेच लग रहा है।

शराबी 1: हाँ ये रहे गाँधीजी [मंगला को घूरते हुए] हाँ ये कौन जा रही है रुको रुको अरे ये तो चाँद का टुकड़ा है।

शराबी २: हाँ एसीच लग लग रहा है

शराबी 1: (सीटी) अरे काका कहीं पुलिस तो नहीं है

शराबी २: हो एसीच लग रहा है।

शराबी 1: यहाँ उनका क्या काम हैं ?

पुलिस वाला 1: क्या लफडा है, अब्बे क्या कर रहे हो, चल फूट यहाँ से, ऐसा कर दोनों को अन्दर कर दे (दूसरा पुलिसवाला दोनो को पकड़ लेता है)

शराबी 1: बच्चा छोटा है, जाने दो, माफ कर दो ना।

पुलिस वाला : अच्छा तो फिर इसे अन्दर कर दे।

दोनों शराबी : माफ कर दो साब।

पुलिस वाला : अब बताओ ये कैसी लग रही है।

शराबी १ : बहन लग रही है सर।

शराबी २ : ऐसेइच लग रही है।

पुलिस वाला : चल भाग यहाँ से (दोनों जाते हैं – मंगला जाने लगती है उसे रोक कर मंगला से) इधर आ, टाइम कितना हो गया, फिल्म देख के आ रही हो, नाइट शो।

मंगला : नहीं सर एक इंटरव्यू, था।

पुलिस वाला : क्या बोला, इंटरव्यू, इस वक्त रात के 12 बजे, इंटरव्यू कौन है वो, कहानी अच्छी है।

मंगला : नहीं सर मैं सच बोल रही हूँ।

पुलिस वाला : चल चल...

मंगला : कहाँ?

पुलिस वाला : पुलिस स्टेशन।

मंगला : नहीं सर मैं सच बोल रही हूँ।

पुलिस वाला : चल चल...

मंगला : कहाँ?

पुलिस वाला : पुलिस स्टेशन।

मंगला : नहीं सर में सच बोल रही हूँ।

पुलिस वाला : चल चल...

मंगला : कहाँ?

पुलिस वाला : पुलिस स्टेशन।

समूह : पुलिस स्टेशन और कहाँ (हँसते है)

पुलिस वाला : कौन है रे हंसने वाले, हम पुलिस मतलब क्या, बेवकूफ या जोकर नजर आते हैं, हमारी भी माँ बहन है, हमारा भी ईमान है – खाकी पहनने वालों में ज्यादा इमानदारी होती है, समझ गए ना, अबे रिक्शा रुक अब जा मेरी अम्मा घर जा मुहँ क्यों देख रही है..... चल बे लेके जा, घर पे ही छोड़ना।

दृश्य – मार्केट

निलामी वाला : –– आइये.. आइये... आइये मेहरबान, कदरदान, खासतौर से कुंवारी लड़कियों के बाप।
माल अभी अभी नया नया आया है, बिलकुल ताजा है। बढ़िया फैमली बैकग्राउंड ब्यूटीफूल जॉब बीवी को फुल गॉरंटी। ऐ डॉक्टर अच्छा सा पोज दे ग्राहक आ रहा है। देखो बेटी (मंगला से) ये डॉक्टर है, अभी तक ये 2000 हजार इंजेक्शन ठोक चुका है। इसे टी .बी, कैंसर, एड्स...

मगला : (हैरान) हैं ...

निलामी वाला : अरे नहीं, जैसी बीमारियों के मरीज इसके रेगुलर कस्टमर हैं ...ये जानवरों का भी इलाज करता है. बहुत सस्ता है बस एक लाख, प्लस जीएसटी।

मंगला : हैं...?

निलामी वाला : अरे वही ...जैसे सामान टीवी, फ्रिज, कार... वगैरा। आपको पसंद नहीं आया कोई बात नहीं ... एक और माल है, ये है। अगर ये मिट्टी को भी छु दे तो सीमेंट बन जाता है। ये मिट्टी से ही कंस्ट्रक्शन करता है। दिल्ली के 4–5 फ्लाइओवर बना चुका है। 2–3 और आने वाले हैं। अभी डिटेल में जाते हैं। 25 लाख सॉरी मैडम, सोल्ड आउट कोई बात नहीं अभी अभी एक नया स्टॉक आया है, वो पेश करते हैं। ये रेलवे में बाबू थे, कल परसों ही रिटायर हुए हैं, एक पैसा भी नहीं चाहिए, बहुत सारी पेंशन मिल रही है। साल में एक फ्रि पास अरे भाई हनिमून वगैरा घूमने के लिए, देखने में ऐसा लगता है मगर बहुत दम है, हाँहाँ समझ गया मैं, देखो बेटी उसने आपको पसंद कर लिया, अगर आप भी उसे पसंद करोगी तो एक कंडीशन है, इसका हॉस्पिटल का खर्चा आपको उठाना पड़ेगा।

मंगला : (गुस्से में) देखिये वो अगर मर जायेगा तो उसका खर्चा भी हम ही उठायेंगे।

नीलामी वाला : अरे अरे , ऐसे मत बोलो शुभ शुभ बोलो।

मंगला : देखिये अगर हम दहेज नहीं दे पायेंगे तो मैं शादी नहीं करूंगी। और वैसे भी इस मुर्दे से शादी नहीं करूंगी. (बाबु गिर जाता है, मर जाता है)

समूह : राम नाम सत्य है. (ले जाते हैं)

सूत्रधार : औरत के लिए समाज में कोई निश्चित स्थान नहीं है। मंत्री की बीवी, कलेक्टर की बीवी, मिसेज शर्मा, मिसेज खन्ना, इसमें भी एक मजेदार बात है अगर एक भिखारन एक महाराजा से शादी करती है तो रानी बन जाती है, वहीं एक रानी अगर भिखारी से शादी करती है तो भिखारन बन जाती है। मगर आप लोगों को शादी की क्या ज़रूरत है।

एक्टर 1 : हमारी ज़रूरते पूरी करने के लिए।

एक्टर 2 : खाना बनाने के लिए।

एक्टर 3 : अकेलापन दूर करने के लिए।

सूत्रधार : अच्छा ... अगर सब काम वो करंगे तो आप क्या करंगे।

एक्टर 4 : हम मंगल सूत्र पहनाएंगे।

एक्टर 5 : 2 रोटी खिला देंगे।

एक्टर 6 : संतान भी दे देंगे।

सूत्रधार : हक और अधिकार आपका, जिम्मेदारी और बोझ उनके। नहीं उन्हें तन ही नहीं दिल और दिमाग भी चाहिए। वो जैसे सोचती है उसी तरह आपको सोचना चाहिए (समूह में फुस्फुसाहट) कोशिश तो करो।

समूह : हाँ–हाँ करंगे करेंगे (बे मन से)

सूत्रधार : समझ नहीं आता ये गृहस्ती है या व्यापार,या पीढ़ी दर पीढ़ी मजदूरी ?

मंगला : मैं शादी नहीं करुँगी ..

सूत्रधार : बेटी ...

दृश्य – गाँव (एक हैंड पंप पर कुछ औरतें पानी भर रही हैं।)

गाना : सास गारी देवे ....

औरत 1 : चाची, आजकल गाँव में नया क्या चल रहा है?

औरत 2 : तुमने सुना अपने टीचर की बेटी, इतने साल हो गए न शादी हुई न कुछ और .. ये भी कोई बात है?

औरत 3 : अरे कौन मंगला की बात कर रही हो, अरे छोड़ो उसकी सूरत देखी है। शादी तो...

औरत 2 : मेरी बात ले लो जैसे ही 16 की हुई झट शादी फट बच्चे हो गए ...

औरत 1 : तुम तो मजाक करती हो चाची. बच्चे के लिए शादी की क्या ज़रूरत है (मंगला आती है)

औरत 2 : अरी! मंगला शादी के लड्डू खिलाओगी या नहीं, बारी आयेगी भी या नहीं। (मंगला चली जाती है।)

औरत 1 : देखा चाची कैसे चली गई। मैंने तो पहले ही कहा था कि दाल में कुछ काला है।

औरत 2 : अरे कुछ काला नहीं पूरी की पूरी दाल ही काली हो गयी है।

दृश्य – कोई कॉमन एरिया

समूह : ऐसी शक्ति हमें देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना...

सूत्रधार : ऐसा है भैया की समाज में सभी लोग एक जैसे नहीं है, ऐसे लोग भी हैं जिन्होंने स्त्री का उद्धार किया है जैसे श्री राजा राममोहन राय। और... और... खैर छोड़ो तुमसे भी शादी करने के लिए कोई आदर्शवादी आयेगा. (आदर्शवादी आता है) तुम कौन हो ?

शनि : आदर्शवादी।

सूत्रधार : क्या चाहते हो ?

शनि : शादी।

सूत्रधार : दहेज ?

शनि : छिः छिः।

सूत्रधार : फ्रिज ?

शनि : छिः छिः छिः

सूत्रधार : स्कूटर ?

शनि : (मना करते हुए) आप भी क्या मजाक करते हैं. ये आदर्शवादी का हस्ताक्षर है आपकी बेटी ही मेरे लिए 10 लाख है तुरंत शादी करवाइए, मंगलसूत्र पहनवाइये।

सूत्रधार : तो देर किस बात की? करिए शादी ... (संस्कृत श्लोक)

दृश्य – शादी के बाद

शनि : ये क्या है ?

मंगला : दूध।

शनि : मैंने सोचा जहर है.. हाँ दहेज नहीं लिया शादी कर ली निक्कमा हूँ , बेरोजगार हूँ , बदसूरत तो हूँ ही मैं आज मुझे मार दो कल किसी के साथ चली जाओ।

मंगला : देखिये आज हमारी ...

शनि : ओ हाँ हाँ आज सुहागरात है, नापसंद आदमी के साथ तो जीना मुश्किल होगा

मंगल : पसंद नहीं ..किसने कहा?

शनि : तुम्हारी आँखों ने।

मंगला : वो ..वो .... वो ...

शनि : ओ शर्मा रही है ..अच्छा तो ये तुम्हारे लिए पहला अनुभव है न ?

(मंगला हैरान) तुम ऐसे देखोगी तो भस्म नहीं हो जाऊँगा मैं, इधर आओ मेरी आँखों में देखो, कुछ याद आया?

मंगला : (हैरान) तुम तुम ...

शनि : वचन देकर भाग गयी थी ... (मंगला रोती है)

शनि : क्यों रो रही हो ??

मंगल : आंख में तिनका चला गया।

शनि : तिनका ? मैंने सोचा तुम रूठ गयी। हाँ तुम्हरे पिता जी की चिट्ठी आई थी।

मंगला : कहाँ है?

शनि : पढ के फाड़ दी।

मंगला : क्या लिखा था ?

शनि : वही ..हमारी बेटी कैसी है, उसकी तबियत कैसी है, अगर हॉर्लिक्स नहीं पीयेगी तो नींद नहीं आएगी। ऊपर से लिखा था मैंने जो पैसे मांगे ..नहीं दे सकता।

मंगल : शायद उनके पास नहीं होंगे।

शनि : अगर पैसे नहीं थे तो लड़की नहीं पैदा करनी चाहिए, अगर किया तो पैदा होते ही गला घोंट देना चाहिए ..मंगला मैं सोच रहा था तुमको बेच दूं।

मंगला : क्या ?

शनि : केवल एक साल के लिए, उसके बाद अगर तुम चाहो तो मेरे पास वापिस आ सकती हो।

मंगला : मुझे बेचने का अधिकार तुम्हें किसने दिया ?

शनि : मंगलसूत्र बांधा है, सात फेरे लिए हैं ...क्या इतना काफी नहीं है? ये तो पुराने जमाने से चली आ रही प्रथा है।

मंगला : ये पुरुष अहंकार से बनी कुप्रथा है, ये मंगलसूत्र बांधना तुम्हारा हक है तो मैं इसे तोड़ कर फेंकती हूँ।

शनि : इसे तुम जितना आसान समझ रही हो ..उतना है नहीं, पञ्च भूतों को साक्षी मानकर मैंने इसे बांधा है ये नहीं टूटने वाला। शादी के मंत्र तुमको चाहिए... मुझे पैसे चाहिए, तुम को आजादी चाहिए ...मुझे पैसे चाहिए, तुमको छुटकारा चाहिए मुझे पैसे चाहिए...

मंगला : तुम्हे दहेज क्यों दें ?

शनि : तुम से शादी करने के लिए, समाज में स्थान देने के लिए, मजे कराने के लिए।

मंगला : तुम इसे सुख कहते हो। तुम राक्षसों ,जंगली जानवरों की तरह मुझे नोचते, खसोटते हो, रोंदते हो। मुझे ऐसा सुख नहीं चाहिए, मुझे क्या दुनिया की किसी भी औरत को नहीं चाहिए।

शनि : तुम कितना भी गला फाड़ो। इन चार दिवारी में ही तुम्हें घुट घुट के मरना होगा, देखता हूँ तुझे कौन बचाएगा ?

मंगला : बचाओ बचाओ (शेर की दहाड़)

मंगला : भैया मुझे बचाओ, बचाओ (शेर की दहाड़)

मंगला : पिताजी, बचाओ बचाओ (शेर की दहाड़)

मंगला : भगवान मुझे बचाओ (शेर की दहाड़)

सूत्रधार : क्यों रो रही हो बेटी।

मंगला : इस जानवर जैसे पति से मुझे बचाओ।

सूत्रधार : तू बावली है बेटी। अगर पति शेर भी है, मगरमच्छ भी है, बीमार भी है, गुस्से वाला भी है, दुष्ट भी है, तो भी तुझे उसे पूजना चाहिए, उसके साथ ही जीना चाहिए, ये ही पतिव्रता का धर्म है, भारतीय नारी का कर्म है।

मंगला : नही–नहीं ये मजदूरी के नाम पर होने वाला पतिव्रत नहीं चाहिए। मुझे आजादी चाहिए, प्रेम चाहिए, मेरे आंसू पोछने वाले हाथ चाहिए।

सूत्रधार : तुम बहुत लालची हो बेटी यहाँ पुरुषों का राज चलता है। यहाँ गौ माता और औरत को पूजते हैं, प्रेम नहीं करते। हमें जब तक ज़रूरत होगी इस्तेमाल करंगे, बाद में गाय को कबेले और औरत को शमशान भेज देंगे, यही हमारी संस्कृति है।

मंगला : ये कैसी संस्कृति है, जिस थाली में खाओ उसी में छेद करो? ये अन्याय है।

सूत्रधार : नहीं ये ही न्याय है, जंगली समाज में बलवान कमजोर को खा जाता है। आजादी भीख में देने वाली चीज नहीं है। तुम्हारी दुर्गति का कारण तुम्हें पता है? तुम्हारी खूबसूरती, तुम्हारा भोलापन, तुम्हारी अच्छाई, तुम्हारी सहनशीलता, तुम्हारी क्षम्यता, मगर गौ माता के आंसुओं से पिघलने वाला शेर आज कहाँ। अगर औरत को जीना है तो शेर बन कर जीना होगा, औरत अबला नहीं सबला है, शक्ति है, वो अगर श्रृष्टि कर सकती है तो, प्रलय भी कर सकती है। हमें माफ मत करना बेटी ..हमें माफ मत करना बेटी ....हमें माफ मत करना बेटी हमारी बनावटी बातों में मत आना, खोखले आदर्शवादियों को, तुम्हारी आजादी छीनने वाले धर्म शास्त्रों को, तुम्हारी दुर्दशा करने वाली दुष्ट प्रथाओं को बनाने वाले नपुंसकों को कभी क्षमा मत करना।

(म्यूजिक–मंगला नरसिंह अवतार में बदल जाती है, शनि को मार डालती है)

यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः। यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाः क्रियाः।

समाप्त

चोरों की गाड़ी

पात्र

सत्यानन्द

चक्रधर

गोपाल

सीताराम

जगन्नाथ

अमर

चारूलता

गोपाल : फायर...फायर... आग ...आग ... घर में आग लग गयी है , भागो ... भागो माकन मालिक को बुलाओ ...

चक्रधर : क्या, आग लग गयी ,अरे बुझाई कि नहीं, ... इतनी लापरवाही से क्यूँ रहते हो ..

चारूलता : उनकी आवाज आपने भी सुन ली, कोई आग–वाग नहीं लगी है. ये ऐसे ही नींद में बड़बड़ाते हैं।

चक्रधर : बड़बड़ाता है , ऐसे ही ,मैं तो डर ही गया था. ऐसा कब से है ? पहले से ऐसा है या अभी अभी ...

चारूलता : छोड़िये भी , जब से शादी हुई है ऐसे ही देख रही हूँ ,चीखना ,चिल्लाना , गाना, बड़बड़ाना।

चक्रधर : ये दरवाजा किसने खोला ?

चारूलता : खोलना क्या ये तो...

चक्रधर : इसकी चीख चिल्लाहट सुन के मैं घबरा गया ..दरवाजा तोड़ कर अंदर आ गया ..इसका खर्चा कौन देगा ?

चारूलता : कहीं लगी तो नहीं आपको?

चक्रधर : नीचे गिरूंगा तो लगेगी ही , जरा हाथ तो देना। कल रात किचेन में पानी तो नहीं टपका ?

चारूलता : जरा धीरे से...

चक्रधर : उठूँगा , जल्दी क्या है , जब वो जिन्दा थी, वही तुम्हारी मामी... तो रसोई में हमेशा बरसात होती थी।

चारूलता : तब भी किचेन का यही हाल था ?

चक्रधर : हाँ मुझे तो हमेशा से रसोई में ही सोने की आदत है, मुझे क्या हमारे यहाँ तो सभी लोग रसोई में ही सोते हैं, हमारे खानदान को यही रास भी आया। मगर उसे ये बात पसंद नहीं रोज इसी बात को लेकर झगड़ा होता था, उस रात, जिस दिन उसकी साड़ी में आग लग गयी थी और वो जल के मर गयी थी उस दिन

भी मैं फेमिना पढ़ते–पढ़ते किचेन में सो गया , वो बेडरूम में अगरबत्ती जलाने गयी और बस ...

चारूलता : ओह। छोड़िये भी चिंता मत कीजिये , जो हुआ सो हुआ , जो चला गया वो वापिस कब आता है , खुशकिस्मत थीं जो आपके हाथों से गयीं।

चक्रधर : तुम्हारा मतलब सुमंगली गयी। मालूम है एक साल हो गया इस हादसे को मगर लगता है जैसे कल कि ही बात हो, जब भी यहाँ आता हूँ ,उसकी याद आती है , जहाँ तुम खडी हो वो भी वहीं खड़ी होती थी, बड़े प्यार से बातें करती थी।

गोपाल : चारू –चारू कहाँ हो जल्दी से आओ।

चक्रधर : चारू ,चारू, कैसे बोलता है ये अच्छी बात नहीं।

चारूलता : अब क्या बताऊँ ,ये उनका स्टाइल है , जब नींद से उठते हैं तो चारू–चारू बोलते हैं , जब ऑफिस जाते हैं तो चारू ऑफिस जा रहा हूँ दरवाजा बंद कर लो, जब शाम को ऑफिस से आते हैं तो चारू–चारू डार्लिंग बोलते हैं।

चक्रधर : अच्छा, मैं तो तुम्हारी मामी को कभी ऐसे नहीं बुलाता था ,वैसे उसका नाम निर्मला था पर मैं उसे नीबू और वो मुझे चकरी कहकर बुलाती थी।

गोपाल : किस गधे से बात कर रही हो? इतनी देर से बुला रहा हूँ।

चारूलता : लगता है पूरी तरह से उठ गए हैं।

चक्रधर : पता नहीं यहाँ आ कर मुझे क्या हो जाता है ,एकदम बौरा जाता हूँ, जाने का मन ही नहीं करता, पर क्या करें घर किराये पर दिया है बार–बार तो आ नहीं सकता। तुम एकदम नीबू की तरह हो वैसी ही समझदार।

गोपाल : इतनी देर से बुला रहा हूँ , जवाब भी नहीं देती।

चक्रधर : ये क्या? इसकी तो आंखें बंद है? ये भी आदत है ?

चारूलता : ऊनके साथ बहुत सारी प्रॉब्लम्स हैं , आपको किचेन देखनी है क्या ?

चक्रधर : अ...अ...अ... उसकी जरुरत नहीं है, बस एक बार तुलसी को देख कर चला जाऊंगा।

गोपाल : आपने जिंदगी में तुलसी का पौधा नहीं देखा ?

चक्रधर : तुम्हें ऐसा लगता है ? जब मेरी नीबू जिन्दा थी तो वहीं उसके पास बैठ कर अपने बाल सुखाती थी.जब भी उसे देखता हूँ तो लगता है उसे देख रहा हूँ,उसकी याद आती है।

चारूलता : आप जाइये इनकी बातों का बुरा मत मानिये।

गोपाल : हाँ, हाँ बिलकुल, चक्रधर जी वहां साइड में ट्वाइलेट है वहां भी हो आइये आपको कुछ और भी याद आ जायेगा।

चक्रधर : पता नहीं, मैं आपको तकलीफ तो नहीं दे रहा ?

गोपाल : सुबह सुबह इस क्रिमिनल को घर में क्यूँ घुसने दिया, मनहूस कहीं का

चारूलता : मैंने घुसने दिया? खुद ही नींद में बडबडा रहे थे आग–आग, तो वो आ गया.

गोपाल : मतलब मैं नींद में बडबडा भी नहीं सकता ?

चारूलता : श्ईईईई ... धीरे बोलिए वो सुन लेगा।

गोपाल : तो सुन ले, घर किराये पे लिया है , पहली तारीख को कैश देते हैं, हमेशा किसी ना किसी बहाने घर में घुसा चला आता है ...याद आती है ...आज तो इसका फैसला करके रहूँगा,आने दो उसे अभी.

चारूलता : गुस्सा क्यूँ करते हैं ? जब उसने घर दिया था तब पहले ही बता दिया था इस बारे में।

गोपाल : क्या बताया था ? मेरी नीबू मेरी नीबू ...वक्त बेवक्त घर में घुसा चला आयेगा।

चारूलता : यही कि घर के इस हिस्से में आ कर उनके जज़्बात बिखर जाते हैं, और वो...

गोपाल : आज तो मैं उसकी टांगें तोड़ दूंगा , आने दो , ये घर ही खाली कर देंगे।

चारूलता : एक मिनिट ,शादी के बाद इन 6 सालों में हम 36 बार घर बदल चुके हैं , अब मैं घर ढूँढने नहीं निकल सकती ,इसलिए आप अंकल को कुछ मत बोलिएगा।

गोपाल : अंकल ! चक्रम चकरी अंकल ! इतनी इज्जत देने की कोई ज़रूरत नहीं है। अपनी बीवी को जला के मार डाला उसने , यहाँ आकर नाटक करता है ..आने दो।

चारूलता : मारने दो ,उसकी बीवी थी ,अपने हाथों से मारा है , आपको क्या मतलब ?

गोपाल : मतलब कोई भी अपनी बीवी को मार सकता है ?

चारूलता : सोच समझ कर बोलिए। अरे मियां–बीवी हैं, मियां–बीवी को मारे या बीवी मियां को दोनों का आपस का मामला है आप कुछ मत बोलिए।

गोपाल : ठीक है , मारने दो , मुझको ओब्जेक्शन नहीं है, मगर मैं सुबह–सुबह उसकी मनहूस सूरत नहीं देख सकता। पता नहीं आज क्या होगा ?

चारूलता : कुछ नहीं होगा, ऑफिस का टाइम हो रहा है तैयार हो जाइये।

गोपाल : मुझे पता है कुछ ना कुछ तो जरूर होगा।

चारूलता : वो आ रहे हैं, आप कुछ मत बोलियेगा।

गोपाल : तो क्या उस क्रिमिनल को विश करूँ ? ये मुझसे नहीं होगा – ये घर नहीं तो कोई और...

चारूलता : जो मन में आए कीजिये। इस बार अगर घर खाली करने की बात की तो मैं मैके चली जाउंगी।

गोपाल : हाँ और तुम्हारा बाप यहाँ आ जायेगा। मुझे उसका कैरक्टर मालूम है।

चारूलता : सुबह–सुबह मेरे पिताजी को कुछ मत बोलिए ,वैसे भी उनकी तबियत ठीक नहीं रहती।

चक्रधर : अरे ,तुमने तुलसी को पानी नहीं दिया, तुम दिन में दो बार नहाती हो एक लोटा पानी दे दोगी तो क्या बिगड़ जायेगा। मेरी नीबू को कितना लगाव था तुलसी से।

गोपाल : इतना गुस्सा क्यूँ कर रहे हो, लोटा क्या ड्रम भर पानी डाल देंगे।

चारूलता : नहीं–नहीं मेरे पिताजी की बात आ गयी थी उनके उपर गुस्सा हो गए। कहते हैं कि जब वो नौकरी करते थे तो रिश्वत खाते थे , अब आप ही बताइए आजकल कौन रिश्वत नहीं लेता।

गोपाल : गधा, बेवकूफ, मनहूस, क्रिमिनल।

चक्रधर : सुनो–सुनो, तुम्हारे पिताजी के बारे में बोल रहा है।

चारूलता : हाँ हाँ शादी को इतने साल हो गए, फिर भी पैसे मांगते हैं पापा से, बेटी दी है तो... तो क्या जब चाहो पैसा मांगोगे।

चक्रधर : तुम कुछ भी कहो ,मैं तो गोपाल को ही सपोर्ट करूँगा। अरे दामाद है, जब मांगे, देना पड़ेगा... दामाद क्या है ...बेटी का पति दामाद कौन है, सीधे–सीधे बेटी का पति।

गोपाल : क्या पते की बात कही है आपने। मैं पढ़ा लिखा, जिम्मेदार और इमानदार इंसान हूँ, इसलिए बर्दाश्त कर लेता हूँ वर्ना कोई और होता तो गला दबा देता,केरोसिन डाल के बीवी को जला देता।

चक्रधर : ठीक है तुलसी को पानी मैं दे देता हूँ।

गोपाल : देखा तुमने ! नम्बर वन बीमारी है ये, बदमाश है बदमाश। पैसों के लिए अपनी बीवी को मार दिया, झूठी–झूठी कहानियाँ गढ़ता है।

चारूलता : छोड़िये, मैं चाय बनाती हूँ आपके लिए।

गोपाल : उस चक्रम को निकलने तो दो, अखबार नहीं आया क्या ?

चारूलता : आयेगा तो दिखेगा ना ... मैं क्या तिजोरी में बंद कर के रखूंगी ?

गोपाल : कमाल है, बीवी से लेकर अखबार वाले सभी (अचानक अखबार उसके उपर गिरता है) ओए तमीज से नहीं दे सकता।

चक्रधर : तुम रुको मैं...मैं देखता हूँ, इसीलिए मेरी नीबू भी कहती थी कभी अखबार मत लेना।

गोपाल : इसकी तो...

सत्यानन्दः तुम्हारा इरादा क्या है? मुझे नहीं पता था तुम मेहमानों का स्वागत ऐसे करते हो, जो कोई भी आयेगा तुम उसको ऐसे ही मरोगे? आज मैं आया हूँ कल कोई और आएगा तो तुम्हारी सेहत के बारे में क्या सोचेगा ?

गोपाल : इसका मतलब बाहर से जो अखबार फेंक रहा था, वो आप थे ?

सत्यानन्दः इसका मतलब अंदर से जो अखबार फेंक रहा था, वो तुम नहीं थे ?

गोपाल : हाँ बीच–बीच में इन्होने भी एक दो बार बालींग की थी।

चक्रधर : मुझे क्या मालूम ! मैंने सोचा अखबार वाला लड़का है।

सत्यानन्दः ये कौन साब हैं ?

गोपाल : ये ..

सत्यानन्द: काम–वाम भी करते है ?

चक्रधर : इससे पहले आप कुछ और बोलें– मैं ही बता देता हूँ– मैं इस घर का मालिक हूँ ..आपकी बेटी मुझे चक्रम अंकल बुलाती है।

चारूलता : पिताजी आप कब आये आपकी तबियत कैसी है ?

सत्यानन्द: मत पूछो, तुम कैसी हो? सूख के कांटा हो गयी हो. मगर ...इसका तो वजन बढ़ गया है।

गोपाल : देखने में लगता है, आज कल बहुत वीकनेस फील होती है। वो चाय मेरे लिए है ना?

सत्यानन्द: तुम्हें चाय नहीं पीनी चाहिए जाओ रेस्ट करो।

चक्रधर : कम्युनिकेशन गैप मेरी नीबू का भी यही था। बात समझ ही नहीं पाती थी।

सत्यानन्द: नीबू ? वो कौन है ?

चक्रधर : आप कुछ इससे पहले और बोलें, नीबू मेरी बीवी, पूरा नाम निर्मला।

चारूलता : बेचारी, अभी–अभी हाल ही में चली गयी।

गोपाल : नहीं–नहीं हाल ही में इन्होने उन्हें भेज दिया।

चक्रधर : देखो गोपाल ये अच्छी बात नहीं है, मुझे गुस्सा आ जायेगा, मैं अपनी बीवी को मारूँगा? कोई सुनेगा तो क्या कहेगा? मैंने अपनी बीवी को मार डाला, तुम तो जानते हो मैं उससे कितना प्यार करता हूँ , उसकी याद में यहाँ बार–बार चला आता हूँ , मुझे बहुत बुरा लग रहा है।

चारूलता : आपको तो मालूम है इनकी आदत। ये कैसे बात करते हैं. आप बुरा मत मानिये।

चक्रधर : हाँ–हाँ, गोपाल के बारे में तो मुझे पता है, तुम भी बुरा मत मानना, कीचेन का नल लीक हो रहा है, मैं कल वाशर ले आऊंगा। (जाता है)

चारूलता : पिताजी आपकी तबियत ठीक नहीं है आप आराम कीजिये .

सत्यानन्द: आराम हो गया, डॉ ने बोला है कि हार्ट वीक हो गया है, अब कितने दिन जिन्दा रहूँगा ये तुम्हारे हाथ में है।

चारूलता : हमारे हाथ में ?

सत्यानन्द: हमारे गाँव के हार्ट स्पेसलिश्ट ने पूरे 2 दिन चेकअप कर के यह लेटर दिया है। बोले सत्यानन्द हमेशा इस लेटर को अपनी जेब में रखना तब कोई खतरा नहीं। नए लोगों से मिलो तो ये लेटर जरूर दिखा देना (लेटर देता है)

चारूलता : महोदय, ये पत्र समर्पित करने वाले का नाम है –सत्यानन्द– पुत्र – नित्यानंद –पता – 1008, अमरुद वाली गली, पोस्ट ऑफिस के पास, बनारस, उत्तर प्रदेश।

इनके पिताजी मेरे परम मित्र थे, ये पंडित पुत्र हैं यह कहने में मुझे कोई आपत्ती नहीं है।

चारूलता : क्या पिताजी इसकी भाषा बहुत भारी है।

सत्यांनद : हिंदी एक भाषा है बेटी आगे पढो।

चारूलता : ये सत्यानन्द अष्टमी h.17-20, मृगा सिरस नक्षत्र h.21-15. मेरे पास ह्रदय से सम्बंधित समस्या ले कर आये, रोगियों की सेवा करना मेरा वृति धर्म है, इसलिए मैने स्वयं इनकी संपूर्ण परीक्षा की. आश्चर्य प्रथम परिक्षण में मुझे कुछ भी नहीं दिखाई दिया, अतः मैने पुनः परिक्षण किया और इस निष्कर्ष पर पहुंचा की इनका ह्रदय बहुत ही जिर्ण अवस्था में है. यही सत्य है, इनके ह्रदय के कपाट बंद हो चुके हैं, रक्त प्रवाह ना होने के कारण वो सूख कर अपने स्थान से बाहर निकल चुका है, वह किसी प्रकार से प्रयोगानुकुल नहीं है, इश्वर की अनुकम्पा है कि वो जीवित हैं। यही मेरा अंतिम निष्कर्ष है।

सत्यानंद : ये बहुत जरूरी है, सुनो गोपाल।

गोपाल : हाँ–हाँ मैं सुन रहा हूँ।

चारूलता : उपरोक्त कारणों और स्थिति को ध्यान में रखते हुए कृपया निम्नलिखित नियमों का पालन करें – अत्यधिक क्रोध, उत्साह, अन्दोलन इनके लिए विष पूरित है, अतः सभी इनसे प्रसन्नचित होकर वार्तालाप करें। आपके सहयोग से इनके कुछ और वर्ष जीवित रहने कि सम्भावना है।

भवदीय

वैद्यराज चरक चूर्ण शास्त्री.
80 घाट, बनारस ,उत्तर प्रदेश
दूरभाष

सत्यानन्द: अब तुम समझ ही गए होगे गोपाल, अब जो मैं 9–2–11, महीने रहूँगा तो जो कुछ भी बताना हो खुश हो कर बताना।

गोपाल : मतलब,शोक समाचार भी आपको हंसके बताना होगा ?

सत्यानन्द: और नहीं तो क्या ? तुम तो समझदार हो चलो एक बार ट्राय करो।

गोपाल : ठीक है फॉर एक्साम्पल।

चारूलता : कौन सी बात बोल रहे हो पहले मुझे बताओ।

सत्यानन्द: हाँ–हाँ रिहर्सल कर लो।

गोपाल : नहीं डाइरेक्ट, हाँ पिताजी ये जो चक्रम अंकल है ना अभी–अभी जो गए उन्होने अपनी बीवी को 5 लीटर कीरोसिन डालकर जला डाला.

सत्यानन्द: क्या बीवी को मार डाला ?

चारूलता : नहीं–नहीं पिताजी ऐसा कुछ भी नहीं है, मियाँ–बीवी में छोटा–मोटा झगडा हुआ, वो पति हैं उसे गुस्सा आ गया अब जो पति है वो तो जलाएगा ही, केरोसीन डाला, जब वो भीग गयी तो उन्होंने माचिस निकाली पुछा जला दूं , वो बोली हाँ जला दो, और उन्होने जला दी, वो जल गयी बस इतना ही।

गोपाल : मैं भी तो वही बता रहा था।

चारूलता : छोड़िये भी अब पिताजी यहाँ रहेंगे.

सत्यानन्दः तारिख याद कर लो 9–2–11 तक।

चारूलता : आप जायेंगे ऑफिस का वक्त हो रहा।

गोपाल : अब मैं किससे हंस के बात करूँगा? हमारे ऑफिस में तो हँसना मना है।

सत्यानन्दः बेटी ये चरम अंकल ने सचमुच अपनी बीवी को जला के मार दिया?

चारूलता : जाने भी दीजिये हमें क्या करना, आपकी तबियत खराब है, इस देश में तो ये सब आम बात है, हर रोज कोई ना कोई अपनी बीवी को मार डालता है...आप ना कोई खबर ना चिट्ठी, किसी जरूरी काम से आयें हैं?

सत्यानन्दः काम नहीं, वो एक लम्बी कहानी है, परसों हमारे हेड ऑफिस से एक ऑफिसर चेकिंग के लिए आया था। 2 दिन तक जान खायी और जब वो वापिस जाने लगा तो मैंने सोचा कि उसे स्टेशन छोड़ आऊं। मैं उसका लगेज लेकर स्टेशन पहुंचा तो वो केला खा रहा था। मैं लगेज चढ़ाने लगा पता ही नहीं चला कब गाड़ी चल पड़ी मैं उतरने लगा तो वो बोला डोंट वरी अभी इंजन अटैच हो रहा है. मुझे क्या पता बाद में देखा तो गाड़ी भागने लगी वो वहीं रह गया मैं लगेज लेकर यहाँ आ गया।

चारूलता : आप यहाँ आये हैं, माँ को पता है कि नहीं ?

सत्यानन्दः नहीं मालूम यही तो रोना है , गोपाल को बोलो की 2 लाइन का टेलिग्राम कर दे – फादर इन ला अराइव्ड सेफली, हैपी। डोंट वरी, बस।

गोपाल : फादर इन ला अराइव्ड सेफली, हैपी. डोंट वरी, बस। आपने हैपी बोला किसे हमें?

सत्यानन्दः हैप्पी अपने लिए ही कहा।

गोपाल : हाँ–हाँ आप आये तो हम हैपी कैसे हो सकते हैं, वरी अराइव्ड सेफली।

सत्यानन्दः नो...नो... जैसे कहा वैसे ही देना, अब मुझे थकान हो रही है।

चारूलता : चलिए पापा आप आराम कीजिये।

सत्यानन्दः गोपाल टेलीग्राम मत भूलना।

(चक्रधर आता है)

गोपाल : आपको फिर से नीबू की याद आ गयी।

चक्रधर : भूला कब था , कीचेन का नल लिक कर रहा है, वाशर लाया हूँ, तुम्हारे ससुर का क्या प्रोग्राम है ?

गोपाल : अरे मुझे नहीं मालूम, चारू तुम्हारे पापा कब तक ...

चक्रधर : अरे रुको भी ..मैं तो ऐसे ही पूछ रहा था।

गोपाल : चारू ,चारू , चक्रम अंकल को एक डाउट है।

चक्रधर : अरे मुझे कोई डाउट नहीं है। मैं तो वाशर ले के आया था (अंदर जाता है)

चारूलता : आपने क्या कह दिया अंकल को ? देखिये कितना घबरा रहे हैं

गोपाल : अच्छा ये बताओ तुम्हारे पापा कितने दिन रुकेंगे?

चारुलता : मुझे क्या पता, थोड़े दिन तो आराम करेंगे ही।

गोपाल : उनकी तबियत खराब है इसीलिए तो पूछ रहा हूँ , दिल के मरीज हैं पता नहीं कब निकल लें, अगर निकल गए तो ,ये मकान तो किराये का है।

चारुलता : आप चुप भी रहिये।

गोपाल : ठीक है चुप बैठूँगा। मगर दिल की बिमारी सचमुच है या कहानी है ?

चारुलता : मेरे पापा ऐसे नहीं हैं डॉक्टर का लेटर अभी तो पढ़ा आपके सामने तब भी आप नहीं मानेगे ?

गोपाल : मान लेता हूँ वो लेटर डॉक्टर ने लिखा है या तुम्हारी मम्मी ने ?

चारुलता : आप तो बस फिजूल में शक करते हैं, जाइये टेलीग्राम दे आइये।

गोपाल : पर्स दो।

(जगन्नाथ आता है)

गोपाल : येस आप कौन साब?

जगन्नाथ : मेरा नाम जगन्नाथ है ,मैं जर्नलिस्ट हूँ, आपने सर्च न्यूज पेपर पढ़ा होगा मैं ऊनके लिए काम करता हूँ।

गोपाल : हाँ, देखा है वही ना जो ट्रैफिक सिग्नल पर बिकता है ?

जगन्नाथ : जी बिलकुल ठीक पहचाना, आजकल हमारा सर्कुलेशन कम हो गया है।

गोपाल : ओह तो तुम चाहते हो कि मैं तुम्हारा अखबार लिया करूँ ? सॉरी हमारे ससुर आये हुए हैं, हमारा बजट कम हो गया है।

जगन्नाथ : नो सर खरीदने की ज़रूरत नहीं है ,बस आपका थोडा सा को–आपरेशन चाहिए, लाइफ टाइम फ्री सर्च लाइट।

गोपाल : फ्री, अच्छा, क्या करना पड़ेगा?

जगन्नाथ : सर...कल मेरे एम.डी. ने मुझे बुला कर अल्टिमेटम दे दिया कि मेरी रिपोर्टिंग में दम नहीं है, काम करना है तो सेंसेशनल न्यूज, सनसनीखेज खबर ले कर आओ।

गोपाल : मेरे पास तो एक बीवी, और बीमार ससुर है इसमें क्या सेंसेशनल है?

जगन्नाथ : आपके जो मकान मालिक हैं चक्रधर, सुना है उन्होंने अपनी बीवी को जलाकर मार डाला ...

गोपाल : अच्छा ..कौनसी वाली को ?

जगन्नाथ : आपको तो बहुत कुछ पता है, फटाफट इंफार्मेशन दे दीजिये, मेरे अखबार का सर्कुलेशन बढ़ जायेगा।

गोपाल : चक्रधर ने अपनी बीवी का मर्डर किया है, तुमको कैसे पता चला ?

जगन्नाथ : सारा शहर जानता है, ये तो ओपेन सीक्रेट है।

गोपाल : कैसे मारा? कब मारा?क्यूँ मारा ?

जगन्नाथ: सर इन सवालों का जवाब तो आप ही दे सकते हैं .

गोपाल : हम्म मगर मेरा नाम ...

जगन्नाथ: नहीं आयेगा।

गोपाल : उसका...

जगन्नाथ: बोल्ड हेड लाइंस में आयेगा।

गोपाल : चक्रम भाई आ गए चक्कर में, इसी वक्त का इंतजार था मुझे।

जगन्नाथ: सर मै हिंदी में थोड़ा वीक हूँ, सरल भाषा में समझाइये।

गोपाल : समझाऊंगा।

जगन्नाथ: ये चक्रधर कहाँ का रहने वाला है ?

गोपाल : मेरठ का है

चारूलता: सुनिए आते समय मैगजिन लेते आइयेगा पापा के लिए। ये कौन है ?

गोपाल : ये जगन्नाथ हैं, ये मेरी वाइफ चारुलता।

जगन्नाथ: नमस्ते बहन जी।

गोपाल : हम्म तो चक्रधर मेरठ से था, खाते पीते घर का,पैसे वाला मगर अव्वल दर्जे का मक्खीचूस कंजूस, इसने शायद...

जगन्नाथ: दो शादियाँ की सर ?

गोपाल : हाँ।

जगन्नाथ: दो यानी, पहली बीवी को भी इसी ने मार डाला ?

गोपाल : हाँ, हो सकता है।

जगन्नाथ: वेरी इनट्रेस्टिंग सर।

चारुलता : सुनिए जरा।

गोपाल : चारू, देखो मैं प्रेस मीट में हूँ डिस्टर्ब मत करो।

चारुलता : आप एक मिनिट ,इधर आइये , मुझे जरूरी बात करनी है।

गोपाल : बोला ना बाद में।

चारूलता: अभी चक्रम अंकल किचिन में वाशर डाल रहे हैं और आप ऊनके बारे में अनाप–शनाप बात कर रहे हैं, वो सुन लेंगे तो?

गोपाल : चक्रम अंकल के बारे में अच्छा सा आर्टिकल छपेगा।

चारुलता : आप चुप रहिये। घर खाली करना पड़ेगा।

जगन्नाथ : देखिये बहन जी यु डोंट वरी, आपका नाम कहीं नहीं आयेगा। सर, उनकी पहली बीवी का क्या नाम था ?

गोपाल : उनका नाम... हाँ शायद चारुमती था।

चारुलता : देखिये।

जगन्नाथ: आपसे कुछ कह रहीं हैं।

गोपाल : बताया ना प्रेस कांफ्रेंस में हूँ।

चारुलता: कान खोल कर सुन लीजिये, अब 37 वीं बार मैं घर ढूँढने नहीं जाउंगी, आगे आपकी मर्जी।

गोपाल : ठीक है मैं ढूंढ लूँगा। अभी मुझे रोको मत।

चारुलता: अरे इस झगडे से हमें क्या लेना–देना. किसी ने अपनी बीवी को मार डाला, कोई और उसके बारे में पूछ रहा है और आप उसका आँखों देखा हाल बता रहे हैं, जैसे आप वहीं थे। चक्रम अंकल ने अपनी बीवी को मारा है ,आपके पास क्या सबूत है ?

गोपाल : हैं ना उसका क्रिमिनल फेस डोंट वरी मेरे पास बहुत मैटेरीयल है। सिंगल लाइन ओर्डर में फाइल तैयार है।

जगन्नाथ: वो फाइल आप मुझे दे दीजिये।

गोपाल : हाँ–हाँ क्यूँ नहीं।

चारुलता : अब आपने एक शब्द भी और बोला तो मेरा मरा मुंह देखोगे।

गोपाल : चारू, चारू सुनो तो। एक औरत के साथ अन्याय हुआ है, हमारा फर्ज है कि हम सच्चाई बाहर लायें

चारुलता: बस। औरत, अन्याय, फर्ज, अरे किसी और के बारे में बोलिए, 2 g scam, अन्ना हजारे, बाबा रामदेव ,चक्रम अंकल के बारे में बोलने की कोई ज़रूरत नहीं है, ये घर मुझे पसंद है, यहाँ किचिन में पीने का पानी आता है।

गोपाल : मेरी बात तो सुनो।

चारुलता : आप ऐसे नहीं मानेंगे रुकिए मैं पापा को बुलाती हूँ ,पापा, पापा।

सत्यानन्द: आ रहा हूँ।

जगन्नाथ: आपके ससुर आने वाले हैं। मेरी स्टोरी का क्या होगा ,मैं क्या दूसरी नौकरी ढूँढू ?

गोपाल : ऐसे ही हार मान जाओगे, तुम अखबार वाले हो, न्यूज ना भी हो तो क्रिएट करनी पढ़ती है, सपोज चक्रम अंकल कि तीसरी शादी करवा दी जाये वो उसे भी मार डालेगा तुम कवर कर लेना।

जगन्नाथ: तो क्या मैं जाऊं ...लड़की देखने ?

चक्रधर : किसी ने बुलाया क्या ?

गोपाल : हमारी स्टोरी का हीरो।

चक्रधर : मैं हीरो ? मजाक मत कर, ये लड़का कौन है ?

चारुलता : ये जगन्नाथ है, चाचा का लड़का, इनका साला।

चक्रधर : तुम भी मजाक करती हो, तुम्हारा भाई है तो इसका साला तो होगा ही. क्या करता है ?

गोपाल : कुछ नहीं, घर–घर जा कर कबाड़ इकट्ठा करता है, कबाड़ी है।

चक्रधर : कबाड़ी, होती है या ...

सत्यानन्द : चारू तुमने बुलाया मुझे। टेलीग्राम दे दिया तुमने गोपाल?

चक्रधर : टेलीग्राम कि क्या ज़रूरत है, बच्चा तो आ गया।

सत्यानन्द : आ गया कौन, कहाँ।

चक्रधर : ये, ये जो खड़ा है।

सत्यानन्द : ये कौन है? ओहो तुम।

चारूलता : पापा वो...

चक्रधर : आप भी मेरे टाइप के हो।

गोपाल : जगन्नाथ लिखो ऐसी खबर तुम्हें कहीं नहीं मिलेगी।

चक्रधर : मतलब ये आपका बच्चा नहीं हैं?

सत्यानन्द : ये अ... अ...

चारुलता : पापा वो बांदा वाले चाचा बटुकनाथ नहीं थे, उनका बेटा जगन ...

सत्यानन्द : हाँ–हाँ!

चारुलता : बेचारा पता ढूंढते–ढूँढ़ते आ गया।

सत्यानन्द : ओहो अच्छा अच्छा, बचपन में मिटटी खाता था।

गोपाल : अब भी वही खा रहा है।

जगन्नाथ : काम तो नहीं बना, रिश्तेदारी बन गयी।

चक्रधर : चारुलता, वाशर फिट कर दिया है, कोई ट्रबल नहीं होगी, मैं जा रहा हूँ, हाँ याद से तुलसी में पानी डाल देना, अगर मेरी नीबू यहाँ होती तो तुम सब को देख कर बहुत खुश होती।

सत्यानन्द : जगन, आजकल तेरी माँ किसके पास है? तेरा नाम जगन ही है ना?

जगन्नाथ : माँ, पिताजी के पास गयी है।

सत्यानन्द : राम–राम , बड़ी अच्छी औरत है, अच्छा तेरा भाई भी था ना जो बचपन में भाग गया था?

गोपाल : आज कल फारेन में हैं, आप जा कर आराम करिए, जगन तुम भी।

चारूलता : और दोबारा मत आना पलट के।

सत्यानन्द : अरे कैसी बात करती हो, तुम्हारे बांदा वाले चाचा का लड़का है, आजकल तो रिश्तों में अपनापन है ही नहीं, तू बुरा मत मानना। अच्छा तेरा नाम क्या है? जब

भी फुर्सत मिले आते जाते रहना मैं यहाँ हूँ 9–2–11 महीने हूँ। चारू बेटा ,छाती में दर्द हो रहा है।

चारुलता : दर्द हो रहा है ?

गोपाल : आप सभांलिये, आसपास बर्फ की दूकान भी नहीं है ,ऐसा कीजिये साँस लीजिये, लेकिन इंस्टाल्मेंट में।

जगन्नाथ: सर , एक मिनिट इधर आईये ,मैं थोड़ा इमोशनल हो गया हूँ, आपके रीलेशन से मैं थोडा आशावादी हो गया हूँ, ताऊ मैं चलता हूँ फिर आऊँगा।

सत्यानन्द :ये क्या बक रहे हो मैं फिर आऊँगा, आशावादी, लगता है मामा पे गया है।

चारुलता: अब छोड़िये भी, सुनिए वो टेलीग्राम दे आइये।

गोपाल : जा रहा हूँ आज तुमने बहुत गड़बड़ कर दी चक्रम की कहानी हेड लाइन पे आती, बढ़िया चांस था।

चारुलता: हमको क्या फायदा होता, किसी की फोटो या स्टोरी छपने से हमें क्या मिलेगा।

गोपाल : अरे चारू तुम कितनी भोली हो अगर मुझे कुछ हो गया तो तुम्हारा क्या होगा?

चारुलता: मेरी फिकर ना करो थोड़ा पापा के बारे में सोचो।

(चक्रधर आता है)

चक्रधर : गोपाल–गोपाल।

गोपाल : ओहो , मैं तुलसी में पानी डाल दूंगा आप बार–बार एंट्री मत लीजिये।

चक्रधर : अरे एंट्री–एग्जिट छोड़ो। तुम टाइगर – सीताराम को जानते हो ?

चारुलता: सीताराम ? क्या सर्कस में काम करता है?

चक्रधर : तुम भी मजाक करती हो। वो हमारी गली का गुंडा है लुच्चा–लफंगा, बदमाश, तुम्हें पता नहीं 10 दिन पहले पान खाने गया था, पान वाले ने जरा सी देरी कर दी तो उसे चाकू मार दिया?

चारुलता : अच्छा वो! परसों हमारे घर के बाहर नशे में खड़ा था, आचार मांग रहा था।

गोपाल : तो तुमने दे दिया ?

चारुलता: नहीं मैंने डर के मारे दरवाजा बंद कर दिया।

चक्रधर : हाँ ये उसने दिल पे ले लिया अभी घर के सामने खड़ा है।

चारूलता: आचार मांगने के लिए?

गोपाल : क्या बात करती हो आज तो पूरा खाना खा के जायेगा।

चक्रधर : गोपाल तुम्हें तो हर बात में मजाक सूझता है।

(सीताराम का प्रवेश)

सीताराम : बेटी इधर आओ, प्रसाद है खालो।

चक्रधर : भूल के भी मत खाना जहर हो सकता है।

सीताराम : अरे चुप, मैं जहर इस्तेमाल नहीं करता हाथ में चाकू दिल पे गोली ,तू जानता है मैं कौन हूँ ?

गोपाल : आपको कौन नहीं जनता? आप तो सीताराम –टाइगर हैं।

चक्रधर : अरे उस पान वाले को चाकू मारा था वो आप ही थे ना ?

सीताराम : ऊँ! याद मत दिलाना काम होते ही मैं ऐसी चीजें भूल जाता हूँ ऊँ।

गोपाल : तो सीताराम जी अभी आप प्रसाद देने आये हैं ?

चक्रधर : वही होगा अरे मर्डर करने वाले भी पूजा–पाठ करते हैं।

गोपाल : मुझे क्या मालूम मैंने तो कभी मर्डर किया नहीं।

सीताराम : मर्डर, प्वाईजन, तुम्हारे मुंह से कोई अच्छी बात नहीं निकलती क्या? सबने प्रसाद लिया मगर इसने नहीं लिया, तेरा नाम क्या है?

चक्रधर : (गोपाल से) तुमसे पूछ रहे हैं।

गोपाल : मेरा नाम गोपाल है, ये मेरी बीवी चारुलता है, ये मकान मालिक हैं।

सीताराम : अरे उसे छोड़ो, वो गलत आदमी है, तुम्हारी तनख्वाह कितनी है?

गोपाल : यही कोई 10–12 हजार।

सीताराम : बस ऊँ 10 × 30 / 20 + 40 – 70, 10 –10 ही ठीक है. 1000 दे–दे।

गोपाल : 1000 मैं? मुझे देना है?

चक्रधर : हाँ–हाँ तुझे ही देना है, बहुत रीजनेबल है।

गोपाल : 1 हजार? चाकू या कट्टा खरीदने के लिए?

चारुलता : अच्छा? १ हजार कहाँ से लायें आगे ही कितनी प्रॉब्लम्स हैं.

चक्रधर : अरे टाईगर– सीताराम मांग रहे हैं तो देने ही पड़ेंगे। तुम्हारे घर आये दिन परेशानियां तो लगी ही रहेंगी पर पैसे तो देने ही पड़ेंगे।

गोपाल : ठीक है। दे देता हूँ आप इतना कह रहे हैं तो, आप हजार रूपए दे दीजिये अगले महीने रेंट में जोड़ के दे दूंगा।

चक्रधर : मेरे पास तो फूटी कौड़ी भी नहीं है दो दिन से बाहर नहीं गया मैं चलता हूँ।

सीताराम : अबे–ऊँ! तेरा क्या नाम है ?

चक्रधर : मेरा? चक्रधर।

सीताराम : जो भी हो, तेरी क्या तनख्वाह है?

चक्रधर : मेरी तो नौकरी ही नहीं है।

गोपाल : ये मकान इनका ही है। ऐसे चार–पांच और हैं, ऊपर से जमीन भी है। कोई खर्चा भी नहीं है। आप नीबू के नाम से चाकू या कट्टा डोनेट कर दीजिये।

चारुलता : आप भी क्या मजाक कर रहे है।

चक्रधर : आजकल मजाक कुछ ज्यादा ही हो रहा है। अपनी और मेरी उम्र का ख्याल रखा करो।

सीताराम : सुनो बुढ्ढे ऊँ! मेरे पैसे का क्या हुआ ?

चक्रधर : आप भूल रहे हैं आपको इनसे पैसे लेने हैं।

सीताराम : किसी से भी मांगा हो। कोई भी दे सकता है, मेरी नजर में तुम सब एक ही फैमली हो।

गोपाल : सुना? हम सब एक ही फैमली हैं। हजार रूपए आप ही दे दीजिये।

(सभी विमर्श करते हैं।)

सीताराम : दो मिनट का टाइम दे रहा हूँ। फैसला कर लो मुझे जल्दी जाना है।

गोपाल : मर्डर करने ?

सीताराम : अरे नहीं।

गोपाल : जमीन का काम होगा ?

सीताराम : बताना जरूरी है क्या ?

गोपाल : रेप?

सीताराम : तुम सब पढ़े लिखे लोग हो। चोरी डकैती कैसी बातें करते हो? अभी गौशाला जाना है, अंधों को सड़क पार करानी है, मंदिर में दान करना है, फिर घर जाकर खाना बनाना है। पूरे 40 दिन का कार्यक्रम है।

गोपाल : अरे वाह इतने अच्छे काम तो अपने पैसे से करने चाहिए, दुसरे के पैसे से पुण्य नहीं मिलेगा।

चारुलता : यानी 40 दिन लगातर हमें पैसे देने होंगे ?

सीतराम : नहीं हर दिन एक फैमली से पैसे लूँगा तुम लक्की हो कि तुमसे शुरुआत कर रहा हूँ।

चक्रधर : यानी 40 दिन का प्रोग्राम? आप पूजा–दीक्षा करेंगे ?

सीताराम : बिलकुल ठीक समझा ये 40 दिन कोई खून–खराबा नहीं। नो मटन, नो चिकन, नो दवा, नो दारु। सब बंद ऐसे ही पूजा पाठ करूँगा, तो पंडित ने कहा है कि आने वाले इलेक्शन में जीत जाऊँगा।

गोपाल : यानी 40 दिन तक आप किसी पर हाथ नहीं उठाएंगे!

सीतराम : नहीं बिलकुल नहीं।

गोपाल : कोई गुस्सा दिलाये तो?

सीतराम : नहीं।

गोपाल : हाथ नहीं तो चाकू, कट्टा ?

सीतराम : नहीं उनका भी इस्तेमाल नहीं करूँगा।

चारुलता : तो आपको बिलकुल गुस्सा नहीं आयेगा ?

सीताराम : ऊँ !!

चारुलता : लगता है आपको गुस्सा आ रहा है!

सीताराम : अरे नहीं। 40 दिन तक मेरे हाथ चाकू–कट्टा जैसी खतरनाक चीजों का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं करेंगे, केवल अच्छे काम करेंगे।

चारुलता : तो देख क्या रहे हैं? लगे हाथ इसे घर के बाहर फेंक दीजिये !

गोपाल : चुप !

सीताराम : ऊँ!

गोपाल : हजार रूपए चाहिए? बाप का माल है ? (मारता है।)

चक्रधर : भगवान ने इतना बड़ा शरीर दिया है काम करो। धंधा बना रखा है, चल भाग, हट यहाँ से। गोपाल तुम ऑफिस जाओ, चारू तुम तुलसी में पानी दो।

गोपाल : हाँ मैं चलता हूँ, बहुत लेट हो गया हूँ।

सीताराम : (चाकू निकल कर) सुनो तुम लोग।

चक्रधर : चाकू तो बढ़िया है।

सीताराम : आईडिया चेंज मेरी पूजा कल से शुरू होगी

चक्रधर : तो वो?

सीतराम : मर्डर भी होगा, मारपीट भी होगी। सुनो 10 मिनट में गौशाला हो कर आता हूँ. हजार रूपए कौन देगा फटाफट तय कर लो। आज दोगे तो ...

गोपाल : इसकी पूजा आज से शुरू होगी।

चारूलता : अरे पुलिस को बताइए, 2 मिनिट में अंदर कर देंगे।

गोपाल : एक मिनिट में बाहर भी कर देंगे।

चक्रधर : हाँ इनकी अंडॅरस्टैंडिंग होती है, जैसे ही ये आये पैसे दे देना, मैं बड़ा हूँ मेरी बात मानो।

गोपाल : जब आएगा आपके पास भेज दूंगा।

चक्रधर : मेरे घर क्यूँ? उसने पैसे तुमसे मांगे हैं तुम दो।

गोपाल : आप बड़े है! हम फैमली हैं।

चक्रधर : अरे मेरे पास एक पैसा नहीं है।

सत्यानन्द : कौन है, कैसा शोर है?

गोपाल : कुछ नहीं सीताराम टाईगर गुंडा आया था। हजार रूपए मांग रहा था , अगर 10 मिनिट में नहीं दिए तो सबको मार डालेगा।

सत्यानन्द : क्या कहा ?

चारुलता : 40 दिन का व्रत कर रहे हैं टाईगर जी, तो पूजा वगैरह में खर्चा तो होगा ही, हर दिन अलग–अलग घरों से जा कर वसूल करेंगे, नहीं दिया तो मार डालेंगे।

सत्यानन्द : बस इतनी सी बात मैं तो डर ही गया था।

चक्रधर : जरा पापा को छूना।

गोपाल : ठीक हैं – शाक नहीं मार रहे, अब मजाक छोड़ो में कैश की बात कर रहा हूँ।

सत्यानन्द : क्या बात है ?

चारुलता : पापा कुछ नहीं अगर आपके पास हजार रुपये हो तो ... देख कर वापिस कर देंगे।

सत्यानन्द : अरे मेरे पास कहाँ हैं, मेरे पास टिकेट खरीदने के लिए भी पैसे नहीं थे, इसीलिए तो ट्वाईलेट सीट पर बैठकर आया हूँ, मैं तो सोच रहा हूँ कि वापिस कैसे जाऊंगा। टेलीग्राम कर दो जाकर .

गोपाल : आईडिया तो अच्छा है मगर देर नहीं हो जाएगी ?

सत्यानन्द : मेरे यहाँ पहुँचने की खबर करो।

चक्रधर : गोपाल जरा जल्दी सोचो वो आ गया तो ?

गोपाल : आ गया तो क्या? वो तो आएगा ही, गौमाता कितने केले खाएंगी, 2 मिनिट भी नहीं लगेगे।

चारूलता : तो एक काम करते हैं उसे बोलेंगे कि आज पडोसी से ले लो।

चक्रधर : बढ़िया आईडिया है मगर क्या वो समझेगा।

गोपाल : जरूर समझेगा, उसे तो पैसे से मतलब है कोई भी दे।

चक्रधर : एक मिनिट पड़ोस में तो मैं हूँ।

गोपाल : अरे आप नहीं तो आपके पडोसी सही।

चारूलता : ठीक है फिर आप ऑफिस के लिए रेडी हो जाइये।

चक्रधर : बताइए ये है हमारे देश का हाल। कोई चाकू दिखाके पैसे वसूल कर रहा है, कोई रिश्वत के नाम पर जेब काट रहा है। ऐसे लोगों को जिन्दा जला देना चाहिए।

सत्यानन्द : चाकू दिखाने वाले के साथ तो यही करना चाहिए, मगर रिश्वत लेने वालों ने क्या बिगाड़ा है, आज कल रिश्वत का मतलब है नान टैक्सेबल पे। लोग देते हैं तभी तो लेते हैं। ऑफिस में काम रिश्वत की वजह से ही हो रहा है।

(अमर का प्रवेश)

अमर : (इधर–उधर देख कर चक्रधर के पैरों में गिर कर) बचा लीजिये मेरे बापू की हालत बहुत खराब है, मुझे नौकरी नहीं चाहिए, उनको बचा लीजिये।

चक्रधर : तुम कौन हो?

सत्यानन्द : मेरी बात का जवाब नहीं दिया तुमने, रिश्वत लेना मजबूरी है, मेरे ख्याल से जो रिश्वत ले कर भी काम नहीं करते उन्हें जिन्दा जला देना चाहिए।

चक्रधर : तुम कौन हो?

अमर : मैं अमर हूँ, भूरेलाल का बेटा। उन्होने जो 10 हजार दिया है उसे वापिस कर दीजिये, बापू का इलाज करवाना है।

सत्यानन्द : अरे पिता के बारे में कितना सोचता है बेचारा, दे दो 10 हजार दे दो , तुम दूसरा केस देख लेना।

चक्रधर : अरे, मुझे क्यूँ बोल रहे हो, मैं तो इसे जनता भी नहीं, तुम किसे ढूंढ रहे हो ?

अमर : आपका क्या नाम है ?

चक्रधर : चक्रधर।

अमर : (सत्यानंद से) गोपाल जी आप मेरे पैसे वापिस कर दीजिये, आपके ऑफिसर का लेटर मेरे पास है, मेरे बापू बहुत बीमार हैं (लेटर चक्रधर को देता है)

चक्रधर : डीयर गोपाल, मैं जिसे भेज रहा हूँ, वो वापिस नहीं आना चाहिए, मैनेज इट। बाकी बातें मिलने पर, बलराम।

चक्रधर : ये बलराम कौन है?

सत्यानन्द : गोपाल का बॉस।

चक्रधर : तुम्हारे बापू ने किसको पैसे दिए?

अमर : गोपाल जी को, बोला 10 दिन में आर्डर आ जायेगा, मगर एक महीने से उपर हो गया कुछ नहीं हुआ। हॉस्पिटल वाले बोल रहे हैं ऑपरेशन करना है, मुझे नौकरी नहीं चाहिए। बस पैसे दे दीजिये।

चक्रधर : सुना? आपके दामाद ने नौकरी के नाम पर ऑफिसर का नाम ले कर 10 हजार हड़प लिए और गारंटी भी दी।

सत्यानन्द : हाँ–हाँ मैं समझ रहा हूँ मगर इसे यहाँ क्यूँ भेजा ?

अमर : तो आप गोपाल नहीं हैं ?

चक्रधर : अरे नहीं ये गोपाल के ससुर जी हैं, गोपाल जी नहा रहे हैं। ये जो बलराम जी है उन्होंने क्या कह कर भेजा तुमको?

अमर : वो तो मेरी बात सुनने के लिए राजी ही नहीं थे, गोपाल से मिलने को बोला, प्लीज मुझे गोपाल जी से मिलवा दीजिये, मुझे हॉस्पिटल भी जाना है .

सत्यानन्द : ये लड़का तो सचमुच बड़ा ही भोला है। अब किसी को दिया हुआ पैसा वापिस थोड़े ही मिलता है, ये भी नहीं जानता ?

अमर : जरा जल्दी बुलाइए मुझे जाना है।

सत्यानन्द : अरे गोपाल तुमसे मिलने कोई आया है।

चारुलता : पापा, आपने बुलाया मुझे, ये लड़का कौन है।

चक्रधर : ये गोपाल जी की बीवी हैं, नमस्ते करो, ये अमर है।

अमर : देखिये मेरे बापू ने गोपाल जी को 10 हजार रूपए दिए थे मेरी नौकरी के लिए, वो वापिस कर दीजिये, मुझे हॉस्पिटल भी जाना है ये लेटर भी दिया है ऊनके ऑफिसर ने।

चारुलता : 10 हजार रूपए।

सत्यानन्द : ऑफिसर ने 10 हजार की रिश्वत मांगी और इसके बापू ने गोपाल को पैसे दिए।

चक्रधर : और अब इसे नौकरी नहीं चाहिए, पैसे वापिस चाहिए।

चारुलता : अगर ऑफिसर ने पैसे लिए हैं तो गोपाल क्यूँ देंगे ?

सत्यानन्द : अनुभव की कमी। ऐसे मामले के बीच में नहीं पड़ना चाहिए।

चक्रधर : अरे गोपाल को बुलाओ, इसे जाना है। आखिर किस्सा क्या है, वो तो गोपाल ही बताएगा।

चारुलता : कहाँ तक पढ़े हो, क्वालिफिकेशन क्या है ?

अमर : BA किया है, टाईपिंग भी जनता हूँ।

सत्यानन्द : तुम्हारे बापू को क्या बीमारी है ?

अमर : मुझे नहीं मालूम, खांसी बढ़ गयी है। खून की उल्टि हुई तो हम हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टर ने कहा कि ऑपरेशन करना पड़ेगा।

चक्रधर : ऐसे लोगों पर मुझे बड़ी दया आती है। मेरी नीबू जिन्दा होती तो एकदम पैसे दे देती।

गोपाल : कौन हो भाई?

चक्रधर : तुम जिस गोपाल को ढूंढ रहे हो वो ये हैं।

गोपाल : बोलो क्या काम है ?

अमर : मुझे आपके ऑफिसर बलराम जी ने भेजा है, बोला गोपाल जी से पैसे ले लो। ये लैटर भी दिया है आपके लिए। मैं भूरे लाल का बेटा हूँ।

गोपाल : तुम ऑफिस पहुँचो में आता हूँ।

अमर : आपके ऑफिसर ने ऑफिस आने को मना किया है, आप जल्दी पैसे दे देंगे तो बड़ी कृपा होगी।

गोपाल : देखो जो हुआ है मुझे पता नहीं, तुम चलो मैं आता हूँ।

अमर : जब तक पैसे नहीं मिलेंगे मैं नहीं जाऊंगा, मेरा बापू आखिरी सांसे ले रहा है।

चक्रधर : लगता है वो बड़ी तकलीफ में है मना मत करो।

सत्यानन्द : पैसे लेने ही थे तो ऐसे थोड़े ही लेते हैं, टेकनिक होती है। तुम तो एकदम नादान हो।

चारुलता : अरे आपको बीच में पड़ने की क्या ज़रूरत है। पैसे का लेनदेन है तो उसे ऑफिसर के पास जाना चाहिए।

सत्यानन्द : देखो ये चीजें तुम्हारी समझ के बाहर हैं, कोई डोनेशन के नाम पर, चौरिटी के नाम पर लेता देता है। पैसे तो ऐसे ही एक हाथ से दुसरे हाथ में जाते हैं।

चक्रधर : हाँ ये एक आर्ट है, गोपाल भी इतना बड़ा आर्टिस्ट है आज पता चला।

गोपाल : मुझे इस मामले में कुछ नहीं मालूम, फालतू मत बोलिए।

चक्रधर : तो इसका मतलब इस मामले में तुम्हें कुछ नहीं मिला ?

गोपाल : आप लोग अपना काम करिए जाइए, तुम बलराम के घर के बाहर मिलो मुझे।

अमर : नहीं मैं नहीं जाऊंगा, मुझे मेरे पैसे दे दो।

गोपाल : चलो ठीक है मैं भी चलता हूँ।

चारुलता: वो सीताराम –टाईगर आएगा तो क्या करें ?

चक्रधर : हाँ पहले उसका निपटारा करो फिर जाना।

सत्यानन्द : हाँ–हाँ अमर तुम ऑफिस जाओ। गोपाल आधे घंटे में ऑफिस आएगा। नहीं आया तो तुम यहाँ आ जाना।

अमर : मैं नहीं जाऊंगा, मैं बार–बार चक्कर क्यूँ काटूं? मेरे पैसे वापिस कर दीजिये।

गोपाल : मैं कब से प्यार से समझा रहा हूँ, तुम्हारे बाप ने मुझे पैसे दिए थे, क्या सबूत है तुम्हारे पास ?

अमर : मेरा बापू आप लोगों की तरह पढ़ा–लिखा नहीं है जो झूठ बोले।

गोपाल : जा उसे बुलाके ला मुझे तुझसे कोई बात नहीं करनी।

अमर : कहाँ से लाऊँ, वो बेचारा हॉस्पिटल में बीमार पड़ा आखिरी सांसे ले रहा है।

चारूलता: ऐ यहाँ जोर से मत चीखो, पुलिस बुलाऊँ मैं ?

अमर : जाओ पुलिस को बुलाओ, अखबार वालों को बुलाओ, जिसे बुलाना है बुलाओ जो हुआ मैं सब को बताऊंगा।

चारुलता : इतने जोर से बोल रहा है जरूर पैसे दिए होंगे, दे दीजिये ना उसके पैसे।

गोपाल : मैंने नहीं लिए मेरा यकीन करो।

सत्यानन्द : मेरी तो समझ में कुछ नहीं आ रहा. गोपाल कह रहा है पैसे नहीं लिए और ऑफिसर ने लैटर दिया है।

चक्रधर : आपको समझ नहीं आ रहा तो हम क्या चीज हैं।

गोपाल : यहाँ आप इंटरफेयर ना करें तो बेहतर होगा। आप अपना काम करिए।

चारुलता : आप इतनी बार जाओ –जाओ बोलेंगे, उनकी कोई इज्जत नहीं है क्या एक मिनिट नहीं रुकेंगे अंकल।

चक्रधर : मैं तो यहाँ निम्मो की याद में चला आता हूँ। तुलसी का ध्यान रखना।

गोपाल : आप भी जाइये यहीं खड़े रहेंगे क्या? जाइये दिल को बाम लगाइए।

सत्यानन्द : हाँ ठीक है जरा संभाल कर ऐसे मामले में जल्द्बाजी ठीक नहीं, चलो बेटा।

चारुलता: आप चलिए पापा मैं आती हूँ।

गोपाल: सुनो, तुम्हारे बापू तुम्हारी नौकरी के सिलसिले में ऑफिस आये थे, बलराम जी से मिले थे, उन्होने 10 हजार मांगे, तुम्हारे पिताजी मान गए, मैंने उसी दिन वो

पैसे बलराम जी को दे दिए थे, उन्होंने ही कहा था 10 दिन में आर्डर दिला देंगे. मान लिया देर हुई मगर नौकरी मिल जाएगी, थोडा वेट करो।

अमर : मुझे नहीं चाहिए नौकरी।

गोपाल : ठीक है बलरामजी से बात करनी पड़ेगी, टाइम दो कल आ जाना।

अमर : नहीं मुझे आज ही पैसे चाहिए।

चारूलता : देखो इतना जोर से मत चिल्लाओ आस–पास के लोग सुन लेंगे।

गोपाल : सुनने दो क्या हो जायेगा , आज कल सब रिश्वत ले रहे हैं।

चारुलता : इसका मतलब आपने पैसे लिए हैं ?

गोपाल : मैंने एक पैसा भी नहीं लिया चारू। चल निकल बाहर निकल यहाँ से।

अमर : मैं क्या भिखारी हूँ, मैंने पैसे दिए हैं। वापिस करो जल्दी।

गोपाल : तुझे समझ नहीं आता मैं क्या कह रहा हूँ, निकल बाहर।

चारुलता : धीरे बोलिए, शशि आंटी कान लगाये रहती है हर समय।

गोपाल : सुनने दो मुझे किसी का डर नहीं है। जा जिसे बुलाना है बुला ले, चल।

अमर : देखो हाथ मत उठाना, मेरा भी उठ सकता है।

गोपाल : (धक्का देता है) जो करना है कर ले (अमर गिर जाता है।) क्या हुआ इसे, चारू पानी लाओ जल्दी।

अमर : मुझे पानी नहीं चाहिए। पैसे दे दो मेरा बापू मर जायेगा।

गोपाल : मैं दे दूंगा पैसे, ओह माई गाड ये तो मर गया।

चारुलता : (पानी लेकर आती है) क्या हुआ इसे बेहोश हो गया क्या ?

गोपाल : बेहोश नहीं ये तो मर गया।

(चक्रधर का प्रवेश)

चक्रधर : मैं तो बेशर्म हूँ. मैं तुलसी की याद दिलाने नहीं आया हूँ। किचिन में मेरा प्लास रह गया है। ये रस्ते में क्यूँ पड़ा है, कहीं तुमने हाथ तो नहीं लगाया इसे।

चारुलता : इन्होने इससे बाहर इंतजार करने के लिए कहा था, पता नहीं कैसे बेहोश होकर गिर गया।

चक्रधर : गिर गया या मर गया ?

चारुलता : आप बड़े हैं जरा चेक करिए तो क्या हुआ है इसे ?

चक्रधर : तुम्हारा मामला है तुम जानो तुमने ही तो कहा था ईंटरफेयर मत करो। अरे मैं क्यूँ चेक करूँ? मेरी नीबू भी ऐसे ही ....

चारुलता : ओह भगवान ये क्या हो गया।

(सत्यानन्द का प्रवेश)

सत्यानन्द : ये क्या हो गया? ये लड़का ऐसे क्यूँ सोया है ?

चक्रधर: जब किसी की जान जाती है तो ऐसे ही सोते हैं।

सत्यानन्द: मर गया ?

चक्रधर: मर गया। आपके गोपाल ने इसकी जान ले ली।

चारुलता: अरे पिताजी, मरना मतलब सच में नहीं ऐसे ही दिल की धड़कन रुक गयी है.

सत्यानन्द: ओहो अच्छा, बस इतना ही ना, चलो ठीक है।

चक्रधर: अरे ऐसे कैसे रुक गयी? तुमने कहीं मारा तो नहीं ?

गोपाल: नहीं–नहीं मैंने कुछ नहीं किया, मैंने कहा ऑफिस के बाहर इंतजार करो और ये गिर गया।

चक्रधर: वाह क्या बात है, जिन्दगी एक पानी के बुलबुले की तरह है, ऐसे ही छुआ की मर गया, कहीं ना कहीं उसको जरूर धक्का लगा होगा।

गोपाल: अरे मैने उसे कुछ नहीं किया।

चक्रधर: अच्छा जरा घर से पंचांग ले कर आओ जरा।

सत्यानन्द: यहाँ इतना कुछ हो गया तुम्हें पंचांग की पड़ी है?

चक्रधर: हाँ–हाँ आप तो ऐसे ही बोलेंगे, घर तो मेरा है, अगर नक्षत्र ठीक नहीं है तो घर को बंद करना पड़ेगा।

चारूलता: चक्रम अंकल,यहाँ सब ठीक है परेशान मत होइए।

चक्रधर: अब क्या करना है पुलिस बुलाई जाये?

गोपाल: हाँ–हाँ मर्डर होने पर पुलिस को ही बुलाते हैं या भांगड़ा वालो को?

सत्यानन्द: चक्रधर ठीक बोल रहा है, तुम्हें इतनी जल्दबाजी करने की क्या पड़ी थी, हाथापाई करने की क्या ज़रूरत थी।

चक्रधर: अगर 10 हजार दिए हैं तो पूछेगा ही, आपके 50 पैसे भी गुम हो जाये तो नींद नहीं आयेगी आपको।

चारुलता: मैं तो पहले ही बोल रही थी धीरे बोलो, मगर आपको क्या किसी को पता चलेगा तो कितनी बदनामी होगी।

गोपाल: थोड़ी देर के लिए अपना मुँह बंद रखोगी? चक्रधर जी आप ही कुछ सलाह दीजिये अब क्या किया जाये? चक्रधर जी ?

चक्रधर: आह! जब से तुम इस घर में आए हो आज पहली बार तुमने मेरा नाम इज्जत से लिया है। मर्डर किया है. कोई बात नहीं मगर तुम मैनर्स सीख गए। नाउ यु आर अ कम्प्लिट मैन।

सत्यानन्द: बार –बार मर्डर – मर्डर मत बोलो। वो बोल रहा है ना कि उसने कुछ नहीं किया।

चक्रधर: अरे आप बस कीजिये, अगर ऐसे छोटे–मोटे धक्कों से जान निकलने लगी तो पार्लियामेंट से नेता नहीं उनकी लाशें निकलेंगी।

गोपाल: सच में मैंने उसे नहीं मारा।

चारुलता: पापा शांत हो जाइये, किसी को कानों कान खबर नहीं लगनी चाहिए। इसे ठिकाने लगा देते हैं।

सत्यानन्द: हाँ ठीक है, मगर ये यहाँ आया है तो किसी ना किसी को तो बता कर आया होगा।

गोपाल: ये भी ठीक है।

चारुलता: आप 10 हजार के लिए क्यूँ लालच में आ गए ?

गोपाल: मैंने कहा ना मैंने वो पैसे बलराम को दे दिए थे।

चारुलता: अगर बलराम को दे दिए तो ये तुम्हारे पीछे क्यूँ पड़ा था, कुछ तो लॉजिक बताओ?

सत्यानन्द: हाँ लिया है 10 हजार नौकरी के बदले में। बहुत बड़ा जुर्म किया है अब बोलो, ये तो आम बात है।

चक्रधर: हाँ ठीक है इसमें सोचना क्या है? उन्ही में से 2–3 हजार खर्च करके इस लाश को दफनाइये।

गोपाल: मुझे कुछ नहीं मालूम, मैंने पैसे नहीं लिए, मुझ पर यकीन करो।

(सीताराम आता है)

सीताराम: लगता है सब को मेरा ही इंतजार था , केले तो मिल गए पर गौमाता को ढूँढने में टाइम लग गया जल्दी करो। हाँ तो कौन देगा पैसे ... और ये कौन है घर के बीच में सो रहा है ?

चक्रधर: सो रहा है, आपका मतलब ये मरा नहीं ?

सीताराम: क्या मतलब ये मरा हुआ है ?

चक्रधर: स्वामी जी, हुआ युं कि गोपाल ने इसे नौकरी दिलवाने के बदले में 10 हजार ...

गोपाल: मैंने बताया ना मैंने पैसे नहीं लिए।

चारुलता: चुप रहिये सब लोग युं चुप हो जाइये। हुआ युं कि इस लड़के को नौकरी चाहिए थी उसके लिए 10 हजार...

सीताराम: रिश्वत दी है, आगे...

गोपाल: मुझे नहीं हमारे ऑफिसर को, ये अपने पैसे मागने आया ...

सीताराम: अगर पैसे उसे दिए तो तुमसे क्यूँ मांग रहा था तुम्हारे पीछे क्यूँ पड़ा था?

चक्रधर: यही तो हमारी भी समझ में नहीं आ रहा।

चारुलता: उसी ने पैसे हड़प लिए और चीट्ठी लिख कर भेज दी कि पैसे वापिस करो।

चक्रधर: ऐसे थोड़े ही होता है, कोई ना कोई बात तो होगी ?

गोपाल: मैंने कुछ नहीं लिए कितनी बार बताऊँ।

सत्यानन्द : अगर लिया भी है तो कोई बात नहीं, मैं हूँ ना।

सीताराम : बस बंद करो, तो वो लडका तुमसे पैसे मांगने आया और चारों ने उसे मार–मारकर जान ले ली।

चक्रधर : मुझे कुछ नहीं मालूम, मैं उस वक्त क्या कर रहा था...हाँ याद आया पुरानी एल्बम देख रहा था अपनी शादी की।

सत्यानन्द : मैं अंदर सो रहा, छत को ताक रहा था कि जालों पर नजर पड़ी, मैंने सोचा क्या करूँ, खुद साफ करूँ या चक्रधर को बुलाऊँ।

गोपाल : आप मुँह बंद रखिये, मैंने उसे बहुत समझाया , हल्का सा धक्का दिया, हाँ हल्का सा और उसकी जान निकल गयी।

चारुलता : स्वामी जी आप देखकर बताइये सचमुच जान निकल गयी या...?

सीताराम : बेचारा कहाँ पैदा हुआ, कहाँ पला बढ़ा, यहाँ आकर मर गया। बहुत देर हो चुकी है कोई शक नहीं, कुछ सोचिये।

चारुलता : अब सोचना क्या है? इसे ठिकाने लगाइए, मुनिसिपल्टी वाले देख लेंगे।

सत्यानन्द : मुनिसिपल्टी वाले देख लेंगे वो अलग बात है पुलिस वाले नहीं छोड़ेंगे।

चक्रधर : हाँ आपने बिलकुल सही फरमाया, इसिलए ऐसे मामलों में जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए मैं चाहता हूँ ...

सत्यानन्द : सुनो भाई तुम मेरे छोटे भाई हो, मैं तो हार्ट पेशेंट हूँ, जो कुछ भी हो तुम्हें करवाना है। ये तो बच्चे हैं।

चक्रधर : मैं क्या करवा सकता हूँ जो होना था हो चुका है, इस मामले से जितना दूर रहें उतना अच्छा।

सीताराम : ठीक है वो सब बाद में आराम से सोचना, पहले मेरे हजार दे दो।

गोपाल : मुझे समझ नहीं आ रहा मैं क्या करूँ सिताराम जी, क्या करना है, क्या करना ठीक होगा आप ही थोडा बताइए ?

सीताराम : क्या करना है मेरे हिसाब से पुलिस को बताना चाहिए, लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजी जाएगी, फिर केस चलेगा, फिर सजा होगी। अब दूसरा सवाल क्या करना ठीक रहेगा।

गोपाल : बताइये ?

सीताराम : ये सब तुम्हारे लोग है ना, कोई अपना मुँह तो नहीं खोलेगा ?

गोपाल : नहीं–नहीं ये मेरे अपने ही लोग हैं डरने की बात नहीं ये मेरी बीवी, ये ससुर, ये मकान मालिक।

चक्रधर : नाम के ही हैं, वैसे तो फैमली हैं, आज अगर नीबू जिन्दा होती तो ...

सीताराम : चुप बे तो फिर इस लाश को ठिकाने लगा देते हैं। आप लोगों ने जो देखा–सुना वो सब भूलना पड़ेगा।

चारुलता : हाँ स्वामी जी, कोर्ट कचहरी का झंझट ही खत्म। एक काम करते है इस लाश को शशिकला आंटी के घर के सामने छोड़ देते है। तब देखूंगी वो क्या करती हैं?

चक्रधर: हाँ वाह, और कितने लोगों को पता लग जायेगा इस बारे में, हमारे मोहल्ले के आदमी चबूतरों पर गधों की तरह सोते हैं।

सीताराम: वो तुम लोग बाद में सोच लेना, मेरे हजार रूपए दो, मुझे खाना बनाना है।

गोपाल: आप खाने की चिंता छोड़िये, आप रहेंगे तो हमें हिम्मत मिलेगी।

चारुलता: परसों आपने रात में आचार माँगा था, मुझे इतना दुःख हुआ कि अपने मन की बात किसी को बता नहीं पाई। मैंने लेटर लिख कर पापा को स्पेशली बुलाया। क्यूँ पापा?

सत्यानन्द: चारू मुँह बंद रखो, सीताराम जी आप बताइए क्या करना है।

सीताराम: बाद में सोचेंगे क्या करना है फिलहाल लाश को अंदर छुपा दो।

चारूलता: मुझे लाश से डर लगता है, क्यूँ पापा ?

सत्यानन्द: हाँ–हाँ बिलकुल, मुझे भी लगता है।

गोपाल: तो ठीक है दोनों अंदर जाओ, दरवाजा बंद कर लो। चक्रम जी आप ही हाथ लगवाइए।

चक्रधर: मैं नहीं मेरी नीबू जब मर गयी थी ना मैं इतना डर गया था कि भाग गया था। सीधा तेरहवीं पर वापिस आया था, मुझसे कुछ नहीं होगा। कुछ और मत समझना।

गोपाल: ठीक है जाने दीजिये एक पर्सनल बात बताऊँ? अभी जो लड़का आया था ना, वो ना तो इसका भाई था ना ही मेरा साला। वो तो सीधा–सादा पत्रकार था। उसको पता नहीं कहाँ से पता चल गया, आपकी नीबू की मौत के बारे में पूछ रहा था। मैंने उसे बाद में बुलाया है।

चक्रधर: तुम तो मजाक करने लगे, छोटी– छोटी चीजों के लिए परेशान होते हो, चलो अपना काम करें। चलो लाश उठाते हैं, उस गधे को तुमने कुछ बताया?

गोपाल: नहीं कुछ नहीं, चलिए।

सत्यानन्द: इसे लाश से डर लगता है फिर भी तैयार कैसे हो गया? दिमाग से थोडा फ्री है क्या?

चारुलता: पापा छोड़िये। वो कुछ अलग किस्म का आदमी है।

सीताराम: वो साला हँसते–हँसते चार मर्डर कर देगा।

चक्रधर: देखा लाश कितनी भारी हो गयी है। इसे अगर जल्दी से निपटाया नहीं तो बदबू मारने लगेगी।

(लाश को अंदर रखकर आते हैं।)

चारुलता: आपने लाश को कहाँ रखा है, कहीं किचिन में तो नहीं रख दिया?

चक्रधर: नहीं। बेड रूम के एक कोने में सुलाया है। तो गोपाल अब मैं चलूँगा,खाना–वाना बनाना है।

गोपाल: हाँ–हाँ जाइए, अगर जगन आयेगा और आपको देख लेगा तो गड़बड़ हो जाएगी। अच्छा नीबू कहाँ से थी। कहीं मेरठ से तो नहीं थी?

सत्यानन्द : अरे मेरठ से? कहीं ये मायाचंद का दामाद तो नहीं है? बहुत पहले सुना था उसके दामाद ने उसकी बेटी को जला कर मार डाला था। कहीं ये वही तो नहीं?

सीताराम : ये सब फैसला इतनी आसानी से नहीं होने वाला। मेरे हजार रूपए दे दो।

चक्रधर : ये ब्लैकमेलिंग ठीक नहीं है। चिंता मत करो मैं यहीं रहूँगा। इस लाश से कैसे पीछा छुड़ाना है मिल कर सोचेंगे।

चारुलता : अब स्वामीजी के सामने फैसला हो तो ठीक रहेगा।

गोपाल : हाँ–हाँ, स्वामीजी लाश का कैसे, कब और क्या किया जाये।

सीताराम : स्वामीजी केवल बताएँगे, अपने हाथ से कुछ नहीं करेंगे। करना तो तुम्हें ही पड़ेगा।

गोपाल : आप दीक्षा में हैं, हम जैसे लोगों की मदद करेंगे तो आपको पुण्य मिलेगा, ऐसे मामलों का हमें तजुर्बा नहीं है।

चारुलता : स्वामीजी आप मेरे भाई जैसे हैं। एक दिन के लिए अपना व्रत टाल दीजिये। कल से शुरू कर दीजियेगा. सोचिये आपका सगा साला ऐसा करता तो क्या आप उसकी मदद नहीं करते?

सत्यानन्द : तेरा क्या नाम है, सीताराम! वही हाँ। मैं तुझसे बड़ा हूँ ये छोटे बच्चे हैं, इनका ये पहला अनुभव है, आज इनकी मदद कर दो आगे से ये खुद ही कर लेंगे।

चक्रधर : मुझे मालूम है, स्वामी जी दयालू है उनका दिल मक्खन जैसा है।

गोपाल : मान जाइये हमें थोडा हौसला मिलेगा।

सब : प्लीज... प्लीज... प्लीज...।

सीताराम : ठीक, मैं भी 40 दिन तक एक आम आदमी की तरह रहना चाहता हूँ, चलिए आपका काम भी कर देते हैं।

चारूलता : पापा स्वामीजी मान गए हैं, अब हमें कोई डर नहीं।

सत्यानन्द : क्या मान गए ?

गोपाल : नहीं–नहीं, वो नहीं माने सिर्फ हाँ बोला है।

सत्यानन्द : सिर्फ हाँ बोला है तो ठीक है।

गोपाल : देखिये हम दोनों बाद में बात करेंगे। हाँ स्वामी जी अब बताइए क्या करना है ?

सीताराम : अब लाश को बिना किसी को बताये, ठिकाने लगाना मुश्किल है। एक टैक्सी हायर करनी पड़ेगी। 10 हजार लगेंगे।

गोपाल : 10 हजार ?

चक्रधर : हाँ बॉडी उठाना मुश्किल काम है ऐसा कहते है।

गोपाल : उसके बाद?

सीताराम : दो–तीन ब्राह्मण आदमी चाहिए,जो कि मुँह ना खोलें।

गोपाल : हाँ–हाँ एक मैं, एक ससुरजी और चक्रधर अंकल।

सत्यानन्द : अरे गोपाल मुझसे नहीं होगा। मेरी उम्र हो गयी है, तुम और चक्रधर देख लो ।

चक्रधर : अब तुम जो चाहे समझो, मुझसे नहीं होगा। ये टैक्सी, बसों में लाश के साथ जलूसबाजी मेरे बस की बात नहीं है।

चारुलता : सुनिए,ये जगन को आपने कितने बजे बुलाया है?

चक्रधर : हाँ–हाँ, जब वो आये तो 10 मिनिट के लिए मेरे पास भेज देना। यहाँ जो हुआ है उसके बारें में मुझे उससे कुछ बात करनी है।

गोपाल : ओह तो आप मुझे धमकी दे रहे हैं! तो पुलिस के पास चलते हैं सब कुछ बता देंगे जेल में चक्की पीसेंगे साथ–साथ और टाइम मिलेगा तो ताश भी खेल लेंगे, तो आप रेडी हैं।

सीताराम : तुम दोनों देखलेना मैं चलता हूँ।

चारुलता : अरे आप मत जाइये गोपाल और अंकल जी आप दोनों बाद में बात कर लेना। पहले जो काम जरूरी है वो करिए।

गोपाल : टैक्सी के बारे में आपने 10 हजार बताए हैं और 3 आदमी। अगर आप ही अरेंज कर दें तो...

सीताराम : कर दूंगा ...उसके लिए 5 हजार लगेंगे 5 हजार।

चारुलता : टैक्सी के लिए 10 हजार, आदमी के लिए 5 हजार ..पूरा 15 हजार ?

गोपाल : हमारी हालत तो आपके सामने है। भगवान के नाम पर डिस्काउंट दे दीजिये।

चक्रधर : स्वामीजी आप दीक्षा में हैं भगवान के नाम पर डिस्काउंट तो दे ही देंगे।

सीताराम : अरे नहीं, टैक्सी के लिए 10 हजार में एक पैसा कम नहीं हो सकता, 3 आदमी के लिए 5 हजार से कम दिया और उन्होने अपना मुँह खोल दिया तो परेशानी हो जाएगी। ऐसे कामों में पैसे के नहीं भरोसे के दाम लगते है।

सत्यानन्द : सीताराम सुनो मैंने बताया ना। पहली बार मर्डर हो गया है ऐसा करो पूरा काम 10 हजार में निपटाओ अगली बार तुम जितना चाहो उतना दिला दूंगा।

सीताराम : आप क्या बोल रहे है आपको मालूम है ?

सत्यानन्द : मैं बोल रहा हूँ पूरा काम 10 हजार में करवाओ।

सीताराम : नहीं–नहीं, इसमें मुझे कुछ नहीं बचेगा, आपको यहाँ का मार्केट रेट नहीं पता है। यहाँ धमकी देने का 1 हजार, हाथ लगाने का 2 हजार, हाथ पैर निकालने का 3–4 हजार और आजकल बसों पर पथराव करने का भी 10 हजार मिलता है। यहाँ तो मामला ही कुछ और है।

सत्यानन्द : वो तो हर पार्टी का अपना रेट होता है उनकी तो फंडिंग भी होती है।

चारुलता : हम तो केवल इनकी नौकरी पर जी रहे हैं। हम कहाँ से लायें इतने पैसे ?

सीताराम : अरे नहीं चलेगा। यह मेरा रेट नहीं है मेरी यूनियन के रेट हैं। आपसे होगा तो बताइए ?

सत्यानन्द : चुप सब चुप। आजकल बड़े लोगों की कदर नहीं हैं। हमारे जमाने में एक मर्डर हो या शादी एक बोलता था सब सुनते थे। ठीक है टैक्सी का 10 हजार, और 3 आदमी का 2 हजार पूरा 12 हजार बस इससे ज्यादा नहीं। टैक्सी लाओ लाश को ले जाओ और पैसे मैं दिलवाऊंगा। बस आगे कोई नहीं बोलेगा।

सीताराम : आप लोग समझने की कोशिश किजिये।

सत्यानन्द : कुछ नहीं समझना।

सिताराम : ठीक है, अब क्या करते हैं कि लाश को ठिकाने लगाते–लगाते तो देर हो जाएगी, ड्राईवर को 500 रूपए देने पड़ेंगे।

सत्यानन्द : हमें उससे कोई लेना देना नहीं। पूरा 12 हजार मिलेगा वो भी काम होने के बाद।

सीताराम : मुझे इसमें से फूटी कौड़ी नहीं बचेगी। मैं जा कर 3 आदमियों को बुलाऊंगा वो टैक्सी ले कर आएंगे एड्रेस क्या है ?

चक्रधर : क– 1008 / 420, पुरानी गली, नया किला, फतेह मोहल्ला।

सीताराम : ठीक है मैं बता दूंगा।

(सीताराम जाता है)

सत्यानन्द : इधर–उधर क्या देख रहे हो गोपाल पैसे ले कर आओ।

गोपाल : ठीक है आपके सूटकेस की चाबी कहाँ रखी है ?

सत्यानन्द : अब तुझे उसकी क्या जरुरत है ?

गोपाल : आपका सूटकेस है तो चाबी आपके पास ही होगी ना।

सत्यानन्द : तुम्हारा मतलब है वो पैसे मैं दूंगा ?

गोपाल : आपने सेटेलमेंट कराया है तो पैसे आप ही देंगे।

सत्यानन्द : मैं? ह्म्म्म मेरे पास? 100 रूपए का नोट देखे हुए 1 हफ्ता हो गया, मेरे पास पैसे कहाँ, ये सही वक्त है, तुम्हें समझा रहा हूँ इतना घमंड अच्छी बात नहीं, तुम हर किसी से झगडा मोल ले रहे हो।

चक्रधर : बहुत अच्छी बात बताई आपने, ना बड़ों की इज्जत . ना बड़ा देखता है ना छोटा जो मुँह में आये बोल देता है। अब किसी ना किसी की हाय तो लगेगी ही।

चारूलता : चक्रम अंकल, पहले ये काम होने दीजिये। ये बातें तो बाद में भी हो सकती है।

चक्रधर : हाँ–हाँ तो मैंने कब मना किया ?

चारुलता : गोपाल, अब डरने की कोई जरुरत नहीं। अंकल जी मान गए है।

चक्रधर : तुम कहीं पैसों की बात तो नहीं कर रही ?

गोपाल : मुझे माफ कर दीजिये. मैंने अगर गलती से आपको कुछ कहा हो तो आप दिल में मत रखियेगा। थोडा पैसों का इंतजाम कर दीजिये मैं 10–15 दिनों में ...

चक्रधर : वापिस कर दोगे.. अब इतना पैसा मेरे घर में कहाँ से आया। मैं कोई लखपति तो हूँ नहीं। ये सब तुम्हारे सगे सम्बन्धी हैं, जो भी है निकालो।

गोपाल: मैंने आपको कितनी बार बताया है कि मैंने वो पैसे ऑफिसर को दे दिए थे।

चारुलता: तो अब हम क्या करेंगे ?

गोपाल: ठीक है, दुनिया में सब एक जैसे लोग हैं, सलाह सब देते है काम कोई नहीं आता। सब डरते हैं, अब ससुर जी हाथ खड़े करेंगे तो मेरा काम नहीं रुकेगा।

चारुलता: आप चिंता मत करो, भगवान सबकी सुनता है। जिसने मर्डर करवाया है वो ही रास्ता भी दिखायेगा।

गोपाल: ठीक कहा तुमने, कुछ ना कुछ तो करना ही पड़ेगा।

चारुलता: कैसी बात करते हैं मैं पिताजी को अंदर ले जाकर बात करूँ ?

गोपाल: नहीं कोई ज़रूरत नहीं है, एक काम करो तुम्हारे गले में जो मंगल सूत्र है, वो देना, हमारे काम तो आएगा।

चारुलता: क्या कहा आपने? मेरा मंगलसूत्र बेचकर लाश ठिकाने लगायेंगे! पहले कभी सुना है ऐसा?

गोपाल: अब सुन लिया आगे देखोगी भी चलो उतारो जल्दी।

सत्यानन्द: सुनो चक्रम जरा बताना आज कौन सा नक्षत्र है ?

चक्रधर: आज दशमी शुक्रवार और दिन दिन भर ...

सत्यानन्द: दशमी शुक्रवार ...तुम भूल कर भी अपना मंगल सूत्र मत देना वर्ना..

गोपाल: वर्ना क्या हो जायेगा ?

सत्यानन्द: चारू तुझे याद है, मेरे पिता यानि तुम्हारे दादाजी ने, दादी जी का मंगल सूत्र बेच कर बिजली लगवाई थी ?

चारुलता: हाँ और 10 –15 दिन बाद बिजली का झटका लगने से वो मर गए थे।

गोपाल: तुम्हारा मतलब दशमी के दिन मंगल सूत्र बेचने वाला मर जाता है, तो मैं तैयार हूँ।

सत्यानन्द: मगर हम तैयार नहीं।

गोपाल: तुम्हारा भी ये ही जवाब है?

चारुलता: हाँ मंगलसूत्र बेच कर मैं आपको खोना नहीं चाहती।

गोपाल: अगर नहीं दोगी तो मैं जेल जाऊंगा।

चारुलता: पति के मरने से तो अच्छा कि वो जेल चला जाये। आप चाहे कितना भी गुस्सा करो मैं नहीं दूँगी।

गोपाल: बीवी, बच्चे, माँ, बाप सब के सब एक जैसे होते हैं। एक छोटी सी दिक्कत आने पर सब पराये हो जाते हैं, अगर आदमी स्वार्थी नहीं होता तो वाल्मीकि इतने बड़े महामुनि नहीं बन पाते।

चक्रधर: तो तुम भी कोई किताब लिखोगे, जेल में बहुत टाइम मिलेगा लिख लेना।

गोपाल: कोई बात नहीं मैं पैसों का इन्तेजाम खुद ही करूँगा।

चक्रधर: ठीक है तो जल्दी करो सीताराम आता होगा।

सत्यानन्द: अब क्या होने वाला है हमें भी बताओ ?

गोपाल: मेरी माँ की चांदी की थाली है उसे बेचूंगा।

(गोपाल भीतर जाता है।)

चारुलता: पापा, लगता है गोपाल सचमुच बहुत नाराज हो गए है.

सत्यानन्द: तुम चिंता मत करो ऐसे मर्दों का गुस्सा ज्यादा देर तक नहीं टिकता, मैं हूँ ना अगर कुछ होगा तो मैं सम्भाल लूँगा।

चक्रधर: अब ऐसे छोटी–मोटी चीजों के लिए आप तकलीफ करेंगे? मैं हूँ ना। चारुलता तुम बहुत ही समझदार हो! मेरी नीबू की तरह नहीं वो तो बहुत भोली थी।

(सीताराम का प्रवेश)

सीताराम : ॐ क्या हुआ ? पैसा रेडी है ?

चक्रधर : आदमी, गाड़ी तैयार है न? अंकल अपने दामाद को बुलाइए।

(जगन्नाथ का प्रवेश)

जगन्नाथ : हैलो! सबको गुड मॉर्निंग। (सीताराम को देख कर) अच्छा तू भी यहीं पर है?

मेरा नाम जगन्नाथ है। जर्नलिस्ट हूँ। कुछ याद आया ?

सत्यानन्द : क्या तुम पत्रकार हो? अरे बताया क्यों नहीं?

चक्रधर : तू फिर से यहाँ क्यों आया है ? निकल, बाहर निकल।

चारुलता : निकालिये इस गधे को यहाँ से।

सीताराम : सुना सभी पूछ रहे हैं कि तू यहाँ क्यों आया है ? सच बताओगे तो अच्छा रहेगा।

जगन्नाथ : ठीक है बता दूंगा। मगर ये बता उस दारु के अड्डे पे जो लफड़ा हुआ उसमे तेरा नाम बहुत सुनने में आ रहा है। सुना है तगड़ा पैसा मिला है ? सच है क्या?

सत्यानन्द : ये क्या ? ये तो हमारे दूर का रिश्तेदार का...

चक्रधर : आप बीच में मत पड़िए रिश्ता नहीं है बादाम पिस्ता नहीं है।

चारुलता : पिताजी आप कुछ देर के लिए बात मत कीजिए। मैं आपको सब कुछ बाद में बता दूंगी। तुम निकलते हो या धक्के मार के बाहर निकालें?

जगन्नाथ : ठीक है मैं चला जाऊंगा, मगर एक बात याद रखिये। हत्यारों को, चोरों को मैं इतनी आसानी से छोड़ने वाला नहीं हूँ। मै फिर आऊंगा। (सीताराम से) सुना है की पुलिस वालों को धोखा देकर खूब दारू बेच रहा है? कांग्रेट्स!

(भीतर से गोपाल घबराया हुआ आता है)

गोपाल : चारु... ...चारु...

सत्यानन्द : क्या हुआ? गोपाल ये घबराहट कैसी ?

गोपाल : अंदर... लाश... लाश हिल रही है... मैंने अपनी आँखों से देखा है।

जगन्नाथ : लाश? कहाँ है? चलिए चल कर देखते हैं।

गोपाल : जगन्नाथ? तुम?

जगन्नाथ : हाँ, मैं, चलिए देखते हैं।

चक्रधर : गोपाल पहले इसे बाहर निकालो।

सत्यानन्द : वो सब ठीक है। लाश हिल रही है? ये सब क्या है? कुछ समझ में नहीं आ रहा है।

चारुलता : ऐसा कुछ नहीं है पापा, हमारे घर में लाश कैसे हो सकती है? उनके ऑफिस में कोई नाटक हो रहा है, उसकी रिहर्सल कर रहे हैं, बस।

गोपाल : अरे नहीं नाटक नहीं है। मुझे कुछ समझ में नहीं आ रहा है। वो चांदी की प्लेट बाहर निकालने आलमारी खोली तभी देखा कि... वो लाश हिल रही थी।

जगन्नाथ : डरिये मत। चल कर देखते हैं।

चक्रधर : कोई जरुरत नहीं है। हम देख लेंगे। तू बाहर निकल।

चारुलता : हां निकलेगा या सीतारामजी को हाथ लगाना पड़ेगा?

सत्यानन्द : तो ये हमारा रिशतेदार नहीं है? तभी सोचूँ उस टकले को ये भालू जैसे बालों वाला कैसा पैदा हुआ ?

सीताराम : रुकिए जरा आराम से सोचिये। जगन्नाथ को अब तक हमारे बारे मे सब पता चल गया होगा। छुपाने से कोई फायदा नहीं है। इसे पूरी बात बताना ठीक नहीं रहेगा।

जगन्नाथ : कोई और दारु का केस है क्या?

सिताराम : अरे नहीं। ये इनका अपना केस है।

सत्यानन्द : अरे पहले गोपाल ने जो देखा है उसमे कितनी सच्चाई है ये तो देख लेते? अगर वो लड़का जिन्दा है तो हमें इस जगन्नाथ से डरने की जरुरत नहीं हैं। क्या बोलते हो गोपाल?

चक्रधर : मुझे ये आदमी बिलकुल पसंद नहीं है। पहले इसे तुरंत बाहर निकालो।

गोपाल : ससुरजी का कहना ठीक है। मगर मुझे डर लग रहा है। आप में से कोई अंदर जा कर देख आइये।

सीताराम : ठीक है। अंदर लाश है या कोई जीता–जागता आदमी है ये पता लगाना हमारे लिए ही नहीं इस जगन्नाथ के लिए भी जरूरी है। इसीलिए हम दोनों अंदर जाकर देखकर आते है।

जगन्नाथ : कोई जरुरत नहीं है। मुझे आप लोगों पर भरोसा है।

सीताराम : अबे वो तुझ जैसे और मुझ जैसे लोगों पर भरोसा नहीं करते। चल दोनों चल कर देखते है।

जगन्नाथ : ओके चलिए। (सीताराम, जगन्नाथ दोनों अंदर जाते है।)

चक्रधर : गोपाल मैं तुझे पहले ही बता रहा हूँ। मेरी बीवी और उसकी मौत के बारे में उस गधे को कुछ बताओगे तो अच्छा नहीं होगा। अरे मुझे ये समझ में नहीं आता, मैं अपनी बीवी को मारूं–पीटूं तुम्हें क्या ऑब्जेक्शन है? मेरा सामान है, मैं तोडूं–फोडू तुम्हें इससे क्या ?

सत्यानन्द : तेरी तो... बीवी कोई कलर टीवी या कोई घर का सामान नहीं है। तेरी मेरी तरह जीता जागता इंसान है। तूने तो घर की चिराग को ही बुझा दिया। तुझे कभी शांति नहीं मिलेगी। ये मेरा शाप है। तेरे मुंह में कीड़े पड़ेंगे। तेरा सत्यानाश होगा तुझे पीने को पानी भी नहीं मिलेगा तू... तो नरक में जायेगा तेरा... तेरा...

चारुलता : पिताजी... अब बस भी कीजिये...

गोपाल : आप चुप हो जाइये... हमें इनकी बीवी की मौत के बारे में फैसला नहीं करना है...

चक्रधर : वही तो।

(सीताराम आता है)

सीताराम : (गोपाल से) तुमने जो देखा वो गलत देखा। वो तो कब का मर चुका है।

चक्रधर : बढ़िया, गोपाल समझे कुछ? इसीलिए बातें बंद करके काम को देखो।

गोपालः सचमुच? आपने ठीक से देखा है ना? मगर मैंने जो देखा था... अच्छा वो जगन्नाथ कहाँ हैं?

सीताराम : वो साला लाश के मुहँ में अपना थोबड़ा लगाकर बारीकी से देख रहा था। इसिलिये उसे भी अंदर ही बांध के डाल दिया।

चक्रधर : अंदर क्यों?

सीताराम : तेरी तो, ॐ!

चक्रधर : स्वामीजी दया करके उसे धक्के मारके बाहर निकालिए।

चारुलता : हाँ स्वामीजी उसने लाश को देख लिया है, ये कौन है? कैसे मरा? कब मरा? किसने मारा, सवाल–जवाब करता रहेगा तो हमारा क्या होगा?

सत्यानन्द : हर बात पे चिंता मत करो बेटी? सब मिल कर कोई अच्छी सी कहानी सुना देंगे।

सीताराम : कोई फायदा नहीं है। ये पत्रकार हमारी कहानी पर इतनी आसानी से विश्वास नहीं करते, ऊपर से तहकीकात करके सच्चाई जानकर ही रहते हैं।

गोपाल : तो... अब क्या करेंगे। वैसे तो उसे चक्रधर जी की वाइफ के खून के बारे में इनफार्मेशन चाहिए। वो अगर हम बता दे तो?

चक्रधर : बताओ–बताओ क्या बोलोगे मै भी देखूं? उसके बाद यहाँ क्या–क्या हुआ उसकी सारी कहानी मै बताऊंगा।

चारुलता : हां गोपाल जरा सोचो जो हुआ वो बाहर के लोगों को पता चलेगा तो क्या इज्जत रह जायेगी, केस हो जायेगा कोर्ट–कचहरी अलग।

सीताराम : इज्जत से तेरी नौकरी भी चली जाएगी और चौदह साल की सजा होगी। जेल जाने की तैयारी कर लो।

सत्यानन्द : इस उम्र में इस दुर्बल दिल की बीमारी के साथ मैं तेरी बीवी की देखभाल... मैं नहीं कर सकता। बाकी तुम्हारी मर्जी। अच्छी तरह से सोच लो।

गोपाल : चुप, चुप, चुप हो जाइए आप। आप तो ऐसे बोल रहे हैं जैसे सब कुछ हो गया। सीताराम।

सीताराम : तेरी तो! ॐ!

गोपाल : मेरा मतलब स्वामीजी अब आप ही बताइए। मेरा तो दिमाग ही काम नहीं कर रहा है। बताए क्या करना चाहिए?

सीताराम : हाँ सबको मिलकर सोच समझ कर इसे बाहर निकालना होगा नहीं तो तुम और मैं, हम सब जेल जायेंगे।

चक्रधर : तो स्वामीजी वो आपकी आँखों का भी तिनका है ?

सीताराम : वही नहीं बगल में रखी बन्दूक जैसा है। मेरे सभी कारनामों के बारे में मुझसे ही पूछताछ कर रहा है, वैसे भी अब तक उसे बहुत कुछ पता चल गया होगा। ऐसा मेरा अनुमान है।

चक्रधर : तो फिर क्या करें ? ये बंदा तो बड़ा डेंजर आदमी निकला।

सीताराम : डेंजर नहीं महाडेंजर है। उसे जाने देना यानी शेर को पिंजरे से बाहर छोड़ना। आज ये हत्या के बारे में, कल तेरी बीवी के मौत के बारे में, तेरे घूस कारनामों के बारे में अपने पेपर में जरूर लिखेगा। तब सब की इज्जत के साथ–साथ जान भी जायेगी। सोच लो।

गोपाल : तो अब क्या करें स्वामीजी?

सीताराम : ध्यान से सुनो। जगन्नाथ को भी मारना पड़ेगा।

गोपाल : एक और हत्या?

चारुलता : एक और लाश?

सत्यानन्द : मर्डर पे मर्डर, चारु ये क्या हो रहा है?

सीताराम : तेरी तो ॐ। सब अपना मुहँ बंद रखो। उस जगन्नाथ का मरना जरूरी है। नहीं तो हम सब को मार देगा।

सत्यानन्द : मुझे तो डर लग रहा है।

गोपाल : देखते–देखते किसी की जान कैसे ले सकते है ?

चक्रधर : हमें जीना है तो उसे मारना पड़ेगा और कोई चारा भी तो नहीं है।

चारुलता : स्वामीजी आप ही हमें पार लगा सकते हैं।

सीताराम : ठीक है। मैं हमसब की तरफ से सोच–समझकर बता रहा हूँ। ध्यान से सुनो। उस जगन्नाथ को मारना हम सब के लिए मिलकर करने वाला एक धार्मिक कार्यक्रम जैसा है। मतलब सब लोग एक–एक काम करेंगे। इसीलिए मैं उस रूम में जा कर उसका गाला दबाकर मार दूंगा। उसके बाद वाला जो कार्यक्रम होगा उससे मेरा कोई लेना–देना नहीं होगा। तुम सब देख लेना। ठीक है?

गोपाल : ओह क्या बात है किसी को मारना मुश्किल है। मगर बाकि काम तो हमारे बायें हाथ का खेल है। क्यों चारु? क्यों पिताजी ?

सत्यानन्द : बायाँ–दांयाँ? क्या बक रहे हो गोपाल? थोड़ा सोच समझ कर बोलो। वैसे भी इससे मेरा कुछ भी लेना देना नहीं है।

चक्रधर : सुनो गोपाल अंकल जो बोल रहे हैं वो भी जरा सोचो। एक लाश से ही लेने के देने गए, तो दो–दो लाशों को ठिकाना लगाना क्या तुम्हारे बस की बात है? इसमें मुझे मत घसीटो। बाकि तुम्हारी मर्जी।

सीताराम : लाशों को ठिकाना लगाने के बारे में तुम लोग चिंता मत करो। आज मिलावटी दारू पीकर बहुत लोगों की जानें गई है। सरकारी अस्पताल में लाशों का ढेर लगा हुआ है। ये दो लाशें ले जाकर वही लिटा देंगे। वो मेरा जिम्मा है। अब कुछ मत सोचो। उस जगन्नाध को तुम चारो मिलकर मार दो। बाकि काम मुझ पर छोड़ दो। एक पैसा नहीं लूँगा सब काम फ्री में कर के दूंगा।

चारुलता : हां गोपाल जरा पानी पीकर ठन्डे दिमाग से सोचो।

गोपाल : तो इसका मतलब उस लाश को ठिकाने लगाना मुश्किल है। इसीलिए जगन्नाथ का मरना ही ठीक है। यही ना ?

चक्रधर : दिल पे पत्थर रख कर हाँ बोलो।

सत्यानन्द : गोपाल कर लो। लाशों से तमाशा करने से यही अच्छा है।

चारुलता : पिताजी, अंकल भी तो हमारे साथ है ना।

चक्रधर : देखो चारु तुम...

सीताराम : अरे लाश को घर में रखकर इतनी आराम से बातें कर रहे हो शर्म नही आती? अच्छा सब सुनो, अब जगन्नाथ को मरना होगा जगन्नाथ को हम सब मिलकर मारेंगे, बाकी सब फ्री।

चारुलता : पापा सुनो स्वामी जी सब फ्री में करेंगे।

सत्यानन्द : हाँ ये सुनकर... मेरे कान धन्य हो गए। गोपाल इस तरह से सारा काम अगर फ्री में होगा तो... तो हम कितने भी लोगो मार सकते हैं।

चक्रधर : तो स्वामी जी, ये भी भगवान के नाम पर डिस्काउंट है?

सीताराम : चुप बे चोर, तू और मैं और हम सब चोर हैं, एक ही गाड़ी के सवार। अगर जगन्नाथ जैसा कोई हमारे रास्ते में आता है तो उसे साफ करके आगे निकलना है। तुम लोग रेडी हो न।

गोपाल : मगर स्वामी जी देखते–देखते एक और आदमी को मारना...

चारुलता : अरे आप कितने डरपोक हैं। पापा इतना डरपोक आदमी आपने कहाँ से ढूँढ निकला? ठीक है अगर आप को डर लगता है तो आप उस लड़के को पकड़कर रखना बाकी चक्रधर अंकल...

चक्रधर : मार देंगे हैं न? मैं इस शुभ कार्य में तुम लोगों की मदद क्यों करूँ?

सीताराम : क्योंकि अगर वो जिंदा रहेगा, तो तेरी बीवी के बारे में, उसकी मौत के बारे में अखबार में लिखेगा और तू लाकअप में मरेगा।

चक्रधर : स्वामी जी...

सीताराम : इसलिए तू अपना मुँह बंद रख और तू ही नहीं सब अपना मुँह बंद रखेंगे वरना मैं सबका मुँह बंद कर दूंगा। यहाँ से एक नहीं, दो नहीं, चार–चार लाशें निकलेंगी वो भी बिलकुल फ्री। तो चलो अब बताओ कौन क्या क्या करेगा?

सत्यानन्द : गोपाल मेरे बारे में तो तुम्हे पता है ना...?

गोपाल : मुझे कुछ नहीं पता...

सत्यानन्द : स्वामी जी मैं आपके पैर पकड़ता हूँ... उसके पैर पकड़ने का काम मुझे दे दो।

चारुलता : तो फिर मैं उसका मुँह दबा दूंगी।

गोपाल : तो मैं उसका कसकर हाथ पकड़ लूँगा।

चक्रधर : अब बचा क्या? गला दबाना मेरी फूटी किस्मत मुझे हमेशा ये ही ड्यूटी मिलती है।

सीताराम : ॐ!!

चक्रधर : अच्छा–अच्छा कर दूंगा।

सीताराम : अब प्लान सुनो... अचानक इस बुढ्ढे को दिल का दौरा पड़ेगा।

चक्रधर : गोपाल बता रहा था कि इनका तो हार्ट ही गायब है।

सत्यानन्द : जैसे तेरा बहुत बड़ा दिल है और तू बीवी को बहुत प्यार करता है?

गोपाल : आप थोडा चुप बैठेंगे.. स्वामी जी आप बताओ।

सीताराम : हाँ तो इस बुढ्ढे को दिल का दौरा पड़ेगा, हम सब घबरा जायेंगे, फिर मैं अन्दर जाऊंगा और जगन्नाथ को बाहर लाउंगा, जाहिर है वो पूछेगा कि क्या हुआ? पर तुम उसे कुछ नहीं बताओगे और रोना–धोना शुरू कर देना। बस यही मौका देखकर तुम चारो एक पैर, एक हाथ, कोई मुँह पकड़ेगा और बाकी गला दबा देना। बस काम तमाम होते ही मैं टैक्सी ले आऊंगा और बाकी का जिम्मा मेरा। तुम्हें उसके बाद फिक्र करने की कोई ज़रूरत नहीं।

गोपाल : ठीक है मगर...

चक्रधर : हाँ–हाँ पूछो... मगर स्वामी जी...

सीताराम : अब किसी को कोई डाउट है तो अभी पूछ लो अगर इस प्लान में कोई गड़बड़ हुई तो तुम्हारा काम खल्लास।

चारुलता : पापा आप बड़े लोग हो पहले आप पूछो।

सत्यानन्द : पूछुंगा बेटी ज़रूर पूछुंगा उसी वक़्त का इंतजार कर रहा हूँ ...पूछ ही लेता हूँ। गोपाल क्षमा करके मुझे छोड़ दो मेरी बुद्धि मारी गयी थी जो मैं यहाँ आ गया। अब इस उम्र में खून डकैती, रेप, मुझसे नहीं होगा।

चक्रधर : अंकल छोटा सा करेक्शन है। आपको हत्या करनी है कोई रेप नहीं करना, और अगर ज़रूरत पड़ी तो आप को परेशान नहीं करेंगे।

गोपाल : स्वामी जी बोल रहे थे कोई डाउट हो तो पूछो क्षमा याचना के लिए टाइम नहीं है, अब तैयार हो जाईये, स्वामी जी हम तैयार हैं।

सीताराम : ठीक है इस बुढ्ढे को यहाँ सुला दो और तुम सब रोना–धोना शुरू करो।

सत्यानन्द : दिल की बीमारी की एक्टिंग कैसे करनी है?

गोपाल : एक्टिंग की ज़रूरत नहीं है, जब से आप यहाँ आये हैं और जो कर रहे है वो क्या है?

सत्यानन्द : बस इतना ही... तो अभी लो... बेटी मेरे दिल...

चक्रधर : जिस बेवकूफ को दिल की बीमारी होती है न वो इतना तेज नहीं चिल्लाता।

सत्यानन्द : अगर ऐसे गाली दोगे तो मुझे गुस्सा आ जायेगा, और गुस्सा आयेगा तो दौरा नहीं पड़ेगा बाकी तुम सोच लो।

गोपाल : थोड़ा इज्जत से गाली दीजिये।

सीताराम : चलो छोड़ दो।

चारुलता : पापा–पापा क्या आप हम लोगों को छोड़ कर चले जाओगे? अगर मम्मी आएगी तो मैं क्या जवाब दूंगी?

सत्यानन्द : उसको बोलना, गोदान–वोदान के लिए फिजूल खर्च न करे।

चारूलता : ठीक है आप सो जाईये। कैरी आन।

चक्रधर : आप कुछ भी बोलिए ये बुढ्ढा निकम्मा है और पैसो के लिए कुछ भी करेगा।

सत्यानन्द : फिर से गाली दे रहा है स्वामी जी।

गोपाल : डैडी आप सो जाओ। आपको असली बात बताऊँ ये सचमुच मेरे पिता जैसे थे, ये मुझसे इतना प्रेम करते थे, मैंने आज सुबह इनसे पूछा कि आप कमजोर लग रहे हो, सुबह नाश्ते में क्या खाओगे?

चक्रधर : हाँ–हाँ मैंने भी सुबह बोला था भाई साहब आप भले गोपाल के यहाँ दस–पंद्रह दिन रहो बाद में मेरे पास आ जाना, पर मुझे क्या पता था कि ये आज ही निकल जायेंगे।

सत्यानन्द : हाँ, अब ऐसे मरे हुए सोने में बहुत मजा आ रहा है, तुम चिंता मत करो इसके बाद बढ़िया सा नाश्ता मंगा लेना, और तुम भी फिक्र मत करो तुम्हारे यहाँ भी दो चार महीने रहूँगा।

सीताराम : सब फर्स्ट क्लास चल रहा है, इसे जारी रखो... कैरी ऑन मैं, उसे ले आता हूँ। (जाता है)

गोपाल : इतना अनर्थ हो जायेगा मैंने तो सपने में भी नहीं सोचा था चारू।

चारुलता : मैंने ही कहाँ सोचा था, महीने में चार दिन तो यहाँ रहते। क्या पता था ऐसा हो जायेगा?

चक्रधर : गोपाल जो हुआ सो हुआ, अब लाश को कब तक घर में रखोगे? जल्दी से कुछ तो करना पड़ेगा।

सत्यानन्द : ये लाश... तुमने किसे बोला मैंने पहले ही कहा था मुझे गाली मत देना।

चारुलता : चिंता मत करो पापा बस दस मिनट आँख और कान बंद कर लीजिये।

गोपाल : अरे मैंने तो सोचा था कि दस दिन और आपकी सेवा करूँगा, आपने तो मेरी आशाओं पर ...चारू क्या कहते हैं उसे...

चक्रधर : पानी फेर दिया ...कितना प्रेम था और कितना प्यार था, और कितना ...कितना...

चारुलता : जिस चीज का मतलब आपको पता है उसी का इस्तेमाल किजिये और रोईये, जो नही पता उसका इस्तेमाल क्यूँ करते हैं ...ख्वामख्वाह इम्प्रोवाइजेशन... और हमारे पास हिंदी डिक्शनरी भी नहीं है।

सत्यानन्द : क्या कर रहे हो पुराने ढंग से रो रहे हो। बंद करो ये पुराना रिकॉर्ड, डैडी... पापा... कुछ नए स्टाइल का रोना–धोना करो ताकि मरने वाले को भी अच्छा लगे।

गोपाल : अच्छा ठीक है, आई विल ट्राई बेटर, आप सो जाईये। इस बुढ्ढे को मेरा ही घर मिला था मरने के लिए। अब इसका खर्चा कौन उठायेगा?

चक्रधर : अरे इसे बच्चों से बहुत प्यार था इसीलिए यहाँ आके मरा। कह रहा था पैसे बर्बाद मत करना इसलिए म्युनिसिपैलिटी को बुलवाओ वे ही इस लाश को ले जायेंगे। जैसे कुत्ते–बिल्ली की लाश लेकर जाते हैं। गोपाल तू बड़ा लकी है ऐसा दूसरा ससुर मिलना मुश्किल है।

चारुलता : दूसरा? क्या मतलब है आपका?

गोपाल : चारू चुप रहो ...हम सब को कभी ना कभी तो जाना ही है थोडा आगे थोडा पीछे...

चक्रधर : इतनी देर से हम रो रहे हैं ...और वो टाइगर उसे लेकर क्यूँ नहीं आया?

गोपाल : मैं भी वही देख रहा हूँ, लगता है वो आ गए शुरू करो।

(सीताराम का प्रवेश)

सीताराम : चुप हो जाओ, बंद करो ये रोना धोना।

चक्रधर : क्यूँ थोडा आवाज बढानी है ? आप इसे दिल पर मत लिजिए हम थोडा बेसुरे हैं।

गोपाल : क्या हुआ? वो जगन्नाथ किधर है।

सीताराम : सत्यानाश! वो भाग गया।

चारुलता : वो भाग गया? कैसे?

चक्रधर : हम सब यहीं हैं ...वो कैसे भाग गया ?

सीताराम : अबे वो अन्दर की खिड़की से भाग गया।

सत्यानन्द : तो मैं अब उठ सकता हूँ?

गोपाल : हाँ– हाँ उठिए वो भाग गया, उसे हमारा प्लान समझ में आ गया उसने कमरे में लाश को देखा, फिर हमें देखा और खिड़की से भाग गया, अब दस–पंद्रह मिनट में पुलिस को साथ ही लेकर आएगा।

गोपल : तो अब क्या करें?

सीताराम : ये बात तुम और तुम सब मिलकर सोच लेना, मैं जा रहा हूँ। मगर एक बात याद रखना अगर किसी ने पुलिस के सामने मेरा नाम लिया न तो पूजा खत्म करके आऊंगा और सबको खत्म कर दूंगा।

गोपाल : स्वामी जी ...स्वामी जी ...पुलिस यहाँ आ रही है तो कौन यहाँ रुकेगा?

सीताराम : मगर हत्या करने वाले तो तुम ही हो, वो क्या कहेंगे– सुनेगे, तुम आपस में देख लेना हमें कुछ–लेना देना नहीं।

(सीताराम चला जाता है)

सत्यानन्द : बिलकुल ठीक, वो भाग गया एक तरह से अच्छा ही हुआ नहीं तो इस मामले में मैं फँस जाता। बेटी बस अड्डा जाऊँगा तो आखिरी बस मिल ही जाएगी न, ठीक है ऐसा करो इस कागज पर साइन कर दो।

चारुलता : साइन पर किसलिए पापा ?

गोपाल : अगर मैं जेल जाऊंगा न तो तुम्हारी रोटियों का खर्चा वो नहीं उठाएंगे, ये ही लिखा है।

सत्यानन्द : तुम बहुत मजाकिया हो, जेल जाते हुए भी तुम्हारा मजाक खत्म नहीं हो रहा। अरे कुछ नहीं बेटी ये तो जमीन जायदाद के कागजात हैं, ये अपने वकील हैं न उन्होंने कहा था के तुम्हारे दस्तखत चाहिए।

गोपाल : (पढ़कर) अच्छा ये बात है, इसमें लिखा है कि इनकी जायदाद में तुम्हारा कोई हक नहीं होगा।

सत्यानन्द : हाँ बस साइन कर दो बाकी मैं देख लूँगा।

चारूलता : नहीं मैं बिलकुल नहीं करुँगी, पति एक तरफ जेल जा रहा है और बाप दूसरी तरफ जायदाद से बेदखल कर रहा है, मेरा क्या होगा?

चक्रधर : आपकी पूरी प्रोपर्टी कितने की होगी ...बस यूँ ही पूछ रहा हूँ।

गोपाल : होगी ये ही बस दस–बीस लाख की, तो डैडी जायदाद में चारू को कुछ नहीं मिलेगा? वो खुद लिखकर देगी बस इतना ही है न?

सत्यानन्द : हाँ बस इतना ही अगर तुम मेरा ये काम करवा दो तो तुम मेरे दामाद नहीं भगवन हो।

चारुलता : मेरी जान भी चली जाएगी न तब भी मैं साइन नही करुँगी।

गोपाल : चारू तुम रुक जाओ, साइन मैं करवाउंगा, पापा पर आपको मेरा एक काम करना होगा।

सत्यानन्द : मैं तुम्हारा क्या काम कर सकता हूँ, मैं तो खुद ही बीमार हूँ, ऊपर से दिल का दौरा, फिर भी मैं कोशिश करूंगा, बताओ क्या करना है।

चारुलता : ये आप दोनों जो भी बातें कर रहे हो मुझे उससे कोई लेना देना नहीं मैं साइन नहीं करूंगी।

सत्यानंद : बेटी तुम ऐसा करोगी तो पापा कहाँ जायेंगे चलो मैं तुम्हे पांच–दस हजार रूपये दे दूंगा तुम साइन कर दो।

चारुलता : नहीं मुझे कुछ नही चाहिए, मैं साइन नहीं करूंगी।

गोपाल : हाँ हमें पैसे नहीं चाहिए।

सत्यानन्द : तो फिर क्या चाहिए?

गोपाल : कुछ नही, ये मर्डर केस है इसे अपने सिर पर ले लो बस।

सत्यानन्दः क्या? क्या वो इल्जाम मैं अपने सिर पर ले लूँ और जेल चला जाऊं?

चारुलता : फिर भी मैं साइन नहीं करूंगी।

चक्रधर : गोपाल तुम्हारा दिमाग तो कमाल का है, क्या आईडिया निकाला है। तुम्हारा दिमाग दिमाग नहीं बल्कि ४४० वोल्ट्स का झटका है। भैया सत्यानंद क्या बोलते हो आईडिया बुरा नहीं है।

सत्यानन्द : पहले जेल जाना पड़ेगा और बाद में फांसी हो गई तो ?

चक्रधर : फांसी अजी छोड़िये मजाक? अब कसाब ने इतने लोगों को मारा उसका अब तक कुछ नही हुआ अब तक जिन्दा है। आपने इस लवारिस लौंडे को मार दिया तो आपको फांसी क्या जेल में भी नहीं डालेंगे।

गोपाल : अगर जेल भी हुई तो एक, दो, तीन साल तक हो सकती है। बडी उम्र है, दिल की बीमारी है और ऊपर से पहली बार खून किया है तो वरिष्ठ नागरिक होने के तहत, गाँधी जयंती पर आपको छोड़ देंगे और घर पर ड्रॉप करने आयेंगे।

सत्यानन्द : अगर ऐसा नहीं हुआ तो?

गोपाल : आप चिंता मत कीजिये बिलकुल ऐसा ही होगा।

चारुलता : मैं साइन नहीं करूंगी, नहीं करूंगी, नहीं करूंगी।

गोपाल : चारू तुम एक बार जरा इधर आओ (दोनो मंच से निकल जाता हैं)।

सत्यानन्द : अरे सुनो...रुको... मुझे थोड़ा सोचने दो ये सब क्या चल रहा है?

चक्रधर : मियां बीवी हैं कुछ भी हो सकता है। आप फिक्र मत कीजिये, मैं भी दो–तीन साल में आता– जाता रहूँगा।

सत्यानन्द : मैं अपनी मौत मर रहा हूँ बीच में तुम्हरी सलाह की जरुरत नहीं है। ये सब सुनकर मेरी बीवी क्या सोचेगी, क्या कहेगी?

चक्रधर : भाईसाहब आपकी बीवी के बारे में सोचने से पहले एक रिक्वेस्ट है। थोड़ा गोपाल से कहियेगा की बार–बार मेरी बीवी और उसकी मौत के बारे में न बोले।

(गोपाल और चारू का प्रवेश)

गोपाल : मैंने आपकी बेटी को साइन करने के लिए राजी कर लिया है बस आपका ही इंतजार कर रही है वो भावुक होकर मान गयी है और लिख कर देगी कि आपकी जायदाद में उसे कुछ नहीं चाहिए तो आप तैयार हैं?

सत्यानन्द : रेडी क्या ? मगर मैंने किसी को मारा है लोग इस पर विश्वास करेंगे?

गोपाल : बिलकुल करेंगे हत्या करने वाले की कोई एज लिमिट नहीं है आप हाँ तो कीजिये।

चक्रधर : आप बड़े है, बेटी दामाद ख़ुशी–ख़ुशी रहेंगे, अब इनकी ख़ुशी से ज्यादा आपको क्या चाहिए पैसा तो आपका बच ही रहा है।

चारुलता : पापा हमने लाखों की जायदाद यूँ ही छोड़ दी आप मेरे लिए जेल नहीं जा सकते?

सत्यानन्द : ठीक है ठीक है, पर तुम्हें कागज अभी लिख कर देना होगा, तो फिर मैं...

गोपाल : तो आप अपना जुर्म कबूल कर रहे हो न, तो आप भी अभी लिख कर दीजिये।

चक्रधर : वैरी गुड जल्दी कीजिये पुलिस के आने से पहले अगर लिखा पढ़ी हो जाए तो सब अपने घर जा सकते हैं।

चारुलता : हाँ–हाँ क्यों नहीं, चक्रधर अंकल गवाह के तौर पर साइन भी करेंगे।

गोपाल : हाँ ये भी सही है गवाह के दस्तखत होने से ऐसा होगा जैसे चूने की दिवार पर पानी का छिड़काव।

चक्रधर : मैं इतनी आसानी से साइन नहीं करूंगा तुम्हे भी लिखकर देना पड़ेगा कि मैंने अपनी नीबू को नहीं मारा और तुम इसका जिक्र कहीं नहीं करोगे कागज पर मुझे ये लिखकर दो तभी मैं गवाह के रूप में साइन करूंगा।

सत्यानन्द : ठीक है ठीक है पागल है लिख दो इनके दिल को भी तस्सली मिल जाएगी।

चारुलता : हाँ चक्रधर अंकल हमारे हर काम में बराबर के हिस्सेदार है।

गोपाल : ठीक है सब लोग अपने–अपने कागज कलम ले लो।

चारुलता : पापा आपकी लिखाई समझ में नहीं आएगी तो थोड़ा साफ–साफ लिखना और गोपाल तुम्हरी इंग्लिश बहुत अच्छी है तो तुम हिंदी मे ही लिखना।

सत्यानन्द : कानून के तौर पर जायदाद में मुझे जो भी हक मिलेगा मैं सब छोड़ रही हूँ ठीक से पढो और साइन कर दो।

गोपाल : अमर नाम के इस लड़के को मैंने तैश मे आकर पुरानी दुश्मनी के कारण अपने हाथों से मारा है इसमें किसी और का हाथ नहीं है। ठीक से पढ़ लीजिये और दस्तखत कर दीजिये (सत्यानंद से)।

चक्रधर : मेरी बीवी लेट निर्मला चक्रधर की जन्म–मरण के बारे मे कभी भी कहीं भी किसी से किसी भी रूप मे प्रस्तावित नहीं करूंगा अगर किया तो 25 हजार रूपये जुर्माना दुंगाए बिना पढे साइन करो।

गोपाल : डैडी आप हम सब में सबसे बड़े हैं तो भगवान का नाम लेकर पहला दस्तखत आप कीजिये (सब एक दुसरे से पहले आप पहले आप करते हैं)...

चक्रधर : ये मामला इतनी आसानी से सुलझने वाला नहीं है। पुलिस के आने से पहले मुझे निकलना चाहिए।

चारूलता : अंकल एक मिनट रुकिए तो पापा फिर एक काम करेंगे हम सब एक साथ ही साइन करेंगे।

गोपाल : ओके मुझे कोई दिक्कत नहीं।

सत्यानन्द : हाँ–हाँ।

चक्रधर : ठीक है अपने–अपने कागज ले लो रेडी 1, 2, 3 गो साइन!

(जगन्नाथ प्रवेश करता है)

जगन्नाथ : हैलो, आप सबको एक बार फिर से गुड मोर्निंग।

गोपाल : तुम? पुलिस कहाँ है?

जगन्नाथ : पुलिस से हमारा क्या लेना देना ?

चक्रधर : हमारा? देखो कैसे अपनापन जता रहा है।

चारुलता : तो फिर वापिस क्यों आया?

जगन्नाथ : तो आपका मतलब मैं खिड़की से कूदकर भागा तो वापिस क्यों आया? वैरी सीम्पल इस लाश को ले जाने आया हूँ।

सत्यानन्द : लाश चाहिए रिक्शा का भाड़ा मैं दूंगा उसे जल्दी ले जाना है।

चक्रधर : तेरी जरुरत न हमें है न इस लाश को प्यार से यहाँ से चला जा।

गोपाल : अभी इसी वक्त।

जगन्नाथ : अगर नहीं ले जाऊँगा तो आप लोग मुझे मार देंगे, यही न मगर मेरी लाश को कोई एक लाख रूपये देकर खरीदेगा नहीं।

सत्यानन्द : एक लाख! तो इसका मतलब उस लड़के की लाश को एक लाख रुपया देकर...

जगन्नाथ : पार्टी खरीदने को तैयार है, अब बताइए उसे किसने मारा आप, आप या आप।

सत्यानन्द : नहीं उसे किसी ने नहीं मैंने मारा है, ये कागज देखो मैंने लिखकर दिया है अब बताओ एक लाख कौन देगा, कब देगा, क्यों देगा?

चारुलता : पापा आप जल्दबाजी मत कीजिये वैसे ही आप दिल के मरीज हैं किसी की जान लेंगे तो एक लाख रुपया मिलेगा।

चक्रधर : मेरे हिसाब से उसकी कीमत उतनी नहीं है।

जगन्नाथ : तो ठीक है अगर आप को यकीन नहीं है तो उस बेकार लाश को मुझे दे दीजिये मैं ले जाता हूँ।

गोपाल : नहीं जब तक पुलिस नहीं आती मुजरिम को अरेस्ट नहीं करती तब तक उस लाश को कोई हाथ नहीं लगाएगा।

सत्यानन्द : हाँ ठीक है मैं बताता हूँ वो लाश मेरी है, मैंने उसे मारा है, मेरी मर्जी है, ऐसा कर तू उसे ले जा।

जगन्नाथ : धन्यवाद सर सचमुच आप मेरे लिए भगवान हैं मेरी जिन्दगी में लॉटरी इतनी जल्दी लगेगी मैंने सोचा भी नहीं था।

सत्यानन्द : अरे ये क्या बोल रहा हैं लाश ले जा रहा है और इतना खुश है जैसे कोई खजाना हाथ लगा हो, बेटी मुझे कुछ शक हो रहा है।

चक्रधार : हाँ मुझे भी कुछ ऐसा ही लग रहा है।

गोपाल : जब तक पूरा मामला समझ में न आये उसे लाश छूने मत देना क्योंकि अगर वो सच बोल रहा है तो पूरा एक नहीं, दो हजार नहीं, एक लाख रुपया है, सोचना पड़ेगा, जगन मामला क्या है साफ–साफ बताओ। अगर हम सब को यकीन होगा तभी तुम्हें लाश मिलेगी।

जगन्नाथ : ठीक है, सुनो इस लड़के का नाम अमर है, बाप का नाम, दमन है, ये बहुत गरीब लोग हैं इसका बाप एक जमींदार के घर में काम करता था, उसी ने इसकी पढ़ाई के लिए मदद की, अचानक वो बीमार हो गया और डॉक्टर ने बताया कि किडनी बदलनी होगी तभी वो जिंदा बच पायेगा।

गोपाल : तो इसका मतलब ये लाश हम देंगे तो इसकी किडनी इस्तेमाल करेंगे और वो बच जायेगा यही न?

जगन्नाथ : बिलकुल ठीक और सच बात यह है कि इत्तेफाक से इस इस लड़के और जमींदार का ब्लड ग्रुप एक ही है इसलिए वो एक लाख रुपया देने के लिए तैयार है।

चक्रधर : मगर ये सब बातें तुझे कैसे मालूम?

जनन्नाथ : उस जमींदार को मैं अच्छी तरह से जनता हूँ और इस लड़के अमर को तो मैं पहले से जानता हूँ, अगर मैं आपकी नीबू के बारे में जानता हूँ तो इस लड़के के बारे में बता पाना कोई बड़ी बात नहीं जब मैंने इसे उस कमरे में देखा तो मुझे जमींदार की याद आ गयी और खिड़की से भाग गया मैं सब बातें तय करके आया हूँ, अब तो यकीन करेंगे न आप?

गोपाल : माय गॉड उस लाश के लिए एक लाख!

चारुलता : गोपाल जरा जल्दी बाजार जाकर बरफ और नेथ्थलिन टैबलेट लेकर आओ।

सत्यानन्द : गोपाल को छोटी–छोटी बातों के लिए परेशान मत करो मैं हूँ न...मैं लेकर आता हूँ, फूल माला भी ले आऊंगा...तुम कहो तो।

गोपाल : ठीक है सब कुछ बताया पर उस जमींदार का नाम पता कुछ नहीं बताया?

जगन्नाथ : नाम और एड्रेस बताने से पहले मुझे क्या मिलेगा ये बताओ ?

चक्रधर : तो इस एक लाख में तुम्हें भी हिस्सा चाहिए ?

जगन्नाथ : मुझे मेरा हिस्सा चाहिए अगर मैं वापिस नहीं आता और सब कुछ नहीं बताता तो तुम पैसे ले कर ठिकाने लगा देते, हम सब को मालूम है कि उस लड़के को गोपाल ने मारा है और ये शुभ समाचार मैं लाया हूँ तो सबसे ज्यादा हिस्सा हमारा बनता है। हम दोनों को 35–35 हजार दे दो और बाकि 30 आपस में बाँट लो।

सत्यानन्द : बिलकुल सही, तुमने बिलकुल सही बंटवारा किया मगर एक बात है इतनी दूर ले जाने के बावजूद भी अगर ये लाश काम ना आई तो मेरा दिल वहीं बैठ जायेगा।

गोपाल : ठीक है ठीक है, अब तो एड्रेस बता दो?

जगन्नाथ : मैं सब इन्तजाम करके आया हूँ बाहर जाकर जमींदार को फोन करते हैं वो एम्बुलेंस भेजेंगे, तब तक उस लाश को कमरे से यहाँ ले आओ।

सत्यानन्द : इसका मतलब बैंक जा कर पैसे लेने जैसा है। बस चेक बुक की जगह लाश लेने जा रहे हैं।

जगन्नाथ : ठीक है मैं फोन करके आता हूँ।

(जगन्नाथ जाता है)

चक्रधर : गोपाल चलो लाश को यहाँ ले आते हैं। क्या सोच रहे हो?

गोपाल : मेरी समझ में नहीं आ रहा कि हमें जमींदार की जान बचाने के लिए खुश होना चाहिए या लड़के की जान लेने के लिए अफसोस करना चाहिए।

सत्यानन्द : तुम फिजूल में चिंता मत करो एक बात याद रखो इस जैसे गरीब कितने ही मरें पर एक आमिर की जान बच रही है उस पर खुश होना चाहिए और यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए।

चक्रधर : आप जबसे आये हो पहली बार अक्ल की बात की है चलो गोपाल।

चारुलता : (चीखती है) भूत–भूत, भागो–भागो।

(अमर आता है।)

अमर : मैं अमर हूँ, कोई भूत नहीं। सर मैं अमर हूँ। पता नहीं मैं उस कमरे में क्यूँ सो गया ? मैं आपसे ही पूछ रहा हूँ सर।

गोपाल : तो इसका मतलब तुम मरे नहीं?

अमर : नहीं सर।

चक्रधर : गोपाल क्या वो सच में जिन्दा है, जरा उसके पैर देखो कहीं उल्टे तो नहीं।

गोपाल : चारू – चारू तुम कहाँ हो, अच्छा यंही हो मैं बहुत खुश हूँ ये जिन्दा है मैंने किसी को नहीं मारा।

चारूलता : ये सचमुच भूत नहीं है।

गोपाल : नहीं ये भूत नहीं है सचमुच जिन्दा, मैं खुनी नहीं हूँ मैं खुश हूँ।

अमर : सर मेरे पैसे दिलवा दीजिये मुझे अपने बाप को बचाना है।

चक्रधर : गोपाल जरा देखो तो कहीं तुम्हारे ससुर निकल तो नहीं लिए।

गोपाल : कहाँ गए अरे गए भी तो कोई परवाह नहीं। हंसी–खुशी रहूँगा, पापा आप ठीक हैं ना?

सत्यानन्द : मुझे बहुत अफसोस हो रहा है।

चारुलता : पापा किसके बारे में बात कर रहे हो?

अमर : सर मुझे थोड़ा चक्कर आ रहा है, पैसे मिल जाएँ तो मैं जाऊं।

गोपाल : ठीक है मैं पैसे जरूर दूंगा पर मैं जरा फ्रेश होकर आता हूँ। मैं अपनी माँ की सोने की थाली बेच कर पैसे दे दूंगा।

अमर : थैंक यू सर!

चक्रधर : गोपाल तुम क्या पागल हो गए हो इसमें इतना खुश हो रहे हो मुझे पूरे 1 लाख का नुकसान हो गया। ऐसा लग रहा है हाथ को आया मुँह को ना लगा।

सत्यानन्द : लगता है मेरी लॉटरी का टिकेट हवा में उड़ गया...मेरा टाइम खराब चल रहा है।

चारुलता : गोपाल क्या तुम सचमुच उस थाली को बेच दोगे?

गोपाल : हाँ बिलकुल मुझे शांति चाहिए। मैं सोने–चाँदी की परवाह नहीं करता।

चारुलता : तो पापा जो कागज मैंने आपको लिख कर दिया है वो आप मुझे वापिस कर दो।

सत्यानन्द : नहीं बिलकुल नहीं, मैंने खून अपने सर लिए तभी तो तुमने लिख कर दिया अब वो जिन्दा हो गया तो मेरी क्या गलती।

चक्रधर : बिलकुल ठीक अब भी वक्त है, कोई भी किसी को भी मार सकता है, अंकल जेल जाने को तैयार हैं।

सत्यानन्द : हाँ–हाँ बिलकुल एग्रीमेंट इज एग्रीमेंट।

चक्रधर : गोपाल जरा ठन्डे दिमाग से सोचो अगर ये लड़का फिर से मर गया तो एक लाख रूपए और जुर्म कुबूल करने के लिए आदमी तैयार है।

सत्यानन्द : और उपर से दस लोगो की जान बचाने वाले जमींदार को भी बचा सकते हैं।

चारूलता : आपका क्या कहना है ठीक से बताइए?

गोपाल : कोई जरुरत नहीं है मैं सब समझ गया आप उस जमींदार को बचाने के बहाने उस एक लाख रूपए के लिए इस लड़के को... नहीं नहीं मैं नहीं मानता, गलती से अगर कुछ हो जाये तो ठीक पर जानबूझ कर मैं ये नहीं कर सकता मैं कोई धरमात्मा नहीं हूँ मगर सिर्फ पैसों के लिए किसी की जान ले लूं मैं ये नहीं कर सकता। चारू तुम अंदर चलो।

चारुलता : तो पापा आप वो कागज नहीं देंगे?

सत्यानन्द : नहीं।

चारुलता : तुमने अपनी बेटी को ही धोखा दिया, तुम्हारा भी पूरा सत्यानाश होगा।

चक्रधर : अंकल– अंकल...हाँ–हाँ वही भैया, देखो ये तुम्हारी बेटी है अगर वो रोएगी तो आपका ही नुक्सान होगा उसे तो बक्श दो।

सत्यानन्द : तुम्हारा मतलब है मैं एक लाख का जायदाद यूँ ही छोड़ दूं और कागज फाड़ दूं?

चक्रधर : ऐसा मैंने कब कहा इस एक लाख को कमाने का कोई और तरीका हो तो सोचा।

सत्यानन्द : मतलब?

अमर : सर मैंने गोपाल जी को बहुत गलत समझा वो तो बहुत नेकदिल इंसान हैं, मेरे पिताजी को बचाने के लिए वो पैसे देने को भी तैयार हो गए।

चक्रधर : हाँ–हाँ वो तो पैसे दे ही देगा पर चारू बहुत दुखी होगी।

सत्यानन्द : ठीक है जो करना है करो, थाली बेचो और रोओ मेरा काम तो हो गया मैं जा रहा हूँ।

चक्रधर : ठीक है आपको परवाह नहीं तो कोई बात नहीं पर मकान मालिक होने के नाते मैं कुछ करूंगा, अमर मैं तुम्हें पैसे दूंगा।

सत्यानन्द : अच्छा तुम इस मदद की बात कर रहे हो यह तो मैं भी कर सकता हूँ मैं तुझे पैसे दूंगा।

चक्रधर : अरे अंकल इसे छोड़ दो मैं पैसे दूंगा।

सत्यानन्द : नहीं ये हमारे घर आया मैं इसे पैसे दूंगा।

अमर : सर मुझे छोड़ दीजिये पहले ही मेरी तबियत ख़राब है और मत मारिये।

सत्यानन्द : बहुत अच्छा सुना आपने क्या बोला चलो 50–50 कर लेते हैं।

अमर : तो क्या आप दोनों मिलकर पैसे देंगे?

चक्रधर : हाँ–हाँ तुझे जो पैसे देने है वो हम मिलकर देंगे अच्छा एक बात बता जिस जमींदार ने तेरी मदद की उसका नाम पता बता।

अमर : क्या आप भी उसे जानते हैं? (अपने जेब से एक कार्ड देते हुए) इस पर लिखा है।

चक्रधर : अंकल हमारा काम ख़त्म नाम और एड्रेस पता चल गया, जगन्नाथ के आने से पहले ये किस्सा खत्म करना होगा।

अमर : मतलब?

चक्रधर : अरे कुछ नहीं जिस जमींदार ने तुम्हारी मदद की वो बीमार है और किसी हॉस्पिटल में एडमिट है अगर तुम मर जाओगे तो किडनी उसे दे देंगे।

सत्यानन्द : तुम्हें मार देंगे और आधा–आधा बाँट लेंगे।

अमर : सर मैंने आपका क्या बिगाड़ा है?

चक्रधर : अगर कोई तेरी लाश के लिए एक लाख दे रहा तो तू जिंदा कैसे रह सकता है।

सत्यानन्द : अगर हम छोड़ देंगे तो जगन्नाथ मार देगा।

अमर : नहीं सर छोड़ दीजिये, पैसे नहीं चाहिए (भागा–दौड़ी)।

चक्रधर : अब फैसला हो गया, फैसला होने के बाद काम नहीं रुकेगा तुम जी कर क्या करोगे जा मर जा और खुश रह किसी गरीब का मरना शादी से कम नहीं, भैया टाइम नहीं है अब इसे बजा दो (सभी संघर्ष करते हैं।)।

चक्रधर : मैं जल्दी जा कर टैक्सी लाता हूँ अगर गोपाल आये तो?

(गोपाल का प्रवेश)

गोपाल : क्या हो रहा है यहाँ ये फिर नीचे गिर गया, अमर अमर?

सत्यानन्द : इस बार वो सच में मार गया।

गोपाल : मर गया मतलब तुम लोगों ने...

चक्रधर : अब ये लाश हमारी है।

गोपाल : तुम लोग कैसे इंसान हो पैसे के लिए एक इंसान को मार डाला।

चक्रधर : पहले हमने सोचा था तुमने इसे गलती से मारा अब हमने जानबूझ कर मारा कोई ज्यादा फर्क नहीं है।

सत्यानन्द : हम नहीं मारते तो जगन्नाथ मार देता और पूरा पैसा अकेला ले लेता।

गोपाल : मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा चारू (चक्कर आते हैं)

(जगन्नाथ का प्रवेश)

जगन्नाथ : नमस्कार, लगता है सभी मेरा इंतजार कर रहे हैं पैसे के लिए मैं ईमान बेचने को तैयार हो गया था पर किस्मत ने साथ नहीं दिया खैर मुझे एक सनसनी खेज खबर मिली है वही मेरे लिए दस लाख की है।

चक्रधर : क्या मतलब?

सत्यानन्द : जल्दी बोलो।

जगन्नाथ : मैंने जिस जमींदार के बारे में बतया था ना वो थोड़ी देर पहले चल बसे अब इस लाश की जरुरत नहीं।

गोपाल : तुम लोगों ने सिर्फ अमर को नहीं मारा अच्छाई और इंसानियत दोनों को मारा है। हे भगवान स्वार्थी हो कर पैसों के लिए इंसान प्यार–मोहब्ब्त सब कुछ भूल कर हैवान बन रहा है। हमें क्षमा मत करना हम इंसानों को नहीं हम हैवानों को क्षमा मत करना।

समाप्त

आदिम गीत

वॉइस ओवर–

एक बार की बात है एक सुंदर जंगल था

जहाँ, ऊँचे–ऊँचे पेड़ थे, संगीत मीठा गूंजता

कल कल बहते झरने, मानों प्रेम कहानी कहते

फूल ऐसे झूमते, मानों चुपके से कुछ कहते

पंछी अपने रंग बिरंगे पंखों को फैला कर चित्रकारी थे करते

जानवर हो बेखौफ जंगल में घूमा करते, जंगल में घूमा करते

दृश्य 2

बूढा बंदर कहानी सुना रहा है और उसके चारो ओर जानवर कहानी सुन रहे हैं।

बंदर: आकाश को चीर देने वाली बिजली चमकी जिसने पूरे जंगले को चकाचौंध कर दिया। बहरा कर देने वाली बादलों की गढ़गढ़ाहट के साथ बुँदे तेजी से बरसने लगी। जैसे किसी दुश्मन फौज ने आक्रमण कर दिया हो, वो सूखी पत्तियों पर गिर कर बिखेरने लगी, चारों ओर तेज हवाओं की चीत्कार सुनाई दे रही थी। इस तरह पूरा जंगल बारिश और तूफान से थर्रा उठा। उसी भयानक रात में एक बन्दर माँ ने एक छोटे से बच्चे को जन्म दिया।

जानवर बच्चे: हैप्पी बर्थडे टू यू, हैप्पी बर्थडे टू यू।

जानवर बंदर माँ और छोटे बंदर को घेर लेते है, माँ छोटे बंदर को गोद से उतार देती है वह लड़खड़ा कर चलना सीखता है, फिर उछलना सीखता है, बच्चे मदद करते हैं वह बच्चों के साथ खेलता है दो साल का हो जाता है।

छोटा बंदर: माँ मैं कौन हूँ? मैं कहाँ से आया?

माँ को थोड़ी सी हैरानी हुई किन्तु वो अपने बच्चे की बातों को सुन कर बहुत खुश होते हुए

माँ: हम सब बंदर हैं मेरे प्यारे बच्चे और मैं तुम्हारी माँ हूँ. (बच्चे को उठा कर वो पेड़ पर चढ़ाती है)

छोटा बंदर: माँ ये दुनिया कभी तिरछी तो कभी उलटी सी क्यूँ लगती है?

माँ: बेटा दुनिया तो सीधी है पर (स्वयं से) तुझे उलटी क्यूँ लगती है?

छोटा बंदर: माँ एक ही पेड़ का कोई फल खट्टा कोई फल मीठा क्यूँ लगता है?

माँ: कच्चा फल खट्टा पका फल मीठा होता है।

छोटा बंदर: मैं उड़ने की कोशिश करता हूँ पर उड़ क्यूँ नहीं पता ?

माँ : क्योंकि तुम बंदर हो चिड़िया नहीं तुम्हारे पास पंख नहीं है न।

छोटा बंदर : तो मुझे पंख ला दो न, मुझे उड़ना है, बादलों के उपर, वहां उन पहाड़ों के बीच, फूलों की घाटियों के ऊपर, माँ–माँ ला दो न।

माँ : ठीक है ला दूँगी पर तब तक तुम उड़ने की कोशिश नहीं करोगे। तुमको चोट भी लग सकती है।

छोटा बंदर : ठीक है माँ। सूरज ऐसे क्यों करता है?

माँ : अब वो क्या करता है?

छोटा बंदर : इधर से आता है उधर को जाता है फिर इधर से कैसे आता है?

माँ : वो..

छोटा बंदर : चंदा भी ऐसा करता है कभी गोल हो जाता है कभी मोटा कभी पतला, कुछ समझ नहीं आता।

माँ : हाँ दोनों बहुत शरारत करते हैं, कुछ समझ नहीं आता...आओ मेरे साथ (माँ छोटे बंदर को संत बन्दर जी के पास ले कर जाती है)

संत बंदर के पास बालक जानवर बैठे हैं जो जोर–जोर से पहाड़े रट रहे हैं, साथ ही माँ बंदर छोटे बंदर के बारे में, सवालों के बारे में संत बंदर से मूक अभिनय से बता रही है। दो पहाड़े बोलने बाद आवाज धीमी करते हैं फिर बिना आवाज के पहाड़े बोलने का मूक अभिनय करते हैं।

संत बंदर : अगर ये इतनी छोटी सी उम्र में ऐसे सवाल करता है तो इसके महान आदमी बनने का पूरा खतरा है।

छोटा बंदर : क्या सवाल करना गलत बात है ?

संत बंदर : इस दुनिया में मुह बंद रखने में ही भलाई है, इसी वजह से सभी मेरी इज्जत करते हैं। ये संसार हमेशा से ऐसा ही है तुम्हें ये तिरछा दिखता है और मुझे अक्सर उल्टा दिखाई देता है, मगर क्या मैंने किसी से पुछा ऐसा क्यूँ? कैसे, क्या, क्यूँ ? ये सब बेवकूफाना सवाल हैं. लॉजिक, तर्क से केवल जबान तेज होती है, दिमाग तेज नहीं होता ज्ञान में बढ़ोतरी नहीं होती. ये जंगल रसभरे ,स्वादिष्ट फलों से भरा हुआ है जाओ उनका लुत्फ उठाओ, तब तुम्हें पता चलेगा कि खाने से बढ़ कर कोई सुख नहीं है।

संत जी फिर से सोच में डूब जाते हैं और दोनों भी जाते हैं, बच्चों की आवाज ऊँची होती जाती है। छुट्टी की घंटी और बच्चों का शोर।

दृश्य 3

जानवर खेल कूद रहे हैं, बुलाने पर भी छोटा बंदर जो अब जवान हो चुका है, उनके साथ नहीं खेलता, वह अकेला सोच में डूबा रहता है। तभी अखबार का पन्ना उड़ कर आता है, वह उसे पढता है, मंच पर मानव क्रमिक विकास की झांकी उभरती है। बंदर उसे उत्सुकता से देखता है। बंदर अखबार ले कर संत बन्दर के पास जाता है।

दृश्य 4

संत बंदर योगासन कर रहे हैं।

छोटा बंदर : बाबा एक सवाल है ?

संत बंदर : ह्म्म्म सक्षेप में ...

छोटा बंदर : बाबा इस अखबार में लिखा है कि ''इन्सान बंदर से विकसित हुआ'' क्या ये सच है?

संत बंदर : सब अपनी जानकारी के हिसाब से लिखते हैं, जरूरी नहीं कि हम हर बात पर यकीन करें।

छोटा बंदर : मैं खुद इस बात की सच्चाई तक पहुंचना चाहता हूँ।

संत बंदर : आखिर तुम करना क्या चाहते हो ?

छोटा बंदर : मैं इन्सान के पास जाना चाहता हूँ।

संत बंदर : हर बात अपने ही अनुभव से सीखना बेवकूफी है, तुम्हें नहीं मालूम... इंसान बड़ा दुष्ट होता है।

छोटा बंदर : आप मुझे इस काम के लिए आशीर्वाद दे दीजिये, मैं जा रहा हूँ।

संत बंदर : ठीक है जाओ। एक साधक का पथ भी क्या एक पूंछ से अवरुद्ध किया जा सकता है ?

दृश्य 5

छोटा बंदर जाने की सारी तैयारियां करता है। जंगल के सभी जानवर रास्ते के लिए कुछ सामान देते है गले लगाते हैं।

माँ बंदर : (रोते हुए) भूलना मत बेटा, मैं तुम्हरा बेसब्री से इंतजार करुँगी।

बंदर जाता है सभी विदा करते हैं। जैसे ही छोटा बंदर इंसानों की बस्ती के पास पहुंचता है। एक फंदा उसके गले में फंस जाता है। एक मदारी निकल कर आता है। बन्दर हैरानी से उसे देखता है।

मदारी : मैं तुम्हारा मालिक हूँ। (फंदे को खींच कर) बिल्ली की तरह करतब दिखाओ। (छड़ी से बहुत मारता है)

बन्दर : (निढाल हो कर)मालिक मैं तो बंदर हूँ, मैं बिल्ली की तरह कैसे करतब करूँ?

मदारी : तो ठीक है, बंदर की कोई ट्रिक दिखाओ।

वो मरता है और बंदर बचने के लिए कूदता है, मदारी उसे खदेड़ता हुआ ले जाता, उसके करतब दिखाता, और खूब पैसा कमाता, फिर घर पहुँच कर बंदर को थोडा सा खाना देता है और खुद भी खा के सो जाता, बंदर कई बार भागने की असफल कोशिश करता है, अगले दिन मदारी फिर उसे सड़कों पर परेड करवाता है, करतब करने को मजबूर करता है, वह बंदर को नए करतब सिखाता है, छड़ी मारता है।

बंदर : तुम मुझे क्यूँ मारते हो ? क्या मैं तुम्हारी तरह जीवित प्राणी नहीं हूँ ? क्या सभी की तरह मुझे दर्द नहीं होता ?

मदारी : ये दुनिया एक भाषा समझती है, मार की। इस छड़ी की भाषा, ये मैंने अपने अनुभव से सीखा है। तुम्हारी बात सुन कर मुझे लगता है कि तुम पर दया करनी चाहिए, इसलिए आज 4 की जगह 2 छड़ी खाओ। जब इन्सान ही जीने के लिए बंदर के करतबों का सहारा ले रहा हो तो असली बंदर कि परवाह कौन करेगा। चल..

बंदर चुपचाप उसके पीछे चलता है। मदारी तमाशा दिखाने के लिए लोगों को बुलाता है, बंदर भी नाचता है, लोग तमाशा देखते है पर पैसे तीन चार लोग ही देते हैं।

आदमी : भाई तुम्हारा तमाशा पुराना हो गया कुछ नया दिखाओ।

मदारी : हाँ भैया, पापी पेट का सवाल है, कुछ तो करना ही पड़ेगा।

अब लोगो पर हंसी मजाक का असर कम हो गया है अब उनकी दया भावना का इस्तेमाल करना पड़ेगा। (बंदर को बांध देता है बंदर उसे संदेह से देखता है) मेरे दोस्त, ये दुनिया बहुत पापी है हमें इसे देखना पड़ेगा, क्योंकि हमारे पास आंखें हैं। मैं इसका बोझ ढो रहा हूँ क्योंकि देख सकता हूँ और ये ये तुम पर भी लागू होती है।

(बंदर उसे नादानी से देखता है, मदारी लोहे की छड़ गरम करता है)

मदारी : समझने कि कोशिश करो, भूखों मरने से बेहतर है अँधा हो जाना। लोग दयाल हैं, जब वो अंधे बंदर को देखेंगे तो दया की भीख जरूर देंगे। तुम चिंता मत करो में तुम्हारी आखें बिना दर्द किये निकालूँगा।

(बंदर मदारी को घृणा से देखता है।)

बंदर : क्या तुम वाकई इंसान हो ?

मदारी : हाँ तभी तो मुझे आडिया आते हैं, तुम जानवर हो, क्या तुम हमारी तरह सोच सकते हो ?

मदारी सुलगती छड़ ले कर बंदर की ओर बढता है, तभी एक धमाका होता है। मंच पर चारों तरफ अफरा तफरी मच जाती है। चारों और चीख पुकार का शोर होने लगता है। मदारी भी हड़बड़ा जाता है। उसके गले से फंदा निकल देता है

मदारी : दोस्त, जाओ मैं तुम्हें इस दुनिया को देखने का मौका देता हूँ। मदारी उसे छोड़ कर भाग जाता है, बन्दर बचने के लिए इधर– उधर भागता है। धमाकों के बीच कुछ लाठी हथियार धारी उसे घेर लेते हैं। कौन है तू? हिन्दू या मुसलमान? बता...

बंदर : (घबरा कर) मैं बंदर हूँ।

लाठी धारी : इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

वे सब बंदर को मारने के लिए लाठियां हवा में उठा लेते हैं अपने सर को बचाने के लिए बंदर ने अपनी करतबी गुलाटी मारी, मगर फिर भी एक जोरदार लाठी के वार से उसके पैर की हड्डी टूट जाती है और वह बेहोश हो जाता है।

दृश्य 6

अस्पताल में घायल लोग कराह रहे हैं। नर्सें तिमारदारी कर रही हैं। बंदर के पैर पर पट्टी बंधी हुयी है।

डॉक्टर : तुम किस्मत वाले हो जो बच गए लेकिन...

(बंदर भावहीन नजरों से डॉक्टर को देखता है)

तुम अब एक पैर पर नहीं चल पाओगे।

(नर्स उसे बैसाखी देती है। बन्दर बैसाखी ले कर फूट फूट कर रोता है)

बंदर : लेकिन मैं जाऊंगा कहाँ ?

डॉक्टर : तुम आजाद हो जैसे चाहो जी सकते हो।

सर्कस मालिक : मैं सर्कस कंपनी का मालिक हूँ ,मैं तुम्हें अपने साथ ले चलूँगा।

(बंदर को अपने साथ ले जाता है।)

दृश्य 7

बंदर : आपके सर्कस में मैं क्या करूँगा?

सर्कस मालिक : जनता का मनोरंजन। (पिंजरे में डाल देता है)

बंदर : क्या मैं तकलीफ होने पर रो सकता हूँ ?

सर्कस मालिक : हाँ लेकिन खामोशी से। (जाता है)

बंदर : (पिंजरों में कैद जानवरों से) तुम सब कहाँ से आये हो?

जानवर : कहाँ से क्या? हम यहीं पले बढ़े हैं।

बंदर : तुम्हें यहाँ अच्छा लगता है ?

जानवर : क्यूँ नहीं ? हमें रोज कुछ मीट के टुकड़े खाने को मिलते है। तुम कहाँ से आये हो ?

बंदर : तुम्हें यहाँ अच्छा लगता है? मैं जंगल से आया हूँ?

जानवर : जंगल से, वो कहाँ हैं? वहां तुम्हें खाना कौन देता है ?

बंदर : वहां खाने की कोई कमी नहीं, ओह ! तुमने वो एक अद्भुत दुनियां नहीं देखी है। पेड़, पक्षी, पहाड़, सूर्योदय.....तुम लोग कल्पना भी नहीं कर सकते...(खो जाता है धीमे–धीमे एक बार की बात है गीत गुनगुनाता है)

सर्कस ड्रम, संगीत आदि का स्वर ,सभी जानवर अपने अपने करतब दिखाते हैं, बंदर भी एक पैर से करतब दिखता है, तालियों की तेज आवाजें आती हैं.

सर्कस मालिक उसकी पीठ थपथपाता है, फिर से बंदर करतब दिखता है पर तालियाँ नहीं बजती।

सर्कस मालिक : (सहायक से) लोगों को इसके करतब पसंद नहीं आ रहे, इसे बांसुरी बजाना सिखाओ। (बांसुरी उसकी ओर फेकता है।)

बंदर बांसुरी बजाने की कोशिश करता है, सहायक मारता है। प्रयास के बाद धुन निकलने लगती है, सहायक जाता है, अब बन्दर अकेला मार्मिक धुन बजा रहा है, तालिओं का स्वर गूंज उठता है।

बूढा बन्दर : उसके आलावा कोई नहीं जनता था कि वो धुन नहीं उसके आंसू हैं। जैसे जैसे जिंदगी असहनीय होती गयी बांसुरी से नयी धुनें निकलने लगी, जो माँ की लोरी, हवाओं की झंकार, झरने के उदास गीत जैसे लगती। वो लोग उसे जब तब गहरी नींद से उठा कर स्टेज पर पटक देते। वक्त के साथ साथ बंदर को जगह जगह ले जाया जाने लगा। एक बार सर्कस कंपनी ने जंगल के पास कैम्प लगाया। चारो ओर मात्र भूमि की खुशबू फैली हुई थी।

मंच के एक हिस्से में पिंजरे से बंधा बंदर अपने जंगल को पहचान जाता है, वो जोर–जोर से चिल्लाना चाहता है, पूरी ताकत से पिंजरे से बंधी रस्सी को खींचता है और जोश के साथ दौड़ता है। अपने पैरों को घसीटता हुआ, हांफता, कांपता, रोता,अपनी चोटों को नजरंदाज करता हुआ वो लगातार जंगल की ओर भागता है। पहुँच कर धरती को चूमता है। उसकी माँ और बाकि जानवर पहचान कर गले लगाते हैं। बंदर माँ रो–रो कर कभी उसके टूटे पैरों को सहलाती, कभी गले लगाती है। उसने माँ के आंसू पोंछे और सीधा संत बंदर बाबा के पास जा पहुंचा और जोर से पुकारता है।

बंदर : बाबा बाबा

संत बंदर : (बंदर को गले लगाते हैं, उसके टूटे पैर को देख कर) अनुभव से बढ़ कर कोई शिक्षक नहीं।

बंदर : बाबा, मैंने सत्य को पा लिया।

संत बंदर : (बंदर बाबा ने उसके पैरों को सहलाते हुए) हाँ ! मगर किस कीमत पर?

बंदर : बाबा, अगर विकास का अर्थ आसमानी इमारते बना लेने से है तो यह मानना सही नहीं, कि इंसान महान बंदर से विकसित हुआ है। दरअसल सत्य ये है कि बन्दर, इंसान से विकसित हुआ है। जो भी सत्य की खोज करना चाहता है उसे उसकी कीमत तो अदा करनी ही होगी, मुझे भी।

बूढा बंदर : मुझे भी ... (पैरों को घसीटता हुआ खामोशी से जंगल में चला जाता है, जंगल बांसुरी की धुन से गूँज उठता है।)

समाप्त